सूर्योदय 6:56 सूर्यास्त 6:14

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.0 न्यू | 18.0 अधि |
| धर्मशाला | 12.0 न्यू | 22.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,814.71 |
| निफ्टी | 25,571.25 |
| सोना | 1,55,900 |
| चांदी | 2,50,300 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 22 फरवरी 2026 | 11 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 56, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## जेपी नड्डा ने कसौली में लॉन्च की टिटनेस-डिप्थीरिया की नई वैक्सीन

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री बोले-भारत दवाइयां और वैक्सीन बनाने में वर्ल्ड लीडर, वैक्सीन के लिए केंद्रीय अनुसंधान संस्थान कसौली को दी बधाई

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को कसौली स्थित केंद्रीय अनुसंधान संस्थान (सीआरआई) में स्वदेशी रूप से निर्मित टिटनेस और वयस्क डिप्थीरिया (टीडी) वैक्सीन लॉन्च की। नड्डा ने केंद्रीय अनुसंधान संस्थान (सीआरआई) के वैज्ञानिकों, तकनीकी विशेषज्ञों और कर्मचारियों को बधाई दी और टिटनेस और वयस्क डिप्थीरिया (टीडी) वैक्सीन के स्वदेशी लॉन्चिंग को एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक अवसर बताया।

उन्होंने कहा कि यह लॉन्चिंग राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा की रक्षा और भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने स्वास्थ्य और औषधि क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किए हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी रूप से निर्मित टीडी वैक्सीन स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना की दिशा में एक ठोस कदम है।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय अनुसंधान संस्थान अप्रैल 2026 तक यूआईपी को 55 लाख खुराकें उपलब्ध कराएगा और भारत सरकार के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम को और मजबूत करने के लिए आगामी वर्षों में उत्पादन में धीरे-धीरे वृद्धि होने की उम्मीद है। मंत्री ने कहा कि भारत को व्यापक रूप से 'विश्व की औषधालय' के रूप में मान्यता प्राप्त है और यह विश्व स्तर पर अग्रणी टीका निर्माताओं में से एक है। उन्होंने आगे कहा कि विश्व



टीडी वैक्सीन की लॉन्चिंग करते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा। अनंत ज्ञान

स्वास्थ्य संगठन के नियामक प्रणालियों के वैश्विक मानकीकरण में भारत ने परिपक्वता स्तर 3 प्राप्त कर लिया है, जो इसके टीका नियामक ढांचे की मजबूती को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सीआरआई जैसे संस्थानों ने इन मानकों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत के वैश्विक एकजुटता प्रयासों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वैक्सीन मैत्री पहल के तहत भारत ने लगभग 100 देशों को टीके उपलब्ध कराए, जिनमें से 48 देशों को टीके मुफ्त में मिले। उन्होंने कहा कि सीआरआई जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों के योगदान से घरेलू और वैश्विक दोनों जरूरतों को पूरा करने की भारत की क्षमता मजबूत हुई है। नड्डा ने इस बात पर जोर दिया कि सीआरआई, गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस (जीएमपी) मानकों के तहत टीकों का निर्माण करने वाला पहला सरकारी संस्थान है, जो सार्वजनिक क्षेत्र की टीका निर्माण इकाइयों के आधुनिकीकरण और पुनरुद्धार को दर्शाता है।

### टिटनेस ?

**टिटनेस** एक बैक्टीरियल संक्रमण है, जो क्लॉस्ट्रिडियम टेटानी नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह बैक्टीरिया आमतौर पर मिट्टी, धूल और जानवरों की गंदगी में पाए जाते हैं। जब यह बैक्टीरिया किसी घाव, कट या चोट के माध्यम से शरीर में प्रवेश करता है, तो स्नायु तंत्र को प्रभावित करने वाला एक जहरीला टॉक्सिन छोड़ता है। टॉक्सिन मांसपेशियों में कठोरता और दर्दनाक ऐंठन पैदा करता है। इसके लक्षण मांसपेशियों की कठोरता, विशेषकर जबड़े व गर्दन में दर्द, निगलने व बोलने में कठिनाई, तेज बुखार व पसीना आता है।

### डिप्थीरिया ?

**डिप्थीरिया** कोराइनेबैक्टीरियम डिप्थीरिए नामक बैक्टीरिया के कारण होने वाला संक्रमण है। यह मुख्य रूप से सांस की नली, गले और त्वचा को प्रभावित करता है। यह बैक्टीरिया एक जहरीला टॉक्सिन पैदा करता है। यह टॉक्सिन शरीर में फैलकर हृदय, तंत्रिका तंत्र और किडनी को भी प्रभावित कर सकता है। संक्रमण से सांस लेने में कठिनाई, हृदय की समस्याएं, पक्षाघात और मृत्यु तक हो सकती है। इसके लक्षण गले में गाढ़ी सफेद व ग्रे परत या झिल्ली, गले में दर्द व सूजन, सांस लेने व निगलने में कठिनाई, तेज बुखार व कमजोरी आती है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### शिमला के होटल में मृत मिला ब्रिटिश नागरिक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के लोअर कैथू स्थित एक होटल में 86 वर्षीय ब्रिटिश नागरिक बैरी एल्विन मॉस का निधन हो गया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दे कि पुलिस को 21 फरवरी को देर रात करीब 12 बजे कैथू निवासी सूर्यवंशी ने फोन पर सूचना दी कि उनके होटल में ठहरे एक विदेशी नागरिक कमरे नंबर 103 में फर्श पर अचेत अवस्था में पड़ा हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी और उप पुलिस अधीक्षक तुरंत मौके पर पहुंचे। होटल स्टाफ से पूछताछ में पता चला कि मृतक बैरी एल्विन मॉस कमरा नंबर 103 में ठहरे थे। स्टाफ के अनुसार, उन्होंने शराब का सेवन किया था। बाद में जब उन्होंने दरवाजा नहीं खोला, तो स्टाफ ने कमरा खोलकर देखा और उन्हें फर्श पर गिरा पाया। इस संबंध में यूके दूतावास को सूचना भेज दी गई है और उजवाब के उपरांत भारतीय न्याय संहिता की धारा 194 के तहत नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### दिल्ली में आतंकी हमले का अलर्ट, एजेंसियां सतर्क

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में एक बार फिर आतंकी हमले की आशंका को लेकर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। इस खुफिया जानकारी के बाद राजधानी में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) दिल्ली में आईईडी हमले की साजिश रच रहा है। सूत्रों के अनुसार आतंकियों के निशाने पर ऐतिहासिक लाल किला स्थित मंदिर और उसके आसपास का इलाका हो सकता है। खासकर भीड़भाड़ वाले चांदनी चौक स्थित प्रमुख मंदिर को लेकर इनपुट मिला है। हालांकि आधिकारिक तौर पर किसी विशेष स्थल का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों ने संवेदनशील धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी है। (अनंत ज्ञान)

### अजित पवार का प्लेन क्रैश एक बड़ी साजिश: रोहित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के विधायक रोहित पवार ने शनिवार को अजित पवार के प्लेन क्रैश पर फिर सवाल उठाए। उन्होंने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्क्रीन पर डेटा और फोटो दिखाए। उन्होंने कहा कि ब्लैक बॉक्स को लेकर शक जताया जा रहा था। उनके मुताबिक, दुर्घटना के समय सिर्फ एक धमाका नहीं हुआ था, बल्कि कई धमाके हुए थे। विमान में सामान रखने वाली जगह पर अतिरिक्त पेट्रोल के डिब्बे रखे गए थे, जिससे आग भड़की। सभी पहलुओं की गहराई से जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर साजिश की बात करें तो यह दो तरह की हो सकती है, राजनीतिक या व्यावसायिक। अभी यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इस मामले में किस तरह की साजिश शामिल है। (अनंत ज्ञान)

## भारत-ब्राजील में होगा 20 अरब का ट्रेड

### पीएम मोदी बोले- ब्राजील लैटिन अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और ब्राजील के बीच क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ एलिमेंट्स को लेकर समझौता हुआ है। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और ब्राजील आने वाले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 बिलियन डॉलर से आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार केवल आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि पारस्परिक विश्वास और मजबूत रणनीतिक साझेदारी का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को हैदराबाद हाउस में ब्राजील के राष्ट्रपति लुई इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ संयुक्त पत्रकार वार्ता के दौरान यह बात कही।

उन्होंने कहा कि भारत-ब्राजील संबंधों को राष्ट्रपति लूला की दूरदृष्टि और प्रेरक नेतृत्व का लंबे समय से लाभ मिलता रहा है। बीते वर्षों में कई अवसरों पर हुई मुलाकातों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हर भेंट में उन्होंने भारत के प्रति राष्ट्रपति लूला की गहरी मित्रता और विश्वास को महसूस किया



है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति लूला ने ऐतिहासिक एआई इंपैक्ट समिट में भाग लेकर दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी को नई ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने राष्ट्रपति के साथ आए बड़े व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि यह दल दोनों देशों के बीच बढ़ते आर्थिक विश्वास का प्रतीक है।

**◆ ब्राजील के राष्ट्रपति ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की**

प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्राजील लैटिन अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत-मर्कोसुर व्यापार समझौते के विस्तार से आर्थिक सहयोग और सुदृढ़ होगा।

प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को विशेष महत्व देते हुए उन्होंने कहा कि यह साझेदारी न केवल दोनों देशों बल्कि पूरे ग्लोबल साउथ के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि ब्राजील में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना पर काम चल रहा है।

वहीं, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की। उन्होंने यह भी कहा, 'आतंकवाद किसी धर्म या राष्ट्रीयता से जुड़ा नहीं है।' (अनंत ज्ञान)

### समझौते के मुख्य बिंदु

**खनन, प्रोसेसिंग और रिसाइक्लिंग:** क्रिटिकल मिनरल्स (जैसे लिथियम, निकल, कोबाल्ट, ग्रेफाइट) और रेयर अर्थ एलिमेंट्स (ऋश्चश्च) पर फोकस।

**सप्लाई चेन डाइवर्सिफिकेशन:** चीन पर निर्भरता कम करना, खासकर श्वङ्क बैटरी, रिन्यूएबल एनर्जी और हाई-टेक इंडस्ट्री के लिए।

**टेक्नोलॉजी ट्रांसफर:** भारत की प्रोसेसिंग और रिफाइनिंग क्षमता ब्राजील के संसाधनों के साथ जोड़ी जाएगी।

**इन्वेस्टमेंट और जॉइंट वेंचर्स:** भारतीय कंपनियां ब्राजील में निवेश कर सकती हैं, जबकि ब्राजील भारतीय टेक्नोलॉजी और मार्केट एक्सेस चाहता है।

**ग्रीन ट्रांजिशन सपोर्ट:** क्लीन एनर्जी, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और एआई से जुड़े टेक्नोलॉजी के लिए जरूरी मिनरल्स की सुरक्षित आपूर्ति।

## तबीयत बिगड़ने पर एम्स पहुंचे सीएम चेकअप करवाकर हिमाचल सदन लौटे

### कुछ समय से पेट में संक्रमण संबंधी समस्या से जूझ रहे हैं मुख्यमंत्री

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की तबीयत अचानक बिगड़ गई। सुबह के समय



पेट में तेज दर्द की शिकायत के बाद उन्हें उपचार हेतु एम्स दिल्ली ले जाया गया। मुख्यमंत्री के स्वास्थ्य को लेकर राज्यभर में चिंता का माहौल बन गया, हालांकि चिकित्सकीय परीक्षणों के बाद राहत की खबर आई और उनका स्वास्थ्य पहले से बेहतर बताया गया। जांच उपरांत वे हिमाचल सदन लौट आए, जबकि विस्तृत चिकित्सकीय बुलेटिन की प्रतीक्षा की जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री को सुबह अचानक पेट में असहजता और दर्द महसूस हुआ। दर्द बढ़ने पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में विभिन्न जांचें कराई गईं। चिकित्सकों ने प्रारंभिक तौर पर स्थिति को नियंत्रित बताया है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री कुछ समय से पैंक्रियाज और पेट में संक्रमण संबंधी समस्या से जूझ रहे हैं और पूर्व में भी शिमला तथा दिल्ली में उपचार ले चुके हैं। ऐसे में एहतियात के तौर पर उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां आवश्यक परीक्षण और उपचार की प्रक्रिया पूरी की गई।

### राज्यसभा के दावेदारों में अब धनीराम शांडिल का भी नाम

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार और कैबिनेट मंत्रियों के दिल्ली दौरे ने राज्य में सियासी हलचल बढ़ा दी है। यह हलचल राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशी को लेकर है। राज्यसभा सांसद के लिए अब तक तीन प्रमुख नाम चर्चा में थे, लेकिन अब इनमें चौथा नाम जुड़ गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा, पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल के बाद इस सूची में चौथा नाम स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल का जुड़ा है। चर्चा है कि सीएम सुक्खू धनीराम शांडिल को राज्यसभा भेजकर हिमाचल कैबिनेट में भी संतुलन साधना चाहेंगे, क्योंकि शिमला संसदीय क्षेत्र से सुक्खू कैबिनेट में अभी पांच मंत्री हैं, जबकि मंडी, कांगड़ा और हमीरपुर संसदीय क्षेत्रों से सीएम-डिप्टी सीएम को मिलाकर छह मंत्री हैं। ऐसे में यदि धनीराम शांडिल को राज्यसभा भेजा जाता है तो उनके स्थान पर कांगड़ा संसदीय क्षेत्र को एक और मंत्री मिल सकता है। हालांकि, सुक्खू कैबिनेट में खाली पड़े एक पद पर कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर की ताजपोशी पहले ही तय मानी जा रही है।

## कांगड़ा का देश की सुरक्षा में रणनीतिक महत्व : वीके सिंह

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** मिजोरम के राज्यपाल एवं पूर्व थल सेना प्रमुख वीके सिंह शनिवार को कांगड़ा के गगल हवाई अड्डे पर पहुंचे। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि



धर्मशाला, कांगड़ा और योल आर्मी एरिया सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं।

कांगड़ा का देश की सुरक्षा और रणनीतिक महत्व के लिहाज से विशेष स्थान है। उन्होंने बताया कि वह एक आधिकारिक कार्य के सिलसिले में धर्मशाला पहुंचे हैं। एआई समिट को लेकर युवा कांग्रेस द्वारा किए गए प्रदर्शन के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि वह किसी राजनीतिक दल पर टिप्पणी नहीं करना चाहते, लेकिन जब बात देश के कार्य और देश की प्रतिष्ठा की हो, तो इस प्रकार के आरोप-प्रत्यारोप या लांछन लगाना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि होना चाहिए और देश की छवि से जुड़े आयोजनों में सभी को जिम्मेदारी के साथ आचरण करना चाहिए।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

▶▶ सतलुज में गाद का बढ़ा खतरा, प्रशासन अलर्ट -पेज 2

▶▶ हिमाचल में नई रोड ड्रेनेज नीति को मंजूरी -पेज 3

▶▶ बंक मारने वाले स्टूडेंट्स पर शिकंजा कसेंगे शिक्षण संस्थान -पेज 6

▶▶ बावड़ी के जल से ही होती है देवी चंडी चंडहारी की पूजा -पेज 9

▶▶ खस्ताहाल सुबाथू रोड पर मिट्टी और कूड़े की डंपिंग बनी परेशानी -पेज 12

## संविदा सेवा को पेंशन में जोड़ने संबंधी निर्देश वापस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने संविदा सेवा को पेंशन लाभ में जोड़ने संबंधी अपने हालिया निर्देश वापस ले लिए हैं। वित्त (पेंशन) विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार 16 फरवरी 2026 को जारी पत्र संख्या वित्त (पेंशन) ई (1)-1/2020, जिसमें संविदा सेवाकाल की गणना को लेकर स्पष्टीकरण दिया गया था, अब निरस्त कर दिया गया है। यह आदेश राज्यपाल की स्वीकृति से जारी किया गया है। वित्त विभाग के विशेष सचिव (वित्त) सौरभ जस्सल द्वारा प्रशासनिक सचिवों तथा सभी विभागाध्यक्षों को संबोधित पत्र में स्पष्ट किया गया है कि 16 फरवरी 2026 को जारी किए गए निर्देश, जो शीला देवी प्रकरण के संदर्भ में 10 जून 2024 के कार्यालय ज्ञापन के आधार पर जारी किए गए थे, अब प्रभावी नहीं रहेंगे। यह वापसी आदेश उसी तिथि से लागू मानी जाएगी जिस दिन पूर्व आदेश जारी हुआ था। बहरहाल सरकार के इस निर्णय के बाद संविदा सेवाकाल को पेंशन लाभ में शामिल करने को लेकर स्थिति फिर पूर्ववत हो गई है। विभागों को निर्देश दिया गया है कि वे इस संशोधित स्थिति के अनुसार ही आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

**◆ वित्त विभाग ने जारी किए नए निर्देश**

## ट्रंप बोले-भारत संग ट्रेड डील में कोई बदलाव नहीं

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ को रद्द कर दिया है। इसके कुछ घंटे बाद ही ट्रंप ने फिर से 10% टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। ऐसे में भारत पर लगे टैरिफ को लेकर यह भी सवाल उठ रहा है कि भारत को 18% टैरिफ देना होगा या 10%। इसकी दो वजह हैं- पहली राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि भारत के साथ ट्रेड डील पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह पहले की तरह आगे बढ़ेगी। वहीं, बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया ब्रिटेन, भारत और यूरोपीय संघ सहित अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करने वाले देशों को अब धारा 122 के तहत 10% वैश्विक टैरिफ का ही सामना करना पड़ेगा, न कि उस टैरिफ दर का जिस पर उन्होंने पहले बातचीत की थी। बीबीसी की रिपोर्ट सही मानें तो भारत पर कुल टैरिफ 18% घटकर 10% रह जाएगा, जबकि ट्रंप का बयान 18% टैरिफ की ओर इशारा कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

**◆ अमेरिकी अधिकारी ने कहा- अब 10% टैरिफ ही लगेगा**

हिमाचल प्रदेश सरकार का अभिनव प्रयास
सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में प्री-प्राइमरी शिक्षा

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

6000 से अधिक विद्यालयों में
बच्चों के समग्र विकास हेतु खुशहाल और सुरक्षित वातावरण में सीखने के अवसर

विशेषताएं—
1. प्रशिक्षित अध्यापकों द्वारा बच्चों के लिए गतिविधि एवं खेल आधारित रोचक शिक्षण
2. रंग-बिरंगे कमरे और बैठने की उचित व्यवस्था
3. पठन-पाठन की सामग्री एवं अन्य खेल सामग्री की उपलब्धता
4. बच्चे के विकास के पहलुओं का सतत आकलन
5. बच्चों की क्षमताओं और उपलब्धियों की अभिभावकों से विस्तृत चर्चा
6. बच्चों की माताओं के लिए पहली शिक्षक मां कार्यक्रम के अंतर्गत मासिक बैठकें

आईए, आज ही अपने 3-6 वर्षीय बच्चों का नामांकन नजदीक के सरकारी प्राथमिक विद्यालय की प्री-प्राइमरी कक्षाओं में कराएं।



प्रवेश आरंभ-
12 फरवरी, 2026 से
(शीतकालीन सत्र के विद्यालयों में)

SamagraShikhshaHP samagrashiksha_himachal SamagraHimachal SamagraShikshaHimachal

## न्यूज ब्रीफ

### नगर निगम शिमला का बजट जनता पर बोझ: कमलेश



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा महिला मोर्चा की राज्य सचिव एवं पार्षद कमलेश मेहता ने नगर निगम शिमला के 688 करोड़ रुपए के बजट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे जनता को भ्रमित करने वाला दस्तावेज करार दिया है। उन्होंने कहा कि जब निगम की वास्तविक आय लगभग 143 करोड़ रुपए बताई जा रही है, तब इतना बड़ा बजट प्रस्तुत करना केवल आंकड़ों का खेल है। मेहता ने आरोप लगाया कि संपत्ति कर और पानी शुल्क बढ़ाने जैसे निर्णय आम लोगों की जेब पर सीधा असर डालेंगे और इसे विकास का नाम देना वित्तीय कुप्रबंधन को छिपाने जैसा है। उन्होंने बजट में घोषित 14 खेल मैदान, 17 पार्किंग और 25 नई सड़कों जैसी परियोजनाओं पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इनके लिए स्पष्ट वित्तीय स्रोत और समयबद्ध कार्ययोजना का उल्लेख नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र से मिलने वाले लगभग 57 करोड़ रुपए के अनुदान पर निर्भरता निगम की कमजोर आर्थिक स्थिति को दर्शाती है। मेहता ने आरोप लगाया कि विपक्ष की पूर्ण भागीदारी के बिना बजट पेश किया जाना लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है और भाजपा इस मुद्दे को जनता के बीच उठाती रहेगी।

### रिज पर गुम हुआ 15 हजार की नकदी से भरा बैग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** पहाड़ों की रानी शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर उस वक्त एक सैलानी की धड़कनें तेज हो गईं, जब उसका बैग अचानक लापता हो गया। तमिलनाडु से घूमने आए पर्यटक के बैग में 15 हजार रुपए नकद और जरूरी कागजात मौजूद थे। 20 फरवरी को उसने मालरोड स्थित पुलिस रिपोर्टिंग कक्ष में सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए रिज क्षेत्र में खोजबीन शुरू की और आसपास लगे निगरानी कैमरों की फुटेज खंगाली। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने कुछ ही घंटों के भीतर बैग बरामद कर सुरक्षित रूप से पर्यटक को सौंप दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि रिज और मालरोड क्षेत्र देश-विदेश से आने वाले सैलानियों का प्रमुख आकर्षण केंद्र है, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि यहां तैनात पुलिस कर्मी चौबीसों घंटे सतर्क रहकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ पर्यटकों को हरसंभव सहायता प्रदान करते हैं।

### महिलाओं को ऐलोवेरा अर्क बनाने का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के नेहरा-घनयोग पंचायत में शनिवार को ग्रामीण महिलाओं के लिए ऐलोवेरा अर्क निर्माण का विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में 35 महिलाओं ने भाग लिया और प्रशिक्षिका पूनम बंसल ने उन्हें ऐलोवेरा से अर्क तैयार करने की संपूर्ण विधि विस्तार से समझाई। महिलाओं को कच्चे पत्तों की सफाई, गूदे को अलग करने और स्वच्छ तरीके से अर्क तैयार करने की प्रक्रिया का व्यवहारिक अभ्यास भी करवाया गया, जिससे वे घर पर ही इसे तैयार कर सकें। यह कार्यक्रम हेल्पिंग हैंड संस्था द्वारा सीएमएस फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए स्वरोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाना है, ताकि वे प्राकृतिक उत्पाद तैयार कर अपनी आमदनी बढ़ा सकें। महिलाओं ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि इस तरह के कौशल आधारित प्रशिक्षण से उन्हें आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में नई राह मिलेगी।

### पहाड़ी-पंजाबी धुनों से गूंजा गेयटी थियेटर का सभागार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला स्थित गेयटी थियेटर का बहुद्देशीय सभागार शनिवार को रंग, राग और उमंग से सरावोर नजर आया। छात्र संगठन द्वारा आयोजित सांस्कृतिक संध्या में पहाड़ी, पंजाबी और चलचित्र गीतों की मधुर प्रस्तुतियों ने ऐसा समां बांधा कि पूरा सभागार देर तक तालियों और सीटियों की गूंज से थर्राता रहा। छात्राओं ने 'चिट्टे सूट ते दाग पे गए' सहित विभिन्न लोक व लोकप्रिय गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में ऊर्जा, उत्साह और युवाओं का जोश साफ झलक रहा था। इस अवसर पर हिमुड़ा के अधिशासी अभियंता राजेश ठाकुर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं की रचनात्मक क्षमता को निखारने के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत को भी सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और पूरे वातावरण में उल्लास और आत्मीयता का आलम बना रहा।

# सर्वाइकल कैंसर पर वार, शिमला तैयार

## एक मार्च से सर्वे और 29 मार्च से हर रविवार होगा निशुल्क एचपीवी टीका

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** महिलाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल करते हुए शिमला जिला प्रशासन ने पहली बार सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध विशेष टीकाकरण अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। यह पहल आने वाली पीढ़ी को घातक बीमारी से सुरक्षित करने की दिशा में व्यापक सामाजिक संकल्प मानी जा रही है।

उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बताया गया कि एक मार्च से आशा कार्यकर्ता घर-घर सर्वे कर पात्र बालिकाओं की पहचान करेंगी। राष्ट्रव्यापी अभियान 29 मार्च से प्रारंभ होगा और तीन माह तक प्रत्येक रविवार को संचालित किया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार वे बालिकाएं पात्र होंगी जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है, लेकिन 15 वर्ष नहीं की है। विशेषज्ञों के अनुसार कम आयु में लगाया गया एचपीवी टीका सर्वाधिक प्रभावी होता है और इससे



बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त अनुपम कश्यप। अनंत ज्ञान

### ◆ जिले में कुल 39 टीकाकरण स्थल किए चिन्हित

लगभग 83 प्रतिशत तक सर्वाइकल कैंसर के मामलों की रोकथाम संभव है। जिले में 39 टीकाकरण केंद्र चिन्हित किए गए हैं, जिनमें शिमला शहर के पांच प्रमुख केंद्र शामिल हैं। निजी क्षेत्र में यह टीका लगभग दस हजार रुपए तक का हो सकता है, जबकि इस अभियान के तहत इसे पूर्णत: निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। टीकाकरण के बाद हल्का बुखार या इंजेक्शन स्थल पर मामूली दर्द जैसे सामान्य लक्षण हो सकते हैं, जिनकी निगरानी के लिए लाभार्थियों को 30 मिनट तक स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में रखा जाएगा।

पंजीकरण यू-विन पोर्टल पर आशा कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा और अभिभावकों की सहमति ओटीपी के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज होगी। प्रशासन ने सभी विभागों को समन्वित प्रयास सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि कोई भी पात्र बालिका इस जीवनरक्षक सुरक्षा से वंचित न रहे।

अभियान 29 मार्च से शुरू होगा और तीन माह तक प्रत्येक रविवार आयोजित किया जाएगा। एक मार्च से घर-घर सर्वे प्रारंभ होगा। पात्र आयु वर्ग 14 से 15 वर्ष की बालिकाएं हैं। टीकाकरण पूर्णत: निशुल्क है। पंजीकरण यू-विन पोर्टल पर होगा और अभिभावकों की सहमति अनिवार्य है। 35 और 45 वर्ष की आयु में नियमित जांच भी आवश्यक है।

# जिला परिषद शिमला के वार्डों का नया परिसीमन प्रस्ताव जारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला में जिला परिषद के वार्डों के परिसीमन को लेकर प्रशासन ने नया प्रस्ताव जारी कर दिया है। उपायुक्त कार्यालय शिमला की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार पंचायती राज अधिनियम 1994 तथा संबंधित नियमों के तहत यह प्रारूप तैयार किया गया है। प्रस्तावित परिसीमन में जिला परिषद शिमला के सभी 25 वार्डों की सीमाओं, ग्राम पंचायतों की संख्या और भौगोलिक स्थिति का विस्तृत उल्लेख किया गया है।

अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी व्यक्ति या संस्था को प्रस्तावित परिसीमन पर कोई आपत्ति या सुझाव देना हो तो वे 27 फरवरी तक उपायुक्त कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाली आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने लोगों से समय रहते अपने सुझाव दर्ज कराने की अपील की है। प्रस्ताव के तहत रामपुर, ननखड़ी, रोहड़ू, ठियोग, जुब्बल-कोटखाई, कुपवी, चौपाल, नारकंडा सहित विभिन्न विकास खंडों के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों को संबंधित वार्डों में समायोजित किया गया है। प्रत्येक वार्ड की सीमाएं उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम दिशा के आधार पर स्पष्ट रूप से दर्शाई गई हैं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद न हो।

### अधिसूचना के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश

**जिला** प्रशासन ने संबंधित विभागों, पंचायत समिति कार्यालयों और खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अधिसूचना की प्रति व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सार्वजनिक स्थलों पर चस्पा की जाए और आम जनता को इसकी जानकारी दी जाए। साथ ही जिला सूचना अधिकारी को इसे आधिकारिक जालस्थल पर तत्काल अपलोड करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि अंतिम निर्णय आपत्तियों के निस्तारण के बाद ही लिया जाएगा।

# एक फीसदी मार्केट फीस से बढ़ेगी महंगाई : संदीपनी

अनंत ज्ञान

◆ **कांग्रेस सरकार पर किसानों-बागवानों पर नया बोझ डालने का आरोप**

◆ **केंद्र की एफटीए पहल पर फैलाया जा रहा भ्रम**

**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि आर्थिक चुनौतियों से जूझ रही प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने फल-सब्जी कारोबार पर 1 प्रतिशत मार्केट फीस दोबारा लागू कर किसानों, बागवानों और व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। उनका कहना है कि वर्ष 2014 की अधिसूचना को निरस्त कर एपीएमसी के माध्यम से शुल्क वसूली शुरू की गई है, जिससे सरकार को अनुमानित 40 से 50 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होगी, लेकिन इसका सीधा असर मंडियों में कार्यरत आढ़तियों, निजी मार्केट यार्ड संचालकों और अन्य राज्यों से आने वाले कारोबारियों पर पड़ेगा तथा अंतत: यह भार आम उपभोक्ताओं की जेब तक पहुंचेगा।



भारद्वाज ने आरोप लगाया कि एक ओर राज्य सरकार किसानों पर शुल्क का दबाव बढ़ा रही है, वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार की ऐतिहासिक एफटीए पहल को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने इसे कांग्रेस की दोहरी नीति बताते हुए कहा कि अपनी नीतिगत विफलताओं का ठीकरा केंद्र पर फोड़ना उचित नहीं है। उनका कहना है कि भाजपा किसानों और बागवानों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर आवाज उठाती रहेगी और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध करती रहेगी।

# सतलुज में गाद का बढ़ा खतरा, प्रशासन अलर्ट

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के सुन्नी क्षेत्र में सतलुज नदी में लगातार जमा हो रही गाद ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। नदी के बहाव में आई रुकावट और किनारों पर बढ़ते दबाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने संभावित खतरे की गंभीरता को स्वीकार किया है। उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अनुपम कश्यप ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि स्थिति का समुचित आकलन कर विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत की जाए, ताकि समय रहते गाद निकालने की कार्रवाई आरंभ की जा सके।

उपायुक्त की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में सुन्नी क्षेत्र में गाद जमा होने की समस्या पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में वन विभाग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई और यह स्पष्ट किया गया कि गाद की बढ़ती मात्रा से नदी किनारे बसे घरों, कृषि भूमि और बुनियादी ढांचे पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। प्रशासन ने इस पूरे मामले को जनसुरक्षा से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील विषय मानते हुए त्वरित कार्रवाई पर बल दिया।

◆ **संवेदनशील क्षेत्र चिन्हित करने के निर्देश, गाद हटाने की प्रक्रिया जल्द शुरू करने की तैयारी**

◆ **विभागों को नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट सौंपने के आदेश**

उपमंडल दंडाधिकारी सुन्नी राजेश वर्मा ने जानकारी दी कि तहसील सुन्नी के अंतर्गत मोहाल अनु से मोहाल लुनसु तक, विशेषकर झूला पुल के आसपास का क्षेत्र, अत्यधिक संवेदनशील स्थिति में है। यह मार्ग मोहाल लुनसु को तहसील करसोग से जोड़ता है, इसलिए आवागमन और स्थानीय जीवन पर संभावित असर को देखते हुए इसे अधिसूचित करने का प्रस्ताव रखा गया है।

साथ ही निकाली जाने वाली गाद के सुरक्षित भंडारण और निस्तारण के लिए सतलुज के बाएं किनारे पर उपयुक्त भूमि भी चिन्हित कर ली गई है। बैठक में विभिन्न विभागों को निर्देश दिए गए कि गाद जमा होने से घरों, जमीन, पेयजल योजनाओं, विद्युत परियोजनाओं, सड़कों, सीवेज लाइनों तथा गौशालाओं को हुए नुकसान का विस्तृत ब्यौरा तैयार किया जाए।

### किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : उपायुक्त

**उपायुक्त** ने कहा कि सुन्नी क्षेत्र के लोगों के जीवन और संपत्ति की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि रिपोर्ट प्राप्त होते ही समुचित कार्ययोजना बनाकर गाद हटाने की प्रक्रिया को युद्धस्तर पर अमल में लाया जाएगा।

# एल्बेंडाजोल और विटामिन-ए की खुराक से होगा कृमि नियंत्रण

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला में 23 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के दूसरे चरण के अंतर्गत व्यापक अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल और विटामिन-ए की खुराक प्रदान कर उन्हें कृमि संक्रमण से सुरक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रशासन ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली हैं।

इस संबंध में उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बताया कि जिला के 2150 सरकारी और 450 निजी विद्यालयों, 2154 आंगनबाड़ी केंद्रों तथा 997 आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से अभियान संचालित किया जाएगा। कुल 2 लाख 21 हजार 319 बच्चों को कवर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इसके लिए प्रशिक्षण व जागरूकता अभियान पहले ही पूरे किए जा चुके हैं।

◆ **23 फरवरी को दो लाख से अधिक बच्चों को दी जाएगी दवा**

◆ **जिलाभर में विशेष तैयारियां पूरी**

**आयु वर्ग के अनुसार दवा की खुराक तय:** एक से 2 वर्ष के बच्चों को पहले 2 मिलीलीटर विटामिन-ए सिरप और पांच मिनट बाद आधी एल्बेंडाजोल गोली चूर्ण बनाकर दी जाएगी। 2 से 5 वर्ष तक के बच्चों को 2 मिलीलीटर विटामिन-ए तथा एक पूरी गोली दी जाएगी, जबकि 5 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को एल्बेंडाजोल की एक पूरी गोली प्रदान की जाएगी। पहले से अस्वस्थ बच्चों को दवा नहीं दी जाएगी और सभी संबंधित संस्थानों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# नगर निगम शिमला का बजट जनविरोधी : सीपीआईएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सीपीआईएम जिला कमेटी शिमला ने केंद्र व प्रदेश सरकार की नव उदारवादी नीतियों की छत्रछाया में नगर निगम शिमला द्वारा पेश किए गए वर्तमान बजट को जनविरोधी करार देते हुए कहा है कि यह बजट आम जनता की जेब पर अतिरिक्त बोझ डालने वाला है। पार्टी के अनुसार कूड़े और पानी की दरों में हर वर्ष आठ से दस प्रतिशत तथा प्रॉपर्टी टैक्स में पांच से दस प्रतिशत तक की बढ़ोतरी पूरी तरह अनुचित है। जिला सचिव विजेंद्र मेहरा ने कहा कि वर्ष 2017 में भाजपा शासित नगर निगम द्वारा शुरू की गई दस प्रतिशत वार्षिक वृद्धि की परंपरा को वर्तमान कांग्रेस शासित नगर निगम ने भी जारी रखा है। हालिया बजट में कूड़े की दरों में दस प्रतिशत, पानी में आठ प्रतिशत और प्रॉपर्टी टैक्स में पांच प्रतिशत वृद्धि इसका ताजा उदाहरण है।

पार्टी ने आरोप लगाया कि नगर निगम शहर में पेयजल, शौचालय, यातायात व्यवस्था, सड़कों, स्ट्रीट लाइट, स्वास्थ्य सेवाओं तथा आवारा पशुओं की समस्याओं के समाधान में विफल रहा है, इसके बावजूद दरों में लगातार वृद्धि की जा रही है। सीपीआईएम का कहना है कि पिछले दस वर्षों में इन दरों में चार गुना तक बढ़ोतरी हो चुकी है, जबकि कर्मचारियों और मजदूरों के वेतन में नाममात्र वृद्धि हुई है और महंगाई ने जनता की कमर तोड़ दी है।

# जुब्बल के ऐतिहासिक कन्या स्कूल को बंद करना दुर्भाग्यपूर्ण : मांटा

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** भारतीय जनता पार्टी की जुब्बल मंडल अध्यक्ष मीनाक्षी मांटा ने प्रदेश सरकार द्वारा जुब्बल के ऐतिहासिक कन्या विद्यालय को बंद करने के निर्णय पर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला न केवल बेटियों की शिक्षा के साथ अन्याय है, बल्कि पूरे क्षेत्र की भावनाओं पर भी आघात है। उनका कहना है कि यह विद्यालय जुब्बल की पहचान और नारी सशक्तिकरण का प्रतीक रहा है। आजादी से पूर्व जुब्बल रियासत के शासकों ने बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अलग कन्या विद्यालय की स्थापना की थी। वर्ष 1954 में इसे प्राथमिक विद्यालय का दर्जा मिला, 1964 में माध्यमिक, 1968 में उच्च विद्यालय और 1986 के बाद इसे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय के रूप में उन्नत किया गया।

मीनाक्षी मांटा ने कहा कि जिस विद्यालय को बंद करने का निर्णय लिया गया है, उसकी मजबूती और विकास में पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर राम लाल का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा था, जो वर्तमान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के दादा थे। ऐसे में इस फैसले से लोगों में रोष और निराशा व्याप्त है।

भाजपा मंडल जुब्बल ने सरकार से मांग की है कि कन्या विद्यालय के विलय का निर्णय तुरंत वापस लिया जाए, शिक्षकों और मूलभूत सुविधाओं की कमी को दूर किया जाए तथा बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने निर्णय वापस नहीं लिया तो भाजपा मंडल जनता के साथ मिलकर लोकतांत्रिक ढंग से आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

# कांग्रेस का व्यवहार राष्ट्र की छवि पर धब्बा : भाजपा

**शिमला, अनंत ज्ञान ब्यूरो।** सीटीओ शिमला पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस और युवा कांग्रेस के खिलाफ धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री सुशील कड़शोली रहे। इस अवसर पर प्रत्याशी संजय सूद, प्रदेश सचिव कुसुम सदरेट, प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा, सह प्रभारी प्यार सिंह कंवर और सुदीप महाजन सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेतृत्व के विरुद्ध नारेबाजी की गई और हालिया घटनाक्रम पर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया।

सुशील कड़शोली ने आरोप लगाया कि दिल्ली में आयोजित वैश्विक एआई इम्पैक्ट सम्मेलन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया प्रदर्शन भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को धूमिल करने की सोची-समझी साजिश है। उन्होंने कहा कि यह व्यवहार दर्शाता है कि कांग्रेस जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभाने में असफल रही है और अराजक राजनीति को बढ़ावा दे रही है। कड़शोली ने दावा किया कि यह पूरा घटनाक्रम पूर्व नियोजित था और राहुल गांधी के उकसावे पर कार्यकर्ताओं को एकत्र किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा राष्ट्र की गरिमा और सम्मान के मुद्दों पर सदैव सजग रहेगा तथा लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रखेगा।

# तांबे की तार चोरी का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के बालूगंज क्षेत्र में तांबे की तार चोरी करने वाले गिरोह पर पुलिस ने शिकंजा कसते हुए दो महिलाओं सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शहर और आसपास के इलाकों में पिछले कुछ समय से तार काटकर तांबा चोरी करने की घटनाएं बढ़ रही थीं, जिससे आम लोगों में असुरक्षा का माहौल बन रहा था। शुक्रवार को मानला गांव से मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए संदिग्ध वाहन को रोका और तलाशी के दौरान बोरी में भरी तांबे की तार बरामद की।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मनीषा और संगीता निवासी अराटुरूवारा, जिला दरभंगा (बिहार) तथा मनोज कुमार निवासी लोअर फागली, शिमला के रूप में हुई है। तीनों के खिलाफ बालूगंज थाना में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की छानबीन शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक शिमला गौरव सिंह ने बताया कि बरामद की गई तार को कब्जे में ले लिया गया है और यह जांच की जा रही है कि गिरोह ने पूर्व में और कितनी वारदातों को अंजाम दिया है।

## मुलाकात

### दुर्गम पहाड़ों को मिलेगी नई जीवनरेखा, डोडरा क्वार की लंबित परियोजनाओं को प्राथमिकता

# पीएमजीएसवाई-4 के अगले चरण में 1200 किमी सड़कों का प्रस्ताव

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल के दुर्गम पहाड़ों में सड़क आवागमन के बेहतर माध्यम के साथ विकास की धड़कन भी है। ऊंची पर्वत-शृंखलाओं और दूरस्थ ग्रामों के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन व आजीविका की निरंतरता मजबूत सड़कों पर ही निर्भर करती है। इसी व्यापक दृष्टि के साथ लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के अगले हिस्से में 1200 किलोमीटर अतिरिक्त सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव केंद्र सरकार को सौंपा है। नई दिल्ली में उनकी मुलाकात केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से हुई, जहां प्रदेश में चल रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई।



नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट करते लोक निर्माणमंत्री विक्रमादित्य सिंह। अनंत ज्ञान

बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के अंतर्गत अब तक स्वीकृत लगभग 1500 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों की जानकारी साझा की गई, जिन पर करीब 2300 करोड़ रुपये की लागत से कार्य प्रगति पर है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि दूसरे चरण में प्रस्तावित 1200 किलोमीटर सड़कों के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है और शीघ्र स्वीकृति की अपेक्षा है। विशेष रूप से डोडरा क्वार क्षेत्र की लंबित परियोजनाओं को प्राथमिकता देने का आग्रह किया गया, जहां भौगोलिक विषमताएं और सीमित कार्यकाल निर्माण में चुनौती बन रहे हैं।

◆ **विक्रमादित्य ने सौंपी प्रगति कार्यों की विशेष रिपोर्ट**

राज्य सरकार का तर्क है कि डोडरा सड़क सीमावर्ती और आपदा-संवेदनशील क्षेत्र के लिए जीवनरेखा है। स्वास्थ्य आपात स्थितियों, राहत कार्यों और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए यह संपर्क अत्यंत महत्वपूर्ण है। केंद्रीय मंत्री ने प्रदेश की आवश्यकताओं को समझते हुए सहयोग का आश्वासन दिया और लंबित पैकेजों को संबंधित मंत्रालयों में प्राथमिकता से उठाने की बात कही।

### जनसहयोग से तेज होगा निर्माण कार्य

**लोक** निर्माण मंत्री ने जनप्रतिनिधियों, पंचायतों और भूमि स्वामियों से गिफ्ट डीड उपलब्ध कराने की अपील भी दोहराई। उनका कहना है कि भूमि समय पर उपलब्ध होने से निर्माण प्रक्रिया में तेजी आएगी और दुर्गम पंचमी क्षेत्रों को भी सड़क जाल से जोड़ा जा सकेगा। प्रदेश सरकार का मानना है कि यदि केंद्र और राज्य के बीच समन्वय तथा स्थानीय स्तर पर सहयोग बना रहा, तो आने वाले समय में हिमाचल के दूरस्थ गांव भी मुख्यधारा से सशक्त रूप से जुड़ सकेंगे।

# जोगशा में 91 ग्राम चरस समेत दो ऑल्टो कार सवार दबोचे

अनंत ज्ञान



**आत्मा सिंह, रामपुर बूशहर।** कुमारसैन उपमंडल के जोगशा स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-05 पर नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक ऑल्टो के-10 कार से 91.10 ग्राम चरस बरामद की है।

महिला अन्वेषण अधिकारी सविता अपनी टीम के साथ शुक्रवार दोपहर लगभग 3:45 बजे नियमित गश्त पर थीं, तभी संदेह के आधार पर एचपी-01-एए-0128 नंबर की कार को रोका गया। तलाशी के दौरान वाहन में सवार दो स्थानीय व्यक्तियों के कब्जे से मादक पदार्थ बरामद हुआ, जिसके बाद दोनों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। युवकों की पहचान अमित कुमार (22), निवासी गांव माहोली तथा राजेश (42), निवासी गांव डमाड़ी, तहसील कुमारसैन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मादक द्रव्य एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम की धारा 20 और 29 के तहत मामला दर्ज कर जांच की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी है।

# हिमाचल में नई रोड ड्रेनेज नीति को मंजूरी

## दीर्घकालिक रणनीति से सड़कों को मिलेगा स्थायित्व, मानसून में होने वाली क्षति पर होगा प्रभावी नियंत्रण

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश सरकार ने पहाड़ी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एक व्यापक रोड ड्रेनेज नीति को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन में तैयार इस नीति का उद्देश्य सड़कों को अधिक सुदृढ़, सुरक्षित और दीर्घकालिक रूप से टिकाऊ बनाना है। राज्य में सड़कों को जीवन रेखा माना जाता है, जो दूरस्थ गांवों को जिला मुख्यालयों से जोड़ते हुए व्यापार, पर्यटन और जनसेवाओं की निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करती हैं। नई नीति के लागू होने से मानसून के दौरान होने वाली क्षति को काफी हद तक कम किया जा सकेगा।

जानकारी के अनुसार प्रदेश में वर्ष 2023 और 2025 के दौरान भारी वर्षा के कारण सड़कों को क्रमशः लगभग 2400 करोड़ रुपए और 3000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। तकनीकी आकलन में स्पष्ट हुआ कि अपर्याप्त जल निकासी प्रणाली और भूस्खलन इसके मुख्य कारण रहे। लोक निर्माण विभाग द्वारा 40 हजार किलोमीटर से



◆ **वैज्ञानिक ड्रेनेज डिजाइन से बढ़ेगी मजबूती**

◆ **सख्त प्रवर्तन से सुरक्षित रहेगा सड़क नेटवर्क**

अधिक सड़क नेटवर्क का रख-रखाव किया जाता है, जिसमें जिला मार्गों से लेकर ग्रामीण संपर्क सड़कें शामिल हैं। नई नीति के तहत हाइड्रोलॉजी आधारित वैज्ञानिक डिजाइन को अपनाते हुए वर्षा की तीव्रता और जलग्रहण क्षेत्र के आंकड़ों के आधार पर ड्रेनेज संरचनाएं तैयार की जाएंगी, जिससे सड़कों का लचीलापन बढ़ेगा और सार्वजनिक धन की बचत होगी।

नई नीति में सभी नई सड़क परियोजनाओं में बॉक्स कल्वर्ट को मानक ड्रेनेज संरचना के रूप में अपनाने का प्रावधान किया गया है, ताकि जल भराव और अवरोध की समस्या कम हो सके। पहाड़ी ढलानों की मजबूती, भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में सुरक्षात्मक उपाय तथा रिसाव नियंत्रण को अनिवार्य बनाया गया है। सड़कों के किनारे नालियों को मानकीकृत ढांचे के अनुसार ढकने, ऊंचे कर्ब और जल प्रवेश द्वार बनाने तथा रात्रि दृश्यता बढ़ाने के लिए परावर्तक लगाने जैसे प्रावधान भी शामिल किए गए हैं, जिससे सड़क सुरक्षा को नई मजबूती मिलेगी।

### इस नीति को चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा लागू

**इस** नीति को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा, जिसमें आर्थिक और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जिला मार्गों को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि हर मौसम में संपर्क सुविधा सुनिश्चित हो सके। हिमाचल प्रदेश सड़क अवसंरचना संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत सख्त प्रवर्तन का प्रावधान किया गया है। घरेलू अपशिष्ट जल, छत का पानी, सीवेज अथवा ठोस कचरे को सड़क नालियों में बहाना दंडनीय अपराध होगा। नालियों में वाहन खड़ा करना या निर्माण सामग्री रखना भी प्रतिबंधित रहेगा।

### सार्वजनिक संस्थाओं की सुरक्षा ही सरकार की प्राथमिकता : सीएम



**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सार्वजनिक संसाधनों की सुरक्षा और नागरिकों के लिए निर्बाध संपर्क सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने इसे केवल तकनीकी सुधार नहीं, बल्कि जनसुरक्षा और जीवन गुणवत्ता से जुड़ा संकल्प बताया। वैज्ञानिक योजना, मजबूत अभियांत्रिकी मानक और कठोर क्रियान्वयन व्यवस्था के माध्यम से प्रदेश एक सुरक्षित, लचीला और दीर्घकालिक सड़क तंत्र विकसित करने की दिशा में अग्रसर है।

### अंतरराष्ट्रीय मंडी महाशिवरात्रि महोत्सव

# पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्यपाल का मंडी पहुंचने पर किया स्वागत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी में अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के पावन अवसर पर हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का आगमन हुआ। जनपद की पावन नगरी में पधारने पर समस्त क्षेत्रवासियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस विशेष अवसर पर राज्यपाल के मंडी सर्किट हाउस पहुंचने पर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने उनकी अगवानी की और पुष्पगुच्छ भेंट कर देवभूमि में उनका औपचारिक स्वागत किया। उनके साथ उनकी पत्नी और रेडक्रॉस सोसायटी की राष्ट्रीय गवर्निंग बॉडी की सदस्य डॉ. साधना ठाकुर भी मौजूद रहीं। यह क्षण प्रदेश की परंपरा और आतिथ्य सत्कार का एक अनुपम उदाहरण रहा।



राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का स्वागत करते नेता प्रतिपक्ष। अनंत ज्ञान

जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्यपाल की गरिमामयी उपस्थिति ने इस ऐतिहासिक महोत्सव की शोभा में चार चांद लगा दिए हैं। सदियों पुराने इस सांस्कृतिक समागम में उनके सम्मिलित होने से उत्सव की सार्थकता और अधिक बढ़ गई है। अति विशिष्ट अतिथियों का आगमन न केवल महोत्सव को गौरवशाली बनाता है, बल्कि प्रदेश की समृद्ध विरासत और 'देव संस्कृति' के संरक्षण के लिए एक नई प्रेरणा भी प्रदान करता है। हजारों देवी-देवताओं के मिलन के इस महाकुंभ में राज्यपाल की उपस्थिति ने भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण को और अधिक ऊर्जावान बना दिया है। उनके साथ भाजपा विधायक अनिल शर्मा, विधायक इंद्र सिंह गांधी, विधायक पूर्ण चंद, मेयर वीरेंद्र भट्ट, जिलाध्यक्ष भाजपा निहाल चंद शर्मा भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव सामान्य सभा के अध्यक्ष चंद्रशेखर, विधायक अनिल शर्मा, इंद्र सिंह, पूरन चंद, दीप राज, नगर निगम मंडी के महापौर विरेंद्र भट्ट, तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ललित अवस्थी सहित जिला के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। राज्यपाल के साथ जानकी शुक्ला भी मंडी पहुंचीं।

# अनुराग का राहुल गांधी पर हमला हिमाचल सरकार पर भी निशाना

अनंत ज्ञान

◆ **कहा- पीएम का विरोध करते देश का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विरोध कर रहे राहुल**

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर।** सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि पीएम का विरोध करते-करते राहुल गांधी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुए यह भी आरोप लगाया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने में राहुल कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे। इस तरह का आचरण देश हित में नहीं है और अब राहुल को इस पर देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आई और नई तकनीक का विरोध कर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है कांग्रेस नहीं चाहती कि देश के युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में रोजगार के अवसर मिले।



उन्होंने पहाड़ी राज्यों के मामले में हिमाचल और उत्तराखंड की तुलना भी की और कहा कि जितना कमाते हैं उससे ज्यादा यदि खर्च होगा तो फिर हालत तो बिगड़ेंगे ही उत्तराखंड 16 रुपए कमाता है सुबह खर्च 15 रुपए ही करता है, लेकिन हिमाचल सरकार यदि 18 रुपए कमा रही है और खर्चा उसका 21 रुपए है, तो फिर दूसरे को दोष देना कैसे वाजिब है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में जो हालात बने हुए हैं, अब इस सरकार के भीतर बहुत जल्दी बम फटने वाला है।

शनिवार को यहां कुमार पैलेस में आयोजित भाजपा के शहरी प्रकोष्ठ की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे अनुराग ने संगठन के संयोजक अजमेर ठाकुर की भी खूब प्रशंसा की। उन्होंने कांग्रेस सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे जनता के बीच जाकर सरकार की कथित विफलताओं को उजागर करें। बैठक में हमीरपुर सदर के विधायक आशीष शर्मा, बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल सहित अन्य वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आगामी रणनीति को लेकर मंथन किया गया।

# हिमाचल जल प्रबंधन बोर्ड में 3 गैर-सरकारी सदस्य मनोनीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल सरकार ने राज्य के जल संसाधनों के सुव्यवस्थित संचालन और जनभागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम उठाते हुए हिमाचल प्रदेश जल प्रबंधन बोर्ड में तीन गैर सरकारी सदस्यों को मनोनीत किया है। जारी अधिसूचना के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कुसुम्पटी के राजीव किमटा, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सोलन के सुरेंद्र सेठी और रोशन नगर हरोली के पवन ठाकुर को बोर्ड में शामिल किया गया है। इस निर्णय को जल नीति के क्रियान्वयन में विविध अनुभव और सामाजिक दृष्टिकोण को जोड़ने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया है कि इन गैर सरकारी सदस्यों को यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता बोर्ड के ग्रेड-एक अधिकारियों के समकक्ष प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में सचिव, हिमाचल प्रदेश जल शक्ति विभाग डॉ. अभिषेक जैन द्वारा औपचारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है।

# शहरी इलाकों में पानी की दरें बढ़ाने का रास्ता साफ

## अंतिम मसौदा तैयार, सरकार कभी भी कर सकती है घोषणा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में पेयजल की दरों में वृद्धि का मार्ग अब लगभग प्रशस्त हो चुका है। प्रदेश सरकार स्तर पर विचार-विमर्श की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है और विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार पानी की नई दरों का अंतिम मसौदा तैयार कर लिया गया है। प्रशासनिक स्तर पर औपचारिकताएं पूरी होने के बाद किसी भी समय इसकी घोषणा की जा सकती है। सरकार का तर्क है कि बढ़ती लागत, रखरखाव व्यय और वितरण तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए दरों का युक्तिसंगत संशोधन आवश्यक हो गया है।

जानकारी के अनुसार नई दरों में संशोधन इस प्रकार प्रस्तावित है कि जल सेवाओं की गुणवत्ता बनी रहे और विभाग पर बढ़ रहे आर्थिक भार को संतुलित किया जा सके। बीते वर्षों में पाइपलाइन विस्तार, मरम्मत, विद्युत व्यय और जल स्रोतों के संरक्षण पर खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ऐसे में सरकार राजस्व और सेवा-स्तर के बीच संतुलन स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। गौरतलब है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत केंद्र सरकार की शर्तों ने भी राज्य सरकार के समक्ष नई चुनौतियां खड़ी की हैं।

विधानसभा के बजट सत्र के दौरान उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने स्पष्ट किया था कि मिशन की शेष राशि प्राप्त करने के लिए न्यूनतम मासिक शुल्क निर्धारित करना अनिवार्य बताया गया है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए रियायती दरों का प्रावधान भी विचाराधीन है, ताकि आमजन पर अत्यधिक बोझ न पड़े।

### उपभोक्ताओं पर पड़ेगा सीधा प्रभाव

**वहीं** मसौदे को अंतिम रूप देने के बाद इसे स्वीकृति की प्रक्रिया से गुजरना है और उसके तुरंत पश्चात अधिसूचना जारी की जा सकती है। यदि प्रस्तावित संशोधन लागू होता है तो प्रदेश के सभी शहरी उपभोक्ताओं के मासिक जल बिल में बदलाव देखने को मिलेगा।

# नाबालिग लड़कियों के साथ की छेड़छाड़ के मामले में मंदिर का पुजारी गिरफ्तार

◆ **पीड़ित लड़कियों के कोर्ट में बयान दर्ज, तीन दिन के रिमांड पर भेजा पुजारी**

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूरी पर स्थित राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी को दो नाबालिक प्रवासी लड़कियों का शारीरिक शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई और जब लड़की के परिजनों को इस बात की भनक लगी तो पुजारी को पकड़ कर उसकी जमकर धुनाई कर डाली। हालात बिगड़ते देख पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिती को अपने नियंत्रण में किया। यह घटना शुक्रवार देर शाम की है।

शनिवार को दोनों प्रवासी लड़कियों का कोर्ट में बयान लिया गया। लड़कियों के बयान पर पुलिस ने पोक्सों एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, आरोपी पुजारी को कोर्ट में पेश किया गया है जहां से पुजारी को तीन दिन के रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि नाबालिग लड़कियों के बयान कोर्ट में दर्ज कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि पुजारी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि आरोपी को तीन दिन का रिमांड मिला है। उन्होंने बताया कि पीड़ित लड़कियों का मेडिकल परीक्षण करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# एआई इंपैक्ट समिट में कांग्रेस का टॉपलेस होना देश कभी नहीं भूलेगा : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान

◆ **एआई समिट में कांग्रेस का विरोध और हिमाचल में 3000 करोड़ के प्रोजेक्ट पर उठाए सवाल**

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा की दुनिया के दिग्गज राष्ट्र अध्यक्ष और टेक कंपनियों के प्रमुख लोगों के सामने देश की राजधानी में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंपैक्ट समिट में कांग्रेस का टॉपलेस होना यह देश कभी नहीं भूलेगा।

उससे भी हैरानी की बात यह है इस जघन्य कृत्य की योजना कांग्रेस में कांग्रेस पार्टी के कर्ताधर्ता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी शामिल है। पूरे देश के सामने कांग्रेस का राष्ट्र विरोधी विकास विरोधी चेहरा सामने आ गया है। ब्रेन लेस, शेम लेस और टॉप लेस ही अब कांग्रेस की पहचान बन गई है। कांग्रेस यह भूल चुकी है कि देश के प्रधानमंत्री मोदी का विरोध और देश का विरोध दोनों अलग-अलग चीज हैं, लेकिन कांग्रेस 'फ्रस्ट्रेशन' में यह भूल गई है। विश्व के इतिहास में ऐसा अवसर बहुत कम ही आता है जब किसी एक मंच पर राजनीतिक और तकनीकी दिग्गज जुटते हैं और पूरे विश्व की निगाहें उस इवेंट पर होती है। कांग्रेस के इस कुकृत्य से उसका असली चेहरा सामने आ गया है।

जयराम ठाकुर ने केंद्रीय वित्त मामले मंत्रालय द्वारा जायका के चरण दो के तहत हिमाचल प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 1617 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट की स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री का आभार जताया। उन्होंने मात्र 1 हफ्ते के भीतर केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश को लगभग 3000 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट स्वीकृत करने के लिए हिमाचल प्रदेशवासियों की तरफ से प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। साथ ही हिमाचल सरकार के नेताओं के दोहरे रवैए पर सवाल भी उठाया। आए दिन केंद्र की सैकड़ों करोड़ की सहयता के बाद भी सुक्खू सरकार केंद्र सरकार का आभार जताने के बजाय आलोचना करती है।

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताते हुए कहा कि केंद्र सरकार के लगातार सहयोग पर कांग्रेस की चुप्पी सरकार की दोहरी मानसिकता दर्शाती है। जयराम ठाकुर रविवार को अंतरराष्ट्रीय मंडी शिवरात्रि महोत्सव की आखिरी जलेब में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के साथ शिरकत करेंगे।

# शादी से इनकार करने पर दी जान से मारने की धमकी, फिर घर में लगा दी आग

अनंत ज्ञान

**आनी।** जिला कुल्लू के आनी उपमंडल से एक सनसनीखेज और हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां शादी का प्रस्ताव ठुकराने से नाराज एक युवक ने पहले तो पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दी और फिर उनके घर में आग लगा दी। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

पुलिस जानकारी के अनुसार कटाहर निवासी और पीड़ित राजेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पंकज शर्मा नामक युवक ने दो दिन पहले उन्हें फोन कर धमकी दी थी। उसने कहा था कि यदि उसकी शादी उनकी बेटी से नहीं करवाई गई तो वह पूरे घर को आग लगाकर राख कर देगा। परिवार ने इसे गंभीरता से लिया, लेकिन उन्हें उम्मीद नहीं थी कि आरोपी ऐसा कदम उठा लेगा। उधर,पुलिस अधीक्षक कुल्लू मदन लाल कौशल ने बताया कि आरोपी की तलाश जारी है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

राजेश ने बताया कि रात करीब 10 बजे पूरा परिवार खाना खाकर सो गया था। लगभग 10:30 बजे उनकी पड़ोसन गुड्डी देवी ने शोर मचाकर बताया कि घर में आग लग गई है। शोर सुनकर परिवार के सदस्य तुरंत बाहर निकले और गांव के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस चौकी लुहरी को दी गई।

### आरोपी फरार, जांच में जुटी पुलिस

**घर** में लगी आग के चलते देवदार की लकड़ी, सेब की जालियां, प्लास्टिक किल्टे, ईंधन की लकड़ी और बिजली मीटर की तारें जलकर नष्ट हो गईं। बताया जा रहा है कि आरोपी वारदात के बाद अपनी गाड़ी में बैठकर वहां से फरार हो गया। थाना आनी में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# मोदी सरकार हिमाचल की सच्ची हितैषी : हर्ष महाजन

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए सतत संकल्पबद्ध है। उन्होंने जानकारी दी कि केंद्र द्वारा प्रदेश को लगभग 286 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है, जिसमें 27.23 करोड़ रुपए पूंजी निवेश योजना की दूसरी किस्त तथा 259 करोड़ रुपए आपदा पुनर्निर्माण और अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण हेतु प्रदान किए गए हैं। यह राशि दस कार्य दिवस के भीतर संबंधित एजेंसियों को हस्तांतरित की जाएगी।

◆ **286 करोड़ की सहायता से विकास को नई गति कैपिटल इन्वेस्टमेंट और आपदा पुनर्निर्माण के लिए बड़ी राहत**

सांसद ने शिमला से जारी बयान में स्पष्ट किया कि यह सहायता स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट योजना के अंतर्गत दी गई है, जिसका उद्देश्य राज्यों में आधारभूत ढांचे का विस्तार और आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देना है। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं में किसी भी प्रकार के परिवर्तन से पूर्व केंद्र की अनुमति अनिवार्य होगी। उपयोगिता प्रमाणपत्र समय पर प्रस्तुत न करने की स्थिति में अगली किस्त रोकी जा सकती है, जबकि दोहरी निधि प्राप्त होने पर भविष्य की सहायता में कटौती भी संभव है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस सहयोग से प्रदेश में सड़कों, पुलों, भवनों तथा सार्वजनिक ढांचे के निर्माण कार्यों को नई ऊर्जा मिलेगी।

महाजन ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक ओर वह केंद्र से आर्थिक सहयोग प्राप्त कर रही है। वहीं, दूसरी ओर उसी पर निराधार आरोप लगाकर भ्रम का वातावरण बना रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा तथ्य और आंकड़ों के आधार पर राजनीति करती है और प्रदेश हितों की रक्षा के लिए सदैव मुखर रहेगी।

### पहल | पहाड़ों की रानी शिमला को मिलेगा वैश्विक खेल पहचान में नया आयाम

# आइस-स्केटिंग रिंक शिमला का होगा भव्य कायाकल्प

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी शिमला, जिसे स्नेहपूर्वक पहाड़ों की रानी कहा जाता है, एक बार फिर अपनी ऐतिहासिक धरोहर को नए वैभव के साथ संवारने जा रही है। लक्कड़ बाजार स्थित वर्ष 1920 में स्थापित ऐतिहासिक आइस-स्केटिंग रिंक का व्यापक कायाकल्प करने का निर्णय लिया गया है। लगभग 20.22 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से इस प्रतिष्ठित रिंक को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा।



ब्रिटिश काल की विरासत समेटे यह रिंक एशिया के प्राकृतिक आइस-स्केटिंग स्थलों में विशिष्ट स्थान रखता है और दशकों से हजारों उभरते स्केटर्स के हुनर को निखारता आया है। राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी पहल से न केवल इसकी ऐतिहासिक गरिमा संरक्षित होगी, बल्कि इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं के अनुरूप विकसित किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार इस पुनर्विकास परियोजना का उद्देश्य शिमला आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करना है। प्रस्तावित योजना के अंतर्गत पुरानी एवं अनुपयोगी अधोसंरचनाओं को हटाकर आधुनिक और सुरक्षित ढांचे का निर्माण किया जाएगा। इससे शीतकालीन पर्यटन को नई गति मिलेगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। आइस-स्केटिंग रिंक के उन्नयन से शहर की सांस्कृतिक और खेल पहचान को भी सुदृढ़ आधार मिलेगा, जिससे शिमला की छवि एक समग्र पर्यटन एवं खेल गंतव्य के रूप में और अधिक प्रखर होगी।

शिमला शहर के मध्य स्थित इस रिंक में प्रस्तावित सुधार कार्यों से आइस हॉकी, फिगर स्केटिंग तथा अन्य शीतकालीन खेलों को व्यापक प्रोत्साहन मिलेगा। उभरते खिलाड़ियों को प्रशिक्षण की उत्कृष्ट सुविधाएं प्राप्त होंगी और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की संभावनाएं साकार होंगी। परियोजना के तहत 2.81 करोड़ रुपये की लागत से नए क्लब हाउस भवन का निर्माण किया जाएगा, 16.09 करोड़ रुपए रिंक के बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर व्यय होंगे तथा 1.21 करोड़ रुपये से स्टोर, स्मृति-वस्तु विक्रय केंद्र और अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। यह पहल शिमला को खेल मानचित्र पर विशिष्ट पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

### पर्यटन और खेल विकास को मिलेगा नया संबल

**इस** व्यापक परियोजना के पूर्ण होने पर शिमला का ऐतिहासिक आइस-स्केटिंग रिंक आधुनिकता और परंपरा के अद्भुत संगम के रूप में उभरेगा। यह केवल एक खेल स्थल नहीं रहेगा, बल्कि पर्यटन, युवाओं के कौशल विकास और राज्य की सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक बनेगा।

### रिंक ले जाएगा शिमला को नई ऊंचाइयों पर

**राज्य** सरकार हिमालयी अंचल की धरोहरों को सहेजते हुए उन्हें भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित कर रही है। आने वाले समय में यह रिंक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों का सशक्त मंच बनकर शिमला को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होगा।

# हिमाचल में नशा तस्करी पर एंटी चिट्टा अभियान का करारा झटका

## 96 आदतन व संगठित तस्कर पकड़े, अब आर्थिक नेटवर्क भी होगा ध्वस्त

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में नशे के काले कारोबार पर अब तक का सबसे सख्त शिकंजा कसते हुए एंटी-चिट्टा अभियान ने निर्णायक मोड़ ले लिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर चलाए जा रहे इस प्रदेशव्यापी अभियान के अंतर्गत पुलिस ने संगठित और आदतन नशा तस्करों के विरुद्ध व्यापक, सुनियोजित और समन्वित कार्रवाई करते हुए अब तक 96 आरोपियों को पीआईटी और एनडीपीएस अधिनियम के तहत निरुद्ध कर दिया है। यह कार्रवाई नशे के पूरे आपूर्ति तंत्र और उसके आर्थिक जाल को तोड़ने की दिशा में एक ठोस कदम मानी जा रही है।

ताजा कार्रवाई के तहत 19 फरवरी को आठ कुख्यात तस्करों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए थे, जिनका 21 फरवरी को प्रभावी क्रियान्वयन किया गया। इस दौरान जिला शिमला से पांच, देहरा से एक, नूरपुर से एक और ऊना से एक आरोपी को निरुद्ध किया गया। यह अभियान बहु-जिला समन्वय, सटीक खुफिया सूचना और सुदृढ़ विधिक रणनीति के आधार पर संचालित किया गया, जिससे नशे की संगठित आपूर्ति श्रृंखला को करारा झटका लगा है। पुलिस की इस समेकित कार्रवाई ने यह स्पष्ट संकेत दे दिया है कि प्रदेश में नशा तस्करी के लिए अब कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं बचेगा।

आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2025 के अंत तक 65 तस्करों को पीआईटी और एनडीपीएस अधिनियम के तहत निरुद्ध किया गया था, जबकि वर्ष 2026 में अब तक 31 और आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा चुकी है। इस प्रकार कुल 96 आदतन और संगठित तस्कर कानून के शिकंजे में आ चुके हैं। संबंधित एजेंसियां इन तस्करों की चल-अचल संपत्तियों की गहन वित्तीय जांच कर रही हैं। अवैध कमाई से अर्जित संपत्तियों की पहचान कर विधि अनुसार जब्ती और कुर्की की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### जीरो टॉलरेंस नीति के साथ निर्णायक जंग जारी

**प्रदेश** में नशा तस्करी के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत ऐसे लक्षित और समन्वित अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। पुलिस ने प्रदेशवासियों, विशेषकर युवाओं से आह्वान किया है कि नशे से जुड़ी किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत आपात सेवा 112 या निकटतम पुलिस थाने में दें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 0.99 ग्राम चिट्टे के साथ दबोचा युवक

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पुलिस थाना पंचरुखी की टीम ने एक युवक से 0.99 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने ब्याड़ा नजदीक मछयाल पुल के पास शुभम निवासी गांव चलूही डाकघर रक्कड़ तहसील बैजनाथ जिला कांगड़ा से 0.99 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पंचरुखी थाने में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पास्सू व ढगवार में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल नंबर-2 धर्मशाला रमेश चंद ने बताया कि 11 केवी मंदल फीडर के तहत आने वाले क्षेत्रों पास्सू, ढगवार, अप्पर मनेड (दाड़ी क्षेत्र) तथा आसपास के क्षेत्रों में 23 फरवरी को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे या कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने पर कार्य अगले दिन किया जाएगा।

### चीड़न पीरा सड़क 23 से 23 मार्च तक बंद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** लोक निर्माण विभाग उपमंडल धीरा के अंतर्गत आने वाली चीड़न पीरा वाया नंडी सड़क टाइल डालने के कार्य के चलते 23 फरवरी से लेकर 3 मार्च तक यातायात के लिए बंद रहेगी। सहायक अभियंता मनोज सूद ने चालकों से इस अवधि के दौरान वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने का आह्वान किया है।

### 26 से पहले लंबित बिलों का करें भुगतान

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** विद्युत उपमंडल आलमपुर के सहायक अभियंता विनीत कुमार ने बताया कि 26 फरवरी देर शाम को सॉफ्टवेयर में अपग्रेडेशन कार्य किया जाएगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से आह्वान किया है कि वे अपने लंबित विद्युत बिलों का भुगतान 26 फरवरी से पूर्व सुनिश्चित करें। सॉफ्टवेयर अपडेशन के चलते बिल भुगतान प्रक्रिया में अस्थायी रूप से व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। 26 फरवरी के बाद क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग तथा डिजिटल भुगतान ऐप के माध्यम से भुगतान नहीं होगा।

उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने झुलाड़ फार्म हाउस में बागवानी योजनाओं की समीक्षा, बोले-

# मार्च में तैयार होगा प्लांट हेल्थ क्लीनिक

◆ अधिकारियों को अधिक से अधिक समय फील्ड में बिताने के दिए निर्देश



प्लांट हेल्थ क्लीनिक का निरीक्षण करते उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत झुलाड़ स्थित बागवानी विभाग के फार्म हाउस में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान क्षेत्र में बागवानी विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। इस अवसर पर लगभग 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित हो रहे प्लांट हेल्थ क्लीनिक का निरीक्षण भी किया गया। उपमुख्य सचेतक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्लांट हेल्थ क्लीनिक का निर्माण कार्य 10 मार्च से पहले हर हाल में पूर्ण किया जाए, ताकि निर्धारित समय पर इसका लोकार्पण कर बागवानों को इसका लाभ उपलब्ध कराया जा सके।

उन्होंने स्पष्ट किया कि यह क्लीनिक किसानों और बागवानों को फसलों से संबंधित रोग, कीट नियंत्रण और आधुनिक तकनीकी परामर्श उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अधिक से अधिक समय फील्ड में व्यतीत करें, जिससे किसानों और बागवानों को समय पर उचित मार्गदर्शन एवं तकनीकी जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सीमित संसाधनों के बावजूद जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम पंक्ति में बैठे पात्र व्यक्ति तक पहुंचना ही प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में बागवानी विभाग के उपनिदेशक डॉ. अलक्ष पठानिया ने विधायक का स्वागत करते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और आश्वस्त किया कि दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाएगा।

# सीबीएसई स्क्रीनिंग परीक्षा वेब पेज दुरुस्त करे शिक्षा बोर्ड

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** एक तरफ सीबीएसई स्कूलों में प्रतिनियुक्ति के लिए स्क्रीनिंग परीक्षा का विरोध जारी है। वहीं, जो शिक्षा इसके लिए आवेदन कर रहे हैं, उनको शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट की तकनीकी समस्याएं परेशान कर रही हैं, जो शिक्षक स्कूल शिक्षा बोर्ड वेबसाइट पर उक्त आवेदन कर रहे हैं, उनको भी आवेदन जमा नहीं होने के चलते पंजीकरण करने का मौका नहीं मिल रहा है। वेबसाइट शिक्षक पंजीकरण करने में विलंब कर रही है।

एकतरफ 10 पसंदीदा स्टेशन का विकल्प अब वेबसाइट से गायब है और दूसरी तरफ सारा पंजीकरण डाटा भरने के बाद भी शिक्षकों को डाटा सबमिट जमा करने पर वेब पेज की कोई प्रतिक्रिया नहीं है। यह वेबसाइट आवेदकों से बार-बार फार्म भरवा रही और फिर डुप्लीकेट रिकॉर्ड त्रुटि दिखा रहा है। इसके बाद आवेदन नहीं हो रहे हैं। इस तरह की तकनीकी त्रुटियों को शिक्षा बोर्ड शीघ्र दुरुस्त करे। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष से की है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल,उपाध्यक्ष विजय बरवाल और महासचिव विजय हीर ने कहा कि जो शिक्षक इस प्रतिनियुक्ति परीक्षा के लिए इच्छुक हैं, उनकी इस समस्या का समाधान किया जाए। डुप्लीकेट रिकॉर्ड त्रुटि आने के बाद आवेदकों का एप्लिकेशन नंबर भी जनरेट नहीं हो रहा और बाकी प्रक्रिया भी नहीं हो पा रही है, जबकि पहले वेब पेज ठीक से काम कर रहा था। कुछ शिक्षकों के पंजीकरण के बाद फीस 2 या 3 बार काटने पर भी पेमेंट कंफर्म नहीं हो रही है। ऐसे में प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड इन तकनीकी त्रुटियों का निवारण करे और स्कूल लॉग इन में भी इस परीक्षा के आवेदन का बटन जोड़े। आवेदन की तिथि 5 मार्च 2026 तक बढ़ाई जाए। इसके अलावा अब तक टीजीटी आर्ट्स और जेबीटी पदों के लिए पाठ्यक्रम की शिक्षा बोर्ड की अधिसूचना का शिक्षक इंतजार कर रहे हैं।

# एआई समिट में युवा कांग्रेस के प्रदर्शन पर भाजयुमो उग्र

## जिला मुख्यालय धर्मशाला में भाजयुमो ने किया प्रदर्शन, युकां के कृत्य की निंदा की


धर्मशाला में प्रदेश महामंत्री शाश्वत कपूर के नेतृत्व में भाजयुमो ने प्रदर्शन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** एआई समिट में युवा कांग्रेस के प्रदर्शन पर भाजयुमो उग्र हो गई है। इसके विरोध में भाजयुमो ने जिला कांगड़ा मुख्यालय धर्मशाला में प्रदेश महामंत्री शाश्वत कपूर के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजयुमो पदाधिकारियों ने युवा कांग्रेस के कृत्य की निंदा की। भाजयुमो प्रदेश महामंत्री शाश्वत कपूर ने कहा कि भारत सरकार की ओर से आयोजित एआई इम्पेक्ट समिट में विभिन्न देशों के राजनीतिक प्रतिनिधि, कई कंपनियों के उच्च्च पदाधिकारी पहुंचे थे। समिट में युवा कांग्रेस के कुछ सदस्यों द्वारा कपड़े उतारकर प्रदर्शन किया गया। वर्तमान का नेतृत्व विकसित भारत की सोच के साथ देश को आगे बढ़ा रहा है, जबकि भारत विरोधी सोच रखने वाली कांग्रेस पार्टी और उनके कार्यकर्ताओं द्वारा अभद्र प्रदर्शन किया गया। युवा कांग्रेस के इस तरह के कृत्यों से भारत, पूरे विश्व में शर्मशार हो गया है। समिट के माध्यम से देश में निवेश आना था और युवाओं को रोजगार मिलना था। भाजयुमो हिमाचल प्रदेश, युवा कांग्रेस के कृत्य की निंदा करती है।

## एआई समिट में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन दुर्भाग्यपूर्ण: डॉ. भारद्वाज

◆ कांग्रेस ने पीएम के साथ-साथ देश का विरोध शुरू किया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि एआई समिट जिसमें विभिन्न देशों के प्रतिनिधि पहुंचे थे, उसमें युवा कांग्रेस का प्रदर्शन शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि कांग्रेस नेताओं ने अपने शीर्ष नेतृत्व की शह पर अब पीएम मोदी के साथ-साथ देश का भी विरोध शुरू कर दिया है, जो कि देश के इतिहास में काले अक्षरों में लिखा जाएगा। शनिवार को कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि इस तरह का प्रदर्शन दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि होना चाहिए और देश की छवि से जुड़े आयोजनों में सभी को जिम्मेदारी और संयम के साथ आचरण करना चाहिए। ऐसे महत्वपूर्ण आयोजनों से देश की प्रतिष्ठा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जुड़ी होती है। सांसद ने कहा कि राजनीति अपनी जगह है, लेकिन जब बात देश की प्रतिष्ठा और विकास की हो, तो सभी दलों को एकजुट होकर सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

# भट्टू-समूला में इलेक्ट्रो होम्योपैथी शिविर शुरू


दो दिवसीय चिकित्सा शिविर में लोगों की जांच करती टीम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रो-होम्योपैथी चिकित्सक संघ और आरोग्य भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय चिकित्सा शिविर का शुभारंभ पालमपुर मंडल की ग्राम पंचायत भट्टू-समूला में हुआ।

भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रागनी रकवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि हर्बल चिकित्सा पद्धति इलेक्ट्रो होम्योपैथी की दवा से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और असाध्य बीमारियों का बिना दुष्प्रभाव के उपचार संभव है। उन्होंने हेडा के चेयरमैन डॉ. संजीव शर्मा व आरोग्य भारती के सचिव डॉ. सीएम मिश्रा के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए बताया कि इस तरह के विशेष शिविर हर ग्राम पंचायत में लगाए जाने चाहिए, ताकि जरूरतमंद लोगों की मदद हो सके। डॉ. संजीव शर्मा ने उपस्थित जन प्रतिनिधियों व ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं में स्वदेशी चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने की जरूरत है, जिससे देश में स्वास्थ्य सेवाओं को गति मिलेगी। उल्लेखनीय बात है कि इस शिविर को सफल बनाने में भट्टू स्थित आरोग्य इलेक्ट्रो होम्योपैथी स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. अजय राणा ने मुख्य भूमिका निभाई और सभी अतिथियों का आभार जताया। राज्य संयोजक सुरेंद्र ठाकुर ने धर्मशाला स्थित सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी के प्रधानाचार्य डॉ. अशोक भारद्वाज व छात्र-छात्राओं की सेवाओं की सराहना की ।

# थुरल कॉलेज के शिक्षकों ने किया स्कूलों का दौरा


राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा पर विस्तार से जानकारी दी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल के शिक्षकों की विभिन्न टीमों द्वारा महाविद्यालय प्राचार्या राका शर्मा के निर्देशन में प्रदेश सरकार के कार्यक्रम विद्यालय तथा महाविद्यालय के बीच शिक्षा के प्रचार-प्रसार समझौते के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थुरल, मूंढी, गढ़ जमूला और कौना का दौरा किया गया। प्रो. पवन राणा व लेख राम नेगी, मूंढी और गढ़ जमूला एवं डॉ. संजीव और डॉ. विशाल कौना, प्रो. अजय, प्रो. प्रेमलता, प्रो. नविता ने थुरल स्कूल के विद्यार्थियों से बातचीत की।

इस कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय की टीमों ने विद्यालय के छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत शिक्षा पर विस्तार से जानकारी दी । टीमों से बातचीत के बाद इन पाठशालाओं के विद्यार्थियों ने जमा दो के बाद आगे पढ़ाई जारी रखने और महाविद्यालय में प्रवेश के लिए अपनी उत्सुकता भी जाहिर की। जोकि भविष्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के रुझान के लिए एक बेहतर प्रयास साबित होगा। ये समस्त कार्यक्रम रूसा प्रकोष्ठ के अंतर्गत किया गया। शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विद्यालयों के प्राचार्य ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों की आत्मविश्वास, नेतृत्व, क्षमता एवं भविष्य की दिशा तय करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगे।

## 'आप' ने काली दास को बनाया राज्य को-ऑर्डिनेशन कमेटी का सदस्य

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र से संबंधित आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता काली दास को पार्टी ने एक और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर राज्य को-ऑर्डिनेशन कमेटी का सदस्य बनाया है। काली दास ने अपनी इस नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री संदीप पाठक, प्रदेश प्रभारी ऋतुराज गोविंद झा, सह प्रभारी अजय राजपूत, जिला कांगड़ा के पर्यवेक्षक पूर्ण चंद, संगठनात्मक जिला पालमपुर के अध्यक्ष शेर सिंह तथा विधानसभा की जयसिंहपुर के अध्यक्ष विनोद चाड़क व समस्त कार्यकारिणी का धन्यवाद किया है। काली दास ने कहा कि जो विश्वास पार्टी ने उन पर जताया है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा तथा पार्टी में जो भी काम दिया जाएगा उसको दिन-रात करके पूरा करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी की हिमाचल प्रदेश में सरकार बनाई जा सके।



डाइट धर्मशाला में सीडब्ल्यूएसएन के संदर्भ में ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित

# प्रथम चरण की ट्रेनिंग में पहुंचे 53 लेक्चरर और सात रहे अनुपस्थित

◆ ट्रेनिंग में गैरहाजिर शिक्षकों को जवाबतलबी पत्र जारी : भाग सिंह


ज्ञापन सौंपते प्रभावित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिले के लेक्चर को चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड वाले बच्चों संबंधी जानकारी देने के उद्देश्य से डाइट धर्मशाला में ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। दो चरणों में होने वाले ट्रेनिंग प्रोग्राम में जिला के 23 ब्लॉक के 115 प्रतिभागी शिक्षक भाग लेंगे, जिसमें प्रथम चरण में 12 ब्लॉकों के 60 शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए बुलाया गया था, जिसमें से 7 शिक्षक ट्रेनिंग से अनुपस्थित रहे।

डिप्टी डायरेक्टर क्वालिटी कंट्रोल एवं डीपीओ भाग सिंह के दिशानिर्देशन में जिला प्रोग्राम को-आर्डिनेटर अंजु शर्मा ने ट्रेनिंग का संचालन किया। डिप्टी डायरेक्टर क्वालिटी कंट्रोल एवं डीपीओ भाग सिंह ने बताया कि ट्रेनिंग प्रोग्राम से अनुपस्थित शिक्षकों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित शिक्षकों से जवाबलतबी के लिए पत्र जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण की ट्रेनिंग शनिवार को संपन्न हो गई, जबकि दूसरे चरण की ट्रेनिंग सोमवार से आरंभ होगी, जिसके तहत 11 ब्लॉक को कवर किया जाएगा। इसके अलावा प्राइमरी विंग के शिक्षकों की ट्रेनिंग ब्लॉक स्तर पर आयोजित की जा रही है। भाग सिंह ने बताया कि चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड (सीडब्ल्यूएसएन) के संबंध में टीचर्स को ट्रेनिंग दी जा रही है। इसमें ऐप पर बच्चों की डिटेल अपलोड की जानकारी दी गई। सभी बच्चों की स्क्रीनिंग उपरांत, यदि किसी बच्चे में कोई परेशान दिखती है तो उनका मेडिकल चेकअप करने के साथ मेडिकल बोर्ड से विशेष बच्चों का सर्टिफिकेट बनाने तक की प्रक्रिया की जानकारी दी। ट्रेनिंग के दौरान विभिन्न सत्र ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से आयोजित किए गए।

## केंद्रीय बजट आर्थिक रणनीति और राजनीतिज्ञता की कसौटी पर विफल: जगजीत शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता जगजीत शर्मा ने शनिवार को धर्मशाला से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दावा किया कि केंद्रीय बजट आर्थिक रणनीति और राजनीतिज्ञता की कसौटी पर विफल रहा है। उन्होंने वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट को फीका और निराशाजनक करार देते हुए कहा कि यह उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता। उन्होंने कहा कि बजट न व्यापारियों, न किसानों और न ही पिछड़े इलाकों के लिए कोई विशेष राहत नही दी गई। शर्मा ने आरोप लगाया कि इस बजट में केवल उन राज्यों पर फोकस किया गया है, जहां आगामी चुनाव हैं। उन्होंने कहा कि जिस देश में केंद्रीय बजट दिया जा रहा हो और बजट पढ़ने के दौरान देश का शेयर मार्केट गिर जाए, इससे पता चल जाता है कि बजट जीरो है। बजट को शेयर मार्केट ने नंबर दे दिए हैं। शेयर मार्केट में साबित कर दिया है कि बजट में देश को कुछ नहीं मिला यह बिना सोचे-समझे, बिना तैयारी के दिया हुआ घमंड का बजट है। ईडी, इनकम टैक्स के डर से व्यापारी देश छोड़कर जा रहे हैं। बिजनेसमैन, किसान, युवाओं के लिए कोई सेफ कॉरिडोर इस बजट में नहीं है। इस बजट से किसी को कुछ नहीं मिला।

**कार्यक्रम** प्रदेश सरकार हर जरूरतमंद के साथ मजबूती से खड़ी: कमलेश ठाकुर

# 41 लाभार्थियों को बांटे सहायता राशि के चेक


देहरा में लाभार्थी को सहायता राशि का चेक वितरित करती विधायक कमलेश ठाकुर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**शिव गुलेरिया, देहरा।** देहरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक कमलेश ठाकुर ने शनिवार को संयुक्त कार्यालय भवन देहरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत 41 जरूरतमंद लाभार्थियों को लगभग 5 लाख 2 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि के चेक वितरित किए। इस सहायता राशि के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को चिकित्सा उपचार, विवाह सहायता तथा अन्य आकस्मिक आर्थिक कठिनाइयों से राहत प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने लाभार्थियों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को भी सुना तथा उन्हें आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार हर जरूरतमंद व्यक्ति के साथ मजबूती से खड़ी है।

विधायक कमलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों को आपात परिस्थितियों में समय पर सहायता प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारी, पारिवारिक संकट अथवा अन्य आकस्मिक परिस्थितियों में यह सहायता राशि प्रभावित परिवारों के लिए संजीवनी का कार्य करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा आमजन के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न जनहितकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। सरकार का प्रयास है कि जरूरतमंद परिवारों को समय रहते आर्थिक सहयोग उपलब्ध करवाकर उन्हें सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जा सके।

## परमार का कांग्रेस पर हमला, बोले मित्र मंडली की नियुक्तियों ने प्रदेश को आर्थिक बदहाली पर छोड़ा

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान शासन हिमाचल प्रदेश को आर्थिक अराजकता और करों के बोझ तले कुचल रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी वित्तीय विफलताओं को छिपाने के लिए जनता की जेब पर लगातार प्रहार कर रही है, जबकि सत्ता के गलियारों में मित्र मंडली को पद और सुविधाएं बांटी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल 2026 से वाहनों की एंट्री फीस में की गई वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि सरकार के पास न दृष्टि है, न नीति और न ही वित्तीय अनुशासन। हिमाचल जो अपनी आतिथ्य परंपरा और पर्यटन की पहचान के लिए जाना जाता है, वहां स्वागत द्वार पर ही शुल्क की दीवार खड़ी कर दी गई है। क्या यही विकास मॉडल है? क्या यही पर्यटन संवर्धन है? उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब युवा बेरोजगार है, व्यापारी वर्ग मंदी की मार झेल रहा है, कर्मचारी और पेंशनर असुरक्षा में हैं तब सरकार का समाधान केवल कर-वृद्धि क्यों बनता है? क्या शासन चलाने का अर्थ केवल शुल्क बढ़ाना और उत्तरदायित्व से बचना रह गया है? परमार ने चेतावनी दी कि हिमाचल की जनता अब मौन नहीं रहेगी। करों का कोड़ा और कुप्रबंधन का बोझ अधिक समय तक स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि जनविरोधी निर्णय वापस नहीं लिए गए, तो भाजपा प्रदेशव्यापी जनजागरण और लोकतांत्रिक संघर्ष का मार्ग अपनाएगी।

# बगली में लोगों का जांचा रक्तचाप और हीमोग्लोबिन


शिविर में जांच करती स्वास्थ्य टीम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** बगली पंचायत घर में पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल शाहपुर और ब्रदर हेल्पिंग ग्रुप के सहयोग से एक निःशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा मरीजों की निशुल्क जांच की गई। रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण सहित विभिन्न आवश्यक जांचें की गईं तथा मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल शाहपुर के प्रबंध निदेशक डॉ. रिपिन हीरा ने बताया कि स्वास्थ्य जागरुकता समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। ब्रदर हेल्पिंग ग्रुप के सदस्यों ने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और शिविर की सराहना की। शिविर में लगभग 150 लोगों ने लाभ प्राप्त किया। गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं वाले मरीजों को आगे के उपचार के लिए उचित परामर्श भी दिया गया। पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल शाहपुर के प्रबंध निदेशक डॉ. रिपिन हीरा ने भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।




# बाघणी पंचायत स्वच्छता की मिसाल, जिला व ब्लॉक स्तर पर मिले पुरस्कार

## युवाओं के लिए पंचायत में लाइब्रेरी का निर्माण, पंद्रहवें वित्तायोग की राशि खर्च करने में भी आगे रही पंचायत

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** नगर निगम धर्मशाला से सटी बाघणी पंचायत ने स्वच्छता क्षेत्र में मिसाल कायम करते हुए जिला व ब्लॉक स्तर पर पुरस्कार कब्जाए हैं। युवाओं को पढ़ने व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पंचायत से बाहर न जाना पड़े, इसको ध्यान में रखते हुए पंचायत में लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है। इसमें 50 युवाओं के बैठने की व्यवस्था की गई है। यही नहीं 15वें वित्तायोग की राशि को खर्च करने में भी पंचायत अग्रणी रही है, जिसके लिए पंचायत को पुरस्कृत किया गया है। पंचायत में आए 15वें वित्तायोग के पैसे से ग्रामीणों की समस्याएं जानकर विकास कार्यों को रफ्तार दी गई। स्वच्छता के लिए वेस्ट वॉरियर्स संस्था के साथ मिलकर अभियान चलाया और सप्ताह में दो बार गाड़ी के माध्यम से घर-घर से कूड़ा उठाने की व्यवस्था की गई है।

पंचायत घर छोटा होने के चलते दिक्कतें आती थी, बैठकें करना मुश्किल होता था, लेकिन अब बेहतरीन पंचायत घर का निर्माण किया गया है। पानी के लिए पंचायत में विभिन्न स्थानों पर हैंडपंप लगाए गए हैं तथा जहां भी जरूरत थी, वहां डंगों का निर्माण किया गया है।

### लाइब्रेरी का प्रयास सराहनीय



**पंचायत** में लाइब्रेरी खोलने का प्रयास सराहनीय है। युवाओं को पहले धर्मशाला लाइब्रेरी जाना पड़ता था, जहां कभी-कभी समय नहीं मिल पाता था, जिस पर पंचायत प्रधान के समक्ष मामला उठाया था और पंचायत में लाइब्रेरी का निर्माण करवाया गया। पंचायत में गलियों में टाइलिंग की गई हैं।

**-मोहित कुमार, युवा, ग्रामीण, बाघणी पंचायत**

### सफाई की उचित व्यवस्था



**पंचायत** में काफी अच्छे कार्य हुए हैं। ग्राउंड में बच्चे दिन व रात में लाइट्स व्यवस्था होने से खेल सकते हैं। सफाई के लिए पंचायत की ओर से व्यवस्था की गई है। पंचायत में लाइब्रेरी में बच्चों को पढ़ाई करने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है।

**-उत्तम सिंह राणा, ग्रामीण, बाघणी पंचायत**

### लाइब्रेरी बनाना बहुत बढ़िया काम



**पंचायत** में लाइब्रेरी का निर्माण होना बहुत लाभकारी है। ग्राउंड में लाइट्स लगाई गई हैं। स्वच्छता व्यवस्था भी बेहतर बनाई गई है। पंचायत में लाइब्रेरी का निर्माण बहुत बढ़िया किया गया है, जहां बच्चों को मन लगाकर पढने की सुविधा मिलती है।

**-रीता देवी, ग्रामीण, बाघणी पंचायत**

### स्वच्छता में की शुरुआत, मिला पुरस्कार



**वर्ष** 2015 में बाघणी पंचायत में पंचायत भवन नहीं था, अब यहां नया भवन बनाया गया है। पंचायत भवन के ऊपर लाइब्रेरी बनाई गई है। स्वच्छता के लिए पंचायत में शुरुआत की गई थी, जिस पर ब्लॉक व जिला स्तर पर पंचायत को पुरस्कार मिला है। 15वें वित्त आयोग में रास्तों, कूहलों का निर्माण किया गया, खराब रास्तों में इंटरलॉक टाइलिंग की गई। 15वें वित्त आयोग की राशि का सबसे पहले यूटीलाइजेशन बाघणी पंचायत ने किया था, जिस पर भी पंचायत को ब्लॉक स्तरीय बैठक में पुरस्कार मिला है। आगामी पंचायत चुनावों को लेकर निर्णय ग्रामीणों पर छोड़ा है।

**-सुरेश कुमार, पूर्व प्रधान, ग्राम पंचायत बाघणी**

### पंचायत ने किए अच्छे कार्य



**पंचायत** में अच्छे कार्य हुए हैं, लाइब्रेरी का निर्माण हुआ है। डंगे बनाए गए हैं, सफाई व्यवस्था बेहतर है।

**-सर्वचला देवी, ग्रामीण बाघणी पंचायत**

### समस्याओं का पंचायत ने करवाया समाधान



**बच्चों** को पढ़ने में दिक्कत होती थी, जिस पर पंचायत में लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है। घर से कूड़ा उठाने की बेहतर व्यवस्था है। डंगों, कूहलों का निर्माण किया गया है। ग्रामीणों को जो भी समस्या हो, उसे प्रधान के समक्ष उठाकर समाधान करवाया गया है।

**-रजनी देवी, ग्रामीण, बाघणी पंचायत**

### हैंडपंप लगाकर दूर की पेयजल समस्या



**जहां** भी पानी की समस्या थी, वहां पर हैंडपंप लगाए गए हैं। घर-घर से कूड़ा उठाने के लिए सप्ताह में दो बार गाड़ी आती है। युवाओं के खेलने के मैदान में सोलर लाइट्स लगाई गई हैं, वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतू लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है।

**-सुरजीत, ग्रामीण, बाघणी पंचायत**

### छोटा था पंचायत घर नया भवन बनाया



**पंचायत** में पहले पंचायत घर छोटा था, जहां नया भवन बनाया गया है। बच्चों के लिए लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है। पंचायत के खेल मैदान में बच्चों को रात खेलने के लिए मैदान में सोलर लाइट्स लगाई गई हैं। पंचायत में हैंडपंप की सुविधा उपलब्ध है।

**-मिलाप सिंह, ग्रामीण, बाघणी पंचायत**

### 35 लाख से बना पंचायत घर



**बाघणी** पंचायत में पांच साल में कूहलों, रास्तों व घराट के कार्य किए गए हैं। 30 लाख रुपये रुपए लागत से लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है। 35 लाख से पंचायत भवन का निर्माण किया गया। 15वें वित्त आयोग से बाघणी पंचायत को सबसे ज्यादा राशि खर्च करने पर ब्लॉक में प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया है।

**-तिलक राज, सचिव, ग्राम पंचायत बाघणी**

## न्यूज ब्रीफ

### बतरा कॉलेज के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** धर्मशाला कॉलेज में आयोजित एक्सल्सियर प्रोग्राम में पालमपुर महाविद्यालय के बीबीए के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। एक्सटेंपरी प्रतियोगिता में साक्षी ने दूसरा स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। भाषण प्रतियोगिता में रिया ने तीसरा और क्विज टीम ने भी तीसरा स्थान हासिल किया। प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने छात्रों को बधाई देते हुए उनकी शानदार प्रदर्शन और प्रतिभागिता की सराहना की। प्राचार्य ने बीबीए समन्वयक डॉ साहिल महाजन और स्टाफ के प्रयासों की सराहना की।

### धीरा स्कूल में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान संपन्न

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धीरा में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत आयोजित साइंस एग्जिबिशन और विभिन्न गतिविधियों का समापन हो गया। पिछले महीने से विद्यालय में साइंस, मैथ्स ओलंपियाड, क्यूज प्रतियोगिता और गेस्ट लेक्चर जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को इनाम प्रदान किए गए। बच्चों को हर गतिविधि के दौरान रिफ्रेशमेंट भी दी गई। प्रधानाचार्य विजय कुमार के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने और सृजनात्मक सोच विकसित करने में सहायक होती हैं। इस आयोजन में प्रेम ठाकुर, राजेश कुमार, सिकंदर कुमार, अभिषेक राणा, मधूबाला, अंजना कुमारी सहित समस्त स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया।

### करियर संभावनाएं विषय पर मार्गदर्शन व्याख्यान

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय, लंज में करियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा 21 फरवरी को स्नातक उपरांत पाठ्यक्रम और करियर संभावनाओं पर एक प्रभावशाली व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर द्रोणाचार्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रैत से सुमित शर्मा एवं अमित शर्मा ने विद्यार्थियों को विभिन्न स्नातकोत्तर और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों जैसे बीएड, एमए, एमबीए की रूपरेखा, प्रवेश प्रक्रिया और संभावनाओं की जानकारी दी। उन्होंने सिविल सेवा, बैंकिंग, अध्यापन, कॉर्पोरेट एवं अनुसंधान क्षेत्र में रोजगार अवसरों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण एवं कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। संवादात्मक सत्र में विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम का सफल आयोजन करियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. बृजेंद्र भूषण के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### खंड विकास अधिकारी ने सुनी लोगों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सहायक आयुक्त एवं खंड विकास अधिकारी भवारना ने ग्राम पंचायत मालनू में दो दिवसीय निरीक्षण कर पंचायत की विकासात्मक योजनाओं का लेखा-जोखा लिया और उनका भौतिक निरीक्षण किया। पहले दिन उन्होंने गांव लोअर मालग में आवास योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की और निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण कर सभी आवास बरसात से पहले तैयार करने के आदेश दिए। इसके साथ ही उन्होंने विकास में पिछड़ी गरीब बस्ती का दौरा कर वहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और सोक पिट बनाने के निर्देश दिए। दूसरे दिन एनआरएलएम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह के लाभार्थियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें अधिकारी ने महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। इस दौरान ग्राम पंचायत के अनेक लोगों की समस्याओं का निपटारा किया गया। निरीक्षण में विकास खंड भवारना के सभी नोडल अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### बच्चों को कल खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** 23 फरवरी को पूरे हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। बीएमओ महाकाल डॉक्टर दिलावर देओल के नेतृत्व में खंड महाकाल में भी इस दिन 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों को सरकारी स्कूलों, प्राइवेट स्कूलों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी तथा 1 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली के साथ-साथ विटामिन ए की दवाई भी पिलाई जाएगी। खंड स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रवि सियाल ने बताया की ब्लॉक महाकाल के अंतर्गत 1 वर्ष 19 वर्ष तक के बच्चों को यह सुविधा प्रदान की जाएगी उन्होंने इस वर्ग के बच्चों के अभिभावकों से अपील की है कि वह राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर अपने-अपने बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाना व विटामिन ए की दवाई पिलाना सुनिश्चित करें।

## किंजल को मिस पर्सनैलिटी का खिताब



रोजमेरी स्कूल हरिपुर में विदाई समारोह का किया आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**शिव गुलेरिया, देहरा।** रोजमेरी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल हरिपुर में कक्षा +2 के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भावपूर्ण एवं भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कक्षा +1 के विद्यार्थियों द्वारा बड़े उत्साह और स्नेह के साथ किया गया।

समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वागत भाषण से हुई। इसके पश्चात +1 कक्षा के विद्यार्थियों ने +2 के छात्रों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल एवं प्रतियोगिताएं आयोजित कीं। कार्यक्रम में फैशन शो, नृत्य प्रतियोगिता तथा गायन प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रहे। विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया और उपस्थित सभी शिक्षकों व छात्रों का भरपूर मनोरंजन किया।

फैशन शो में विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास और आकर्षक व्यक्तित्व का परिचय दिया। नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता में भी प्रतिभागियों ने अपनी कला से सबका मन मोह लिया। पूरा वातावरण हर्ष, उल्लास और भावुकता से भरा रहा। इस दौरान कनब शर्मा व कनिका शर्मा को मिस्टर व मिस फेयरवेल, अभय को मिस्टर व एंजेल को मिस रोजमैरी, प्रांशु को मिस्टर व रिद्धिमा को मिस कान्फीडेंट, अनुभव को मिस्टर व किंजल को मिस पर्सनैलिटी के खिताब से नवाजा गया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने कक्षा +2 के विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और जीवन में निरंतर आगे बढ़ते रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम भावुक क्षणों के साथ संपन्न हुआ, जहां सभी विद्यार्थियों ने एक-दूसरे के साथ अपनी यादें साझा कीं।

## अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी में लॉरेट इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी का शानदार प्रदर्शन

### अभिषेक ने शोध कार्य के माध्यम से पोस्टर प्रेजेंटेशन में हासिल किया द्वितीय स्थान

अनंत ज्ञान



निदेशक डॉ. एमएस अशावत ने अभिषेक को बधाई दी। अनंत ज्ञान

**ज्वालामुखी।** लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में सोसाइटी ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन & रिसर्च की ओर से आयोजित 15वें वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी में लॉरेट इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के छात्र ने शानदार सफलता हासिल की है।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मोनिका गुलाटी डॉ. जीडी गुप्ता तथा डॉ. उपेंद्र नगीच उपस्थित रहे। सम्मेलन में पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में कुल 138 प्रतिभागियों ने भाग लिया। लॉरेट इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के एम. फार्मेसी (फार्मास्यूटिक्स) के छात्र अभिषेक शर्मा ने अपने उत्कृष्ट शोध कार्य के माध्यम से पोस्टर प्रेजेंटेशन में द्वितीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर संस्थान के प्रबंधक एवं निदेशक डॉ. रण सिंह तथा प्राचार्य एवं निदेशक डॉ. एमएस अशावत ने छात्र को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। फार्मास्यूटिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विनय पंडित ने भी अभिषेक शर्मा को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके अलावा संस्थान से एम. फार्मेसी के 25 तथा फार्म डी के 30 विद्यार्थियों ने भी इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए। डॉ. तरुण, डॉ. स्वाति सहायक प्रोफेसर केशव मौजूद रहे । यह उपलब्धि न केवल छात्र की मेहनत और समर्पण को दर्शाती है, बल्कि संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोध संस्कृति का भी प्रमाण है।

## जिलास्तरीय होली मेला जयसिंहपुर की तैयारियां शुरू

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जिलास्तरीय होली मेले का आयोजन जयसिंहपुर में 5 और 6 मार्च को किया जाएगा। मेले की तैयारियों को लेकर मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम संजीव ठाकुर ने प्रेसवार्ता कर आयोजन के बारे में जानकारी दी। एसडीएम ने बताया कि मेले के दौरान छिंज मुख्य आकर्षण होगी। इसमें देश के दूरदराज क्षेत्रों से नामी पहलवान हिस्सा लेंगे और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। एसडीएम ने बताया कि छींज के विजेता, उपविजेता के लिए इस बार आकर्षक इनाम रखा गया है।

उन्होंने बताया कि प्रशासन का प्रयास है कि इस बार मेले के स्वरूप को और अधिक भव्य बनाया जाए। एसडीएम ने बताया कि मेले के दौरान व्यापारिक गतिविधियों और प्लॉट आवंटन के लिए प्रशासन द्वारा मेला ग्राउंड की बोली के लिए 24 फरवरी को सुबह 11 बजे एसडीयम कार्यालय में आयोजित की जाएगी, जिसमें 14 लाख रुपए का रिजर्व प्राइस तय किया गया है। उन्होंने बताया कि नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने वाले प्रत्येक इच्छुक व्यक्ति को 1 लाख रुपए की धरोहर राशि मौके पर जमा करवानी होगी। किसी भी व्यक्ति को बोली में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एसडीएम ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और आयोजन को सफल बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

## एमडी एचआरटीसी ने किया बैजनाथ बस अड्डे का निरीक्षण



बैजनाथ बस अड्डे का निरीक्षण करते एचआरटीसी के एमडी डॉ. निपुण। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** हिमाचल पथ परिवहन निगम के प्रबंधक निदेशक डॉ. निपुण जिंदल ने शनिवार को बैजनाथ में निर्माणाधीन बस अड्डे का निरीक्षण किया तथा संबंधित ठेकेदार को इसे शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी जारी किए।

उन्होंने कहा कि बैजनाथ बस अड्डे का 85 फीसदी कार्य पूरा कर लिया है तथा बचा हुआ कार्य अगले दो महीनो में पूरा कर इसे मई माह में जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। प्रदेश में रेल तथा हवाई कनेक्टिविटी कम होने के कारण एचआरटीसी लोगों के लिए लाइफ लाइन का कार्य कर रही है तथा एचआरडीसी यात्रियों के लिए अच्छी सुविधाएं भी प्रदान कर रही हैं। प्रदेश में आधुनिक बस अड्डों का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें यात्रियों को हर सुविधा प्रदान की जाएगी। पुराने बस अड्डे को लेकर उन्होंने कहा कि निगम की आय को बढ़ाने के लिए यहां कमर्शियल कांप्लेक्स विकसित किया जाएगा। 20 करोड़ रुपए के लागत से बनाए जाने वाले इस भव्य बस अड्डे में 13 बस टर्मिनल बनाए गए हैं। दिन में चार टर्मिनल अंतर राज्य बसों के लिए, जबकि 9 टर्मिनल विभिन्न जिलों को संचालित किए जाने वाले के लिए रहेंगे। बस अड्डा प्राधिकरण की ओर से तीन मंजिला भवन के दूसरी मंजिल पर रेस्टोरेंट दुकान और अन्य विभाग की कार्यालय भी होंगे। इस अवसर पर एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम,डीएम धर्मशाला पंकज चड्ढा,आरएम बैजनाथ शशांक धीमान,सुरेंद्र ट्रेडर्स के गगन कुमार मल्ली, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस ने दो दिन में किए चार तस्कर किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** नशे व नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने दो दिन में चार नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसपी कुलभूषण वर्मा ने बताया कि अभियान को तेज कर आदतन नशा तस्करों पर सख्त नजर रखी जा रही है, ताकि उनकी अवैध गतिविधियों में कमी लाई जा सके। भारत उर्फ तम्मा पुत्र स्व. सेठा राम, निवासी गांव व डाकघर छन्नी, तहसील इंदौरा को पीआईटीआई एनडीपीएस एक्ट 1988 के तहत निरुद्ध किया गया।

इसके विरुद्ध पहले भी मादक पदार्थों की बरामदगी और अन्य मामलों में दर्ज प्राथमिकी है। बार-बार अपराध में शामिल होने के कारण सक्षम प्राधिकारी ने उसके खिलाफ निरोध आदेश जारी किया। पुलिस ने बताया कि अन्य तीन तस्करों के खिलाफ भी एनडीपीएस एक्ट के तहत विधिक कार्रवाई जारी है। पुलिस आमजन से अपील करती है कि नशे के विरुद्ध इस अभियान में सहयोग दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। नशा तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी।

## जिलास्तरीय होली महोत्सव में कमेटी को मिलेगा प्रशासन का पूरा सहयोग: किशोरी लाल

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** जिलास्तरीय होली महोत्सव पपरोला 1 मार्च से 5 मार्च तक मनाया जाएगा। इस मेले का मुख्य आकर्षण संध्याकालीन निकलने वाली झांकियां होंगी। होली महोत्सव को लेकर एसडीएम कार्यालय में हुई बैठक में विधायक किशोरी लाल ने कहा कि पपरोला का मेला सदियों पुराना है व यहां की झांकियों को देखने दूरदराज के लोग आते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार भी होली मेले को धूमधाम से मनाने के लिए होली मेला कमेटी का प्रशासन पूरा सहयोग करेगा।

महोत्सव की शुरुआत बाबा ज्ञान दास मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा के साथ शुरू होगी, जबकि 4 मार्च को होली खेले जाएगी। इस दौरान व्यापार मंडल से मनोज सूद, होली मेला के पूर्व अध्यक्ष गौरव सूद, विशाल सूद, भूरी सिंह, सचिन शर्मा आदि ने बताया कि जल्द की होली महोत्सव को लेकर कमेटी का गठन कर लिया जाएगा। इस मेले में सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो, उसके लिए हर बाजार से लोगों को जोड़ा जाएगा। इस दौरान तहसीलदार रमन ठाकुर ने बीते वर्ष होली मेले में हुए आय व्यय का लेखा जोखा विधायक को बताया।

## ज्वालाजी में एईसी वेटरन्स का राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

### शिक्षा की गुणवत्ता और पर्यावरण संरक्षण पर होगा मंथन, देशभर से जुटे पूर्व सैनिक

अनंत ज्ञान



वक्ताओं ने सेना शिक्षा कोर की ऐतिहासिक भूमिका, समाज के प्रति पूर्व सैनिकों की सक्रिय भागीदारी पर प्रकाश डाला। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय सेना की सेना शिक्षा कोर (एईसी) के पूर्व सैनिकों का राष्ट्रीय सम्मेलन शनिवार पवित्र तीर्थस्थल ज्वालाजी मंदिर में विधिवत रूप से आरंभ हो गया। देवभूमि हिमाचल प्रदेश में आयोजित इस दो दिवसीय सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में एईसी वेटरन्स भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र में वक्ताओं ने सेना शिक्षा कोर की ऐतिहासिक भूमिका, उसके गौरवशाली योगदान तथा सेवानिवृत्ति के पश्चात भी समाज के प्रति पूर्व सैनिकों की सक्रिय भागीदारी पर प्रकाश डाला।

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों के बीच आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करना, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस रणनीति तैयार करना तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे समसामयिक विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श करना है। अपने विचार मीडिया से साझा करते हुए विधार्थी ने कहा कि यह एसोसिएशन का छठा वार्षिक अधिवेशन है। हर साल अलग-अलग राज्यों में आयोजित होता है और पहला वार्षिक उत्सव दिल्ली में आयोजित किया गया था और इस समारोह का उद्देश्य समाज के युवा वर्ग को भी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूक करना व अच्छा कार्य करने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करना है।

एसोसिएशन की ओर से हर वर्ष प्रकाशित की जाने वाली स्मारिका में ऐसे युवाओं के फोटो राइजिंग स्टार के रूप में प्रकाशित किए जाते हैं। इसके साथ साथ पर्यावरण व शिक्षा के साथ साथ सरकार द्वारा चलाए जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए एसोसिएशन काम कर रही है और देशभर के राज्य सरकारों को प्रस्ताव भेजे गए हैं। इस मौका पर सूबेदार योगेश कुमार अत्री , सूबेदार मेजर जसवीर सिंह, सूबेदार मेजर अरुण कुमार, सूबेदार मेजर राम वीर सिंह, सूबेदार सीआर परेजा, शेरसिह राणा, कैप्टन उमेश कुमार, अरुण कुमार आदि ने अपने अपने विचार साझा किए।

## पेंशनर्स महासम्मेलन कृतज्ञता और सम्मान का बना एक अनूठा संगम

### बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश ने थपथपाई टीम की पीठ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित पेंशनर्स महासम्मेलन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कृतज्ञता और सम्मान का एक अनूठा संगम बन गया। इस सफल आयोजन के पीछे खड़ी आयोजन समिति की बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जमकर सराहना की है।

उन्होंने कहा कि समिति के हर सदस्य की मेहनत और सचिव के कुशल प्रशासनिक तालमेल ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। डॉ. शर्मा ने विशेष रूप से रेखांकित किया कि आयोजन समिति ने जिस व्यवस्थित ढंग से इस सम्मेलन को मूर्त रूप दिया, वह काबिले तारीफ है। बोर्ड सचिव की देखरेख में हुई इस प्लानिंग ने सुनिश्चित किया कि वर्षों तक बोर्ड की सेवा करने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अपनी गरिमा और महत्व का अहसास हो। अध्यक्ष ने इस टीम वर्क को बोर्ड की कार्यकुशलता का बेहतरीन उदाहरण बताया। इस आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि पेंशनर्स की ओर से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया रही। सम्मेलन में पहुंचे पूर्व कर्मचारियों ने बोर्ड प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद इस तरह का आत्मीय सम्मान उनके जीवन के इस पड़ाव पर नई ऊर्जा भर देता है। पेंशनर्स ने साझा किया कि इस पहल ने बोर्ड के साथ उनके भावनात्मक रिश्ते को और भी सुदृढ़ किया है। बोर्ड अध्यक्ष ने पेंशनर्स को भरोसा दिलाया कि उनके हितों की रक्षा और उनके सुझावों को सुनना बोर्ड की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आयोजन समिति के इस सफल प्रयोग को अब एक परंपरा बनाया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे सम्मेलन नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे ताकि बोर्ड की अमूल्य पूंजी यानी उसके पेंशनर्स का कल्याण सुनिश्चित हो सके।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल के प्रिंस ने एनडीए और एसएसबी परीक्षा में हासिल की सफलता

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट के छात्र प्रिंस मलेका ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की लिखित परीक्षा तथा सर्विसेज सिलेक्शन बोर्ड (एसएसबी) इंटरव्यू सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर लिया है। अब इंडियन आर्मी में शामिल होने जा रहा है, जो राष्ट्र सेवा की एक गौरवपूर्ण शुरुआत है।

प्रिंस ने सदैव अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और देशभक्ति की भावना का परिचय दिया है। वे विद्यालय के विशेष एनडीए प्रोग्राम का हिस्सा रहे, जहां उन्हें शैक्षणिक मार्गदर्शन, शारीरिक प्रशिक्षण तथा व्यक्तित्व विकास के माध्यम से रक्षा सेवाओं के लिए तैयार किया गया। इसके अतिरिक्त, प्रिंस विद्यालय की एनसीसी आर्मी विंग के सक्रिय सदस्य भी रहे, जहां उन्होंने नेतृत्व, अनुशासन और सेवा भावना को और सुदृढ़ किया। उनकी यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत,



निदेशक सनी महाजन ने प्रिंस को दी शुभकामनाएं। अनंत ज्ञान

समर्पण और अटूट संकल्प का प्रमाण है। विद्यालय परिवार की ओर से प्रिंस और उनके अभिभावकों को इस अद्वितीय सफलता पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उनकी सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत है, जो सशस्त्र बलों में जाकर राष्ट्र की सेवा करने का सपना देखते हैं। विद्यालय के निदेशक सनी महाजन ने कहा कि प्रिंस की उपलब्धि हमारे संस्थान के लिए गर्व का विषय है। प्रताप वर्ल्ड स्कूल में हम केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि चरित्र, साहस और प्रतिबद्धता का भी निर्माण करते हैं। उनकी एनडीए और एसएसबी में सफलता हमारे मार्गदर्शन और मूल्यों का प्रतिफल है। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। प्रधानाचार्या शुभ्रा रानी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रिंस सदैव मेहनती, लक्ष्य के प्रति समर्पित और अनुशासित छात्र रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### होली उत्सव: बेबी शो के लिए करवाएं पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राष्ट्रीय होली उत्सव 1 से 4 मार्च तक सुजानपुर-टीहरा के ऐतिहासिक मैदान में आयोजित होगा। उत्सव के दौरान 2 मार्च को जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बेबी शो का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी हमीरपुर डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चे भाग ले सकेंगे। बेबी शो सुबह 9 से 12 बजे तक होगा। 3-5 वर्ष वर्ग 9 से 10 बजे, 1-3 वर्ष 10 से 11 बजे और 0-1 वर्ष 11 से 12 बजे तक आयोजित होगा। पंजीकरण 23 से 26 फरवरी सायं 4 बजे तक सिविल अस्पताल के कमरा नंबर 301 में किया जा सकेगा।

### सुजानपुर में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** विद्युत उपमंडल सुजानपुर के तहत आने वाले क्षेत्रों में 22 फरवरी को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान 33 केवी सब स्टेशन सुजानपुर में मरम्मत कार्य किया जाएगा। इसके चलते सुजानपुर शहर, सहित टीहरा, टिक्कर, बनाल, भलेठ, दाड़ला, कंगरी, चमियाणा, पटलांदर और आसपास के गांवों में बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता ई. चंद्रकांत ठाकुर ने जनता से सहयोग की अपील की है।

### जीवन सुरक्षा बीमा योजना की दी जानकारी




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** कांगड़ा केंद्रीय बैंक शाखा डिडवीं टिक्कर व नाबार्ड के सौजन्य से वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन थाना गांव में किया गया। इसमें शाखा प्रबंधक संजीव कुमार ने बीमा योजना, डिजिटल भुगतान, साइबर फ्रॉड, वित्तीय घोटाले तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। बैंक अधिकारी विवेक सिंह ने लोगों को वित्तीय साक्षरता के बारे में जागरूक किया व अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति योजना, जीवन सुरक्षा बीमा योजना के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में पंचायत के पूर्व प्रधान कुलदीप सिंह, सुदर्शन, सचिव मीना स्वयं सहायता समूह की प्रधान व सचिव अन्य लोगों के साथ मौजूद रहे।

### क्रिकेट स्टेडियम अमतर में दंगल आज

**अनंत ज्ञान, नादौन।** क्रिकेट स्टेडियम अमतर में दंगल मेले का आयोजन 22 फरवरी को किया जाएगा। दंगल को लेकर मेला प्रबंधक कमेटी ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। इस छिंज मेले में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर आदि प्रदेशों से नामी पहलवान हिस्सा लेंगे। यह जानकारी आयोजक पूर्व प्रधान सुनील शर्मा, रजनीश चौधरी, टिंका ठाकुर, परविंद्र मोनू कटोच, विपिन कुमार, होशियार सिंह, पिंकू, सीटा, दिवेश कुमार, धर्म सिंह शम्मू आदि ने लोगों से आग्रह किया कि वे छिंज मेले में पहुंचकर कार्यक्रम का हिस्सा बनें।

### अणु कलां व प्रतापनगर में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत लाइनों एवं उपकरणों की आवश्यक मरम्मत के कार्य के चलते 22 फरवरी को अणु कलां, पूल्ड कॉलोनी, पीडब्ल्यूडी ऑफिस एवं कॉलोनी, उपायुक्त कार्यालय, गांधी चौक, अप्पर बाजार, नादौन चौक, बस स्टैंड, प्रताप गली, प्रतापनगर, बराड़ बल्ह, पुलिस स्टेशन और साथ लगते क्षेत्रों में सुबह 10 से दोपहर बाद 3 बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने बताया कि मौसम खराब रहा तो मरम्मत का कार्य एक मार्च को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 फरवरी को ही पंजाब नेशनल बैंक दोसड़का से साईं अस्पताल डुग्घा तक और लालड़ी की ओर जाने वाले मार्ग पर एलटी लाइन के आस-पास पेड़ों की काट-छांट की जाएगी। इसके चलते इन क्षेत्रों में भी सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

### भरेड़ी में स्मार्ट मीटर पखवाड़ा आयोजित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के तत्वावधान में विद्युत उपमंडल भरेड़ी में 'स्मार्ट मीटर पखवाड़ा' के तहत विशेष जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें भरेड़ी और भोरंज क्षेत्र के अनेक उपभोक्ताओं ने भाग लिया। एसडीओ इंजीनियर संजय कुमार और वीरेंद्र कुमार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, लाभ और उपयोग की जानकारी देना है। स्मार्ट मीटर से उपभोक्ता रियल-टाइम बिजली खपत देख सकते हैं, जिससे पारदर्शिता और ऊर्जा बचत को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में स्थापना प्रक्रिया, ऑनलाइन बिलिंग और सटीक मीटर रीडिंग पर भी जानकारी दी गई।

### तकनीकी विवि में मनाया प्रबंधन दिवस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के प्रबंधन विभाग ने राष्ट्रीय प्रबंधन दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें एमबीए सहित विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में तीन सफल उद्यमियों ने अपनी प्रेरक यात्राएं साझा कीं। पहले सत्र में वशिष्ठ एंटरप्रेन्योर्स के संस्थापक ई. सुमित ने अंतरराष्ट्रीय अनुभवों और प्रबंधन कौशल पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में पहाड़ी जाइका के संस्थापक शुभम जम्वाल ने नवाचार और स्थानीय उद्यमिता के महत्व को बताया। अंतिम सत्र में सूरज स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट के प्रबंध निदेशक अशोक धमीजा ने दृढ़ता और साहस को सफलता की कुंजी बताया। कार्यक्रम में डॉ. मनीष खन्ना सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### परिसीमन के प्रारूप पर आपत्ति या सुझाव आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला परिषद हमीरपुर के कुल 18 वार्डों के परिसीमन का प्रारूप 20 फरवरी को प्रकाशित कर दिया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) गंधर्वा राठौड़ ने बताया कि जिला परिषद के वार्डों के परिसीमन के प्रारूप पर अगर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या फिर वह अपना कोई सुझाव देना चाहता है तो इन्हें प्रारूप के प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के भीतर संबंधित खंड विकास अधिकारी के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) कार्यालय में प्रस्तुत किया जा सकता है। 18 वार्डों में कुल 234 ग्राम पंचायतें हैं और वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार इन ग्राम पंचायतों की कुल जनसंख्या 3,85,158 है।

# बंक मारने वाले स्टूडेंट्स पर शिकंजा कसेंगे शिक्षण संस्थान

## एसडीएम निशांत शर्मा ने शिक्षण संस्थानों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**नादौन।** विद्यार्थियों में बढ़ रही अनुशासनहीनता व बंक के मामलों का कड़ा व सराहनीय संज्ञान लेते हुए एसडीएम निशांत शर्मा ने न केवल विभिन्न बाजारों व घाटों आदि का औचक निरीक्षण भी किया।

वहीं, एसडीएम ने शनिवार को एसडीएम कार्यालय में आयोजित की गई विभिन्न शिक्षण संस्थानों के साथ बैठक की। उन्होंने हिदायत दी कि शिक्षण संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थी स्कूल व कॉलेज टाइम में यदि बाहर में धूमते नजर आए, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित शिक्षण संस्थान की होगी। यदि कोई विद्यार्थी स्कूल या कॉलेज में नहीं पहुंचा है तो इस बारे वे महज गैरहाजरी लगाने तक सीमित न रहें, अपितु उसके अभिभावकों से भी इस बारे में बात करें और संयुक्त टीम बनाकर विद्यार्थियों पर नजर रखें, ताकि कुछ विद्यार्थियों में बढ़ रही अनुशासन हीनता व नशे आदि की गतिविधियों पर अंकुश लग सके। बैठक में राजकीय महाविद्यालय नादौन, कन्या व बाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल नादौन, डीडीएम साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन के दोनों स्थानों, विजय बल्लभ बीएड कॉलेज बेला व हाईपर कॉलेज बेला आदि शिक्षण संस्थानों के मुखियों, प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



शिक्षण संस्थानों के साथ बैठक करते एसडीएम निशांत। अनंत ज्ञान

### दुकानदारों को हिदायत कैबिन में पर्दे न लगाएं

**एसडीएम** ने लापरवाह विद्यार्थियों पर शिकंजा कसते हुए शनिवार को पुलिस टीम के साथ नादौन शहर के विभिन्न बाजारों का औचक निरीक्षण किया। बिना वजह मार्केट ,दुकानों व बस स्टैंड पर बैठे विद्यार्थियों से पूछताछ करते हुए बैठने व घूमने का कारण भी पूछा। एसडीएम ने फास्ट फूड आदि दुकानदारों को हिदायत दी कि वे कैबिन में पर्दे आदि न लगाएं, अन्यथा उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# प्रगुण गौतम को भाजयुमो हमीरपुर का जिला प्रभारी किया नियुक्त

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** भाजपा की जिला इकाई ने भाजयुमो में संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण के लिए प्रगुण गौतम को जिला प्रभारी नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि प्रगुण गौतम को इसी वर्ष जनवरी माह में भाजपा जिला हमीरपुर में जिला आईटी सह-संयोजक का दायित्व भी सौंपा गया था।



प्रगुण गौतम नादौन विधानसभा क्षेत्र की मझियार पंचायत के निवासी हैं। वे पूर्व में भाजयुमो जिला हमीरपुर में दो बार जिला महामंत्री के दायित्व भी निभा चुके हैं और भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल नादौन में पदाधिकारी भी रह चुके हैं। संगठनात्मक कार्यों में उनका व्यापक अनुभव रहा है और वे पार्टी के भीतर एक सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते हैं। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने प्रगुण गौतम पर विश्वास व्यक्त करते हुए आशा जताई कि उनके पूर्व अनुभव और संगठनात्मक क्षमता का लाभ युवा मोर्चा को मिलेगा, तथा पार्टी की विचारधारा और कार्यक्रमों को युवाओं तक और अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में वे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जिलाध्यक्ष ने प्रगुण गौतम को उनके वैवाहिक जीवन की नई पारी के शुभारंभ पर बधाई एवं शुभकामनाए भी दीं। उन्होंने कहा कि भाजपा पार्टी परिवार अपने प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ हर समय खड़ा है। नियुक्ति के उपरांत प्रगुण गौतम ने भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर एवं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा दी गई इस नई जिम्मेदारी को वे पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ निभाएंगे तथा युवा मोर्चा को सशक्त बनाने के लिए अपने सर्वोत्तम प्रयास करेंगे।

## भदरूं पंचायत के लोगों ने आपसी सहयोग से किया तीन मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार



**अनंत ज्ञान, धनेटा।** उपमंडल नादौन के भदरूं पंचायत के तीन गांव राजनौण, चैंक, उड़यान के मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार की मांग लंबे समय से चली आ रही थी। इसे कुछ तो सरकार द्वारा पंचायत के सहयोग से करवाया गया और बाकी बचे काम को लोगों ने आपसी सहयोग से पूरा किया। गांववासी अर्जुन गुलेरिया, जगत राम, पंकज, बलविंदर, कश्मीर सिंह आदि लोगों ने बताया कि गांव में जब कोई घटना घट जाती थी, तो सबसे बड़ी चुनौती अंतिम संस्कार की होती थी, क्योंकि उचित स्थान न होने के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

वहीं, यह समस्या बरसात के दिनों में और विकराल रूप धारण कर लेती थी। इसका कुछ काम तो पंचायत के सहयोग से हुआ और बाकी बचे काम को गांव वालों ने लगभग 3,75000 रुपए खर्च कर काम पूरा करवा कर एक मिसाल कायम की। इसके जीर्णोद्धार के साथ-साथ मुक्ति धाम प्रांगण में महाकाल की मूर्ति की स्थापना भी की गई, जिसमें तीनों गांव के युवाओं व बुजुर्गों ने भाग लिया।

## राजपूत सभा 8 मार्च को यूजीसी एक्ट के खिलाफ निकालेगी विरोध रैली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजपूत सभा के ब्लॉक और जिला पदाधिकारियों की बैठक वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश बन्याल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राजपूत समाज के साथ-साथ सामान्य वर्ग से जुड़े तमाम मुद्दों पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया और समुदाय के सभी सवालों के समाधान के लिए रणनीति तय की गई। वक्ताओं ने जाति आधारित आरक्षण पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली के कारण सामान्य वर्ग के एमबीबीएस डॉक्टर को एमडी प्रवेश के लिए 800 में से 580 अंक हासिल करने होते हैं, जबकि आरक्षित वर्ग का छात्र केवल 8, 9 या 10 अंक लेकर एमडी में प्रवेश ले रहा है। इसी प्रकार फीस में भी भेदभाव है, जहां एक आईएएस अधिकारी का बच्चा 8 हजार रुपए देकर सेमेस्टर करता है, जबकि गरीब सामान्य वर्ग का छात्र लगभग एक लाख रुपए देता है। सभी उपस्थितों ने यूजीसी अधिनियम के वर्तमान स्वरूप को निरस्त कराने और संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 8 मार्च को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय विरोध रैली में जिला से प्रतिनिधि भाग लेंगे, जबकि हमीरपुर के गांधी चौक पर भी प्रदर्शन किया जाएगा। सांसद अनुराग ठाकुर से अधिनियम पर पुनर्विचार कर सामान्य वर्ग के बच्चों के संवैधानिक अधिकार सुरक्षित करने का आग्रह किया गया। बैठक में जिला महासचिव जोगिंदर ठाकुर, वित्त सचिव रविन्द्र सकलानी, संयुक्त सचिव विनोद डढ़वाल, ब्लॉक अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में यह भी तय हुआ कि पदाधिकारी जिला के राजनीतिक दलों और अन्य प्रमुख पदाधिकारियों से मिलकर अपने समुदाय और सामान्य वर्ग के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएंगे।

# आरडीजी पर चुप्पी से साबित, भाजपा अपने नफे के लिए करते है राजनीति : सुभाष



कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने चकमोह पंचायत का दौरा किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बड़सर।** जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत शनिवार को कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने चकमोह पंचायत का दौरा किया। इसके अलावा न्यास बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों क्रमशः डिग्री कॉलेज, संस्कृत कॉलेज, मॉडल स्कूल एवं पीएचसी चकमोह का निरीक्षण किया।

ढटवलिया ने जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा की कथनी में बहुत अंतर है। भाजपा दिखावे की राजनीति करती है, जबकि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब आम आदमी के उत्थान के लिए कार्य करती है। उन्होंने कहा की आरडीजी को लेकर भाजपा की चुप्पी से साफ है कि भाजपा हमेशा जनहित नहीं, हमेशा अपने नफे के लिए राजनीति करती है। इसका जवाब जनता आने वाले समय में भाजपा को धरातल पर लाकर देगी।

# कृष मिस्टर और गौरी शर्मा बनी मिस पर्सनैलिटी




बिझड़ी स्कूल में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के सम्मान में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिझड़ी में शनिवार को 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के सम्मान में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रशासन व अध्यापकों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर जूनियर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर खूब वाहवाही लूटी। विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और मनोरंजक गतिविधियों ने सभी का मन मोह लिया। वहीं, मिस्टर फेवरेट का खिताब अमित ढटवलिया को दिया गया, जबकि मिस फेयरवेल आरुषि को चुना गया। मिस्टर पर्सनैलिटी का सम्मान कृष और मिस पर्सनेलिटी का ताज गौरी शर्मा के सिर सजा। प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने विद्यार्थियों को विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने अपने स्कूल के दिनों की यादें साझा कीं और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार एसएमसी अध्यक्ष राजीव शर्मा, केवल शर्मा अधीक्षक कमल शर्मा सहित अध्यापक और बच्चे मौजूद रहे।

## मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में राष्ट्रीय कार्यदल के तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए ध्यान एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर विशेष जागरुकता कक्षा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक सुदृढ़ता, सकारात्मक सोच और तनावमुक्त जीवन के प्रति प्रेरित करना था।

ब्रह्माकुमारी संस्था से पधारीं सपना बहन, जया बहन, रिया बहन तथा लता बहन ने विद्यार्थियों को ध्यान की सरल विधियां सिखाईं और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नियमित ध्यान से एकाग्रता बढ़ती है, चिंता कम होती है तथा आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। प्राचार्या प्रो. विभा ठाकुर ने विद्यार्थियों को मानसिक संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा दी। उप प्राचार्य प्रो. जितेंद्र ठाकुर सहित अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# शगुन मिस फेयरवेल व मन्नत को मिस ब्यूटीफुल चुना




गर्ल्स स्कूल हमीरपुर में विदाई समारोह का आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर में शनिवार को बारहवीं कक्षा की छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसमें विज्ञान संकाय की छात्रा शगुन को मिस फेयरवेल चुना गया। कला संकाय की अप्शिता को मिस इंटेलिजेंट, कॉमर्स संकाय की प्रियंका को मिस वेल ड्रेस्ड, कला संकाय की दिव्या नेगी को मिस पर्सनैलिटी और विज्ञान संकाय की मन्नत को मिस ब्यूटीफुल चुना गया।

इस अवसर पर सभी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए प्रधानाचार्य पूनम चौहान ने कहा कि वे अपने-अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण दौर में प्रवेश कर रही हैं और यहीं से उनके जीवन की दिशा तय होगी। इसलिए, सभी छात्राएं मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते हुए अपने लिए सुनहरा भविष्य सुनिश्चित करें। इस दौरान अगर उन्हें किसी भी प्रकार के मार्गदर्शन या मदद की जरुरत महसूस हो तो बेझिझक अपने स्कूल के शिक्षकों से संपर्क करें। स्कूल के अन्य शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने भी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा अपने कई अनुभव भी साझा किए।

**कार्यक्रम** विधायक ने जुली संपर्क मार्ग पर किया 3 मीटर स्पैन पुली का उद्घाटन

# सुजानपुर हलके का विकास प्राथमिकता: रणजीत

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कोट पंचायत के कोठी से जुली संपर्क मार्ग पर बनी 3 मीटर स्पैन पुली का उद्घाटन किया। 3 मीटर स्पैन का निर्माण लंबे समय से क्षेत्र की प्रमुख मांगों में शामिल था। बरसात के दिनों में यहां आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और किसानों को विशेष रूप से परेशानी झेलनी पड़ती थी। अब इस स्पैन के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि क्षेत्र के विकास को भी नई दिशा मिली है।

ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुविधा उनके लिए वर्षों की प्रतीक्षा का परिणाम है। विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि उनकी प्राथमिकता सदैव क्षेत्र की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना रही है। उन्होंने कहा कि सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी सुविधाएं किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास की आधारशिला होती हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सुजानपुर क्षेत्र में विकास कार्य पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने स्थानीय लोगों की जनसमस्याएं भी सुनीं। ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत, पेयजल आपूर्ति, बिजली व्यवस्था और अन्य विकास कार्यों से संबंधित मुद्दे उठाए। विधायक ने कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं का त्वरित निपटारा उनकी जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का उद्देश्य गांव-गांव तक विकास पहुंचाना है। कोठी से जुली संपर्क मार्ग पर बना यह 3 मीटर स्पैन केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि क्षेत्र की तरक्की की ओर एक मजबूत कदम है। विधायक ने उपस्थित जनसमूह को आश्वासन दिया कि भविष्य में भी क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा।




कोठी से जुली संपर्क मार्ग पर बने 3 मीटर स्पैन का उद्घाटन करते विधायक रणजीत। अनंत ज्ञान

## पर्ची बनाने में आ रही दिक्कत, हल निकाले प्रशासन : प्रकाश सेन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** प्रभात सुधार सभा हमीरपुर ने मेडिकल कॉलेज में पर्ची बनाने के लिए आ रही दिक्कतों पर नाराजगी व्यक्त की है। संस्था के प्रधान प्रकाश सेन ने कहा कि जब से सरकार ने सरकारी अस्पताल में मरीज की पर्ची का 10 रुपए निशुल्क रखा है, तब से दूरदराज के क्षेत्रों से राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में उपचार लेने तथा शल्य चिकित्सा करवाने के लिए आने वाले वाले बुजुर्गों, गर्भवती महिलाएं, दिव्यांगों तथा बच्चों को पर्ची बनवाने के लिए नेट बंद होने तथा सर्वर डाउन होने की वजह से लंबी लाइन में लगकर भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। संस्था ने मरीजों की परेशानियों को देखते हुए अस्पताल प्रशासन तथा जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि पहले ही मरीजों को भिन्न-भिन्न रोगों से ग्रस्त होने की वजह से भारी परेशानीयों का सामना करने पड़ रहा है। नेट बंद न हो, यह सुनिश्चित करना जरूरी हो गया है।

# उत्कृष्ट पूर्व छात्रों को किया सम्मानित

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रैल में पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रैल में पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम के उपाध्यक्ष डॉ. मोहन लाल कौंडल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। प्रधानाचार्य कपिल ठाकुर ने सभी पूर्व छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि पूर्व छात्र किसी भी संस्थान की अमूल्य धरोहर होते हैं। उनकी उपलब्धियां संस्थान की पहचान एवं प्रतिष्ठता को बढ़ाती है।

मुख्य अतिथि ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। अनुशासन मेहनत और निरंतर सीखने की भावना ही आपको आगे बढ़ाती है। आज का युग कौशल का युग है। यदि आपके पास ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक दक्षता है तो आप किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं। पूर्व छात्र सम्मेलन का उद्येश्य केवल मिलन नहीं, बल्कि एक मजबूत नैटवर्क बनाना है। डॉ. मोहन लाल ने सभी पूर्व छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। पूर्व छात्रों द्वारा अपने प्रशिक्षण काल की समृतियां साझा की तथा अपने व्यवसायिक अनुभवों से वर्तमान प्रशिक्षणों को मार्ग दर्शन प्रदान किया। उन्होंने तकनीकी शिक्षा के महत्व, कौशल विकास एवं रोजगार के अवसरों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान संस्थान की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई तथा भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की गई। वहीं, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पूर्व छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रशिक्षुओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई तथा संस्थान के विभिन्न ट्रेडों द्वारा तैयार किए गए स्किल प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। इस अवसर पर सुरेंद्र शर्मा सदस्य आईएमसी, प्रदीप कुमार सदस्य आईएमसी रैल तथा गुरनाम उपस्थित रहे। मैजिक बिलेन कंपनी से आए हुए कर्मचारी आशीष पांडे ने जर्मनी अप्रेंटिसशिप के बारे में प्रशिक्षुओं को अवगत करवाया। प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल व टोपी द्वारा सम्मानित किया गया तथा स्मृति चिन्ह भेंट किया।



विकास निगम के उपाध्यक्ष डॉ. मोहन लाल रहे मुख्यातिथि। अनंत ज्ञान

# युवक की संदिग्ध मौत पर बवाल

## परिजनों ने मर्डर का लगाया आरोप, शव के साथ मेडिकल कॉलेज के बाहर दिया धरना

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा में बीती देर रात 36 वर्षीय युवक की खाई में गिरकर हुई मौत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। परिजन इसे सीधा-सीधा हादसा मानने को तैयार नहीं हैं। उनका आरोप है कि युवक को सुनियोजित तरीके से ढांक से धक्का देकर मौत के घाट उतारा गया है। मेडिकल कॉलेज चंबा एवं अस्पताल के शव गृह के बाहर परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। उन्होंने साफ शब्दों में ऐलान कर दिया है— 'जब तक डीसी या एसपी मौके पर आकर निष्पक्ष जांच का भरोसा नहीं देंगे और हत्या का मामला दर्ज नहीं होगा, हम शव नहीं उठाएंगे।'

ग्राम पंचायत बरौर के गांव छमैरी (चमीणू) निवासी सोनू कुमार का शव देर रात गहरी खाई से बरामद हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज चंबा में रखवाया, लेकिन पोस्टमार्टम के बाद भी परिजन अड़े हुए हैं। उनका कहना है कि जिस हालत में शव मिला और जिस दूरी पर मृतक का मोबाइल फोन पाया गया, वह कई गंभीर सवाल खड़े करता है।



परिजन व ग्रामीण प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

मृतक के भाई भोलू सिंह ने भावुक और आक्रोशित स्वर में कहा, 'हमारे भाई की मौत हादसा नहीं, हत्या है। अगर यह दुर्घटना होती तो उसका फोन इतनी दूर कैसे मिलता? प्रशासन इस मामले को दबाने की कोशिश न करे। हमें न्याय चाहिए, समझौता नहीं।' 'घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य मनोज कुमार मनु भी मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत होता है और पुलिस को हर एंगल से जांच करनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके।

स्थानीय निवासी अब्दुला सहित कई ग्रामीणों ने भी इस घटना को संदिग्ध बताया। उनका कहना है कि गांव में इस तरह की घटना पहले कभी नहीं हुई और जिस तरह से घटनास्थल की परिस्थितियां सामने आई हैं, उससे हत्या की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। मेडिकल कॉलेज के शव गृह के बाहर देर रात तक ग्रामीणों की भीड़ डटी रही। माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द ठोस कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

### पुलिस हर पहलू की कर रही जांच: एएसपी

**इस** पूरे मामले पर एएसपी चंबा ने कहा कि पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम करवाया जा चुका है और फॉरेंसिक टीम से भी घटनास्थल का निरीक्षण करवाया गया है। एएसपी ने स्पष्ट किया कि मामले की जांच वैज्ञानिक साक्ष्यों और प्रत्यक्षदर्शियों–दोनों आधारों पर की जाएगी। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक विश्लेषण का इंतजार किया जा रहा है।

# नशा तस्करी पर कार्रवाई: 10 .08 ग्राम चिट्टे सहित 2 युवक गिरफ्तार



पुलिस टीम के साथ चिट्टे सहित पकड़े आरोपी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एसआईयू चंबा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। शनिवार को दोपहर लगभग 1:00 बजे पुलिस टीम ने 10.08 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद कर दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक अस्थायी नंबर कार, जो पठानकोट की ओर से तलेरू चोहड़ा डैम की तरफ आ रही थी, को शक के आधार पर रोका गया। तलाशी के दौरान कार से 10.08 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद हुई।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कमल भारद्वाज (23 वर्ष) पुत्र खेम राज, निवासी गांव धर, डाकघर भनजराड़ू, तहसील चुराह, जिला चंबा तथा मोहिंदर सिंह उर्फ धौनी (21 वर्ष) पुत्र प्रभुदयाल, निवासी तहसील चुराह, जिला चंबा के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है तथा आगे की जांच जारी है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि यह नशे की खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां सप्लाई किया जाना था। जिला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशा तस्करों के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# 1067 बकायेदारों पर सख्ती, 62 के कनेक्शन कटने के दिए आदेश

◆ 15 दिन में बिल जमा न करने पर बिजली होगी बंद

अनंत ज्ञान

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी।** राज्य बिजली बोर्ड के उप-मंडल चुवाड़ी ने बकाया बिजली बिलों की वसूली को लेकर सख्त रुख अपनाया है। विभाग ने समय पर बिल जमा न करने वाले 1067 उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए हैं, जबकि 62 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटने के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

बोर्ड के अनुसार जिन उपभोक्ताओं को पहले भी चेतावनी दी गई थी, उन्होंने अब तक बकाया राशि जमा नहीं करवाई। ऐसे उपभोक्ताओं के विरुद्ध अब सीधे डिस्कनेक्शन की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह कदम राजस्व हानि को रोकने और भुगतान अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

नोटिस प्राप्त करने वाले 1067 उपभोक्ताओं को 15 दिनों के भीतर अपनी बकाया राशि जमा करने का अंतिम अवसर दिया गया है। यदि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं किया गया, तो उनकी बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद कर दी जाएगी।

बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि कुछ मामलों में बकाया राशि कम है, लेकिन 3 से 4 महीनों से भुगतान लंबित है। विभाग अब ऐसे मामलों को भी गंभीरता से ले रहा है, जहां कम राशि होने के बावजूद भुगतान में लगातार लापरवाही बरती जा रही है।

उप-मंडल चुवाड़ी के सहायक अभियंता राकेश कुमार ने बताया कि उपभोक्ताओं को किसी भी असुविधा से बचने के लिए शीघ्र भुगतान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य दंडात्मक कार्रवाई नहीं, बल्कि समय पर बिल भुगतान की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

विद्युत बोर्ड ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने लंबित बिल तुरंत जमा कराकर संभावित बिजली कटौती से बचें।

# आरडीजी पर जनता को गुमराह कर रही कांग्रेस सरकार: राकेश कुमार

अनंत ज्ञान

**चंबा।** भाजपा ने आरडीजी ग्रांट के मुद्दे पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सरकार के खिलाफ तीखा मोर्चा खोल दिया है। त्रिलोचन महादेव मंडल, पांगी-भरमौर के आईटी संयोजक राकेश कुमार ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार अपनी वित्तीय विफलताओं को छिपाने के लिए केंद्र सरकार पर बेबुनियाद आरोप लगा रही है और जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रही है।



राकेश कुमार ने कहा कि यदि राज्य की आर्थिक स्थिति इतनी दयनीय थी तो फिर बड़ी संख्या में वाइस चेयरमैन और सीपीएस की नियुक्तियां क्यों की गईं? चेयरमैन के वेतन में बढ़ोतरी और एपीएमसी को नई गाड़ियां देने जैसे फैसले क्या वित्तीय अनुशासन का उदाहरण हैं? उन्होंने सवाल उठाया कि जब खजाना खाली होने की बात कही जा रही है, तो फिर ऐसे खर्चों का औचित्य क्या है? उन्होंने आरोप लगाया कि गलत नीतियों और कमजोर वित्तीय प्रबंधन के कारण हिमाचल प्रदेश गंभीर राजकोषीय संकट की ओर बढ़ गया है। बार-बार केंद्र को दोष देना जिम्मेदारी से बचने का प्रयास है। यह राजनीतिक बयानबाजी प्रदेश की जनता के साथ अन्याय है।

राकेश कुमार ने दावा किया कि भारत सरकार हिमाचल के विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। रेलवे विस्तार के लिए हजारों करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, वहीं पर्यटन क्षेत्र में भी बड़े निवेश और घोषणाओं के जरिए रोजगार सृजन के नए रास्ते खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र का ध्यान विकास पर है, जबकि प्रदेश सरकार का ध्यान केवल आरोप-प्रत्यारोप पर। अंत में भाजपा नेता ने कहा कि जनता अब तथ्यों और हकीकत को समझ रही है। प्रदेश को आर्थिक मजबूती और पारदर्शी शासन की जरूरत है, न कि भ्रम और राजनीतिक नाटक की।

## मेडिकल कॉलेज चंबा में उच्चस्तरीय निरीक्षण सुधार के सख्त निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा में पंडित जवाहरलाल नेहरू सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में शनिवार को उच्चस्तरीय संयुक्त निरीक्षण किया गया, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा देना और मरीजों को बेहतर, पारदर्शी व जवाबदेह सेवाएं सुनिश्चित करना था। प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता, संयुक्त निदेशक ओपी ठाकुर और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप सिंह के नेतृत्व में निरीक्षण टीम ने आपातकाल कक्ष, स्त्री रोग ऑपरेशन थियेटर, भोजनालय, सेंट्रल लैब और फार्मेसी स्टोर का औचक निरीक्षण किया। टीम ने मरीजों से बातचीत कर सेवाओं की वास्तविक स्थिति का मूल्यांकन किया और आवश्यक सुधारों के लिए ठोस निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान आपातकालीन तत्परता, लैब जांच व्यवस्था, दवाइयों का सुव्यवस्थित भंडारण व स्वच्छता को सराहा गया। अधिकारियों ने अस्पताल में गुणवत्ता, अनुशासन और संवेदनशीलता को अनिवार्य बताते हुए कर्मचारियों को मरीज-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। यह निरीक्षण स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जनविश्वास को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# एचपीसीए करेगा टर्फ पिच का निर्माण: नीरज नैय्यर

## पुलिस मैदान वारगाह के उन्नयन कार्यों को लेकर विधायक ने की बैठक

अनंत ज्ञान

**चंबा।** सदर विधायक नीरज नैय्यर ने चंबा जिला मुख्यालय स्थित पुलिस मैदान वारगाह के रखरखाव एवं उन्नयन कार्यों को लेकर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार सकलानी, अतिरिक्त उपायुक्त अमित मैहरा, सचिव हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन मनुज शर्मा सहित संबंधित विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ एक बैठक की।

नीरज नैय्यर ने बैठक के दौरान पुलिस मैदान वारगाह में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन देने से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मैदान की ड्रेनेज व्यवस्था में सुधार, दर्शक दीर्घा की मरम्मत तथा आवश्यक आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने को कहा।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने यहां आयोजित होने वाली विभिन्न खेल गतिविधियों से संबंधित विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्यों की रूपरेखा तैयार कर समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



विधायक नीरज नैय्यर बैठक करते हुए। अनंत ज्ञान

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार सकलानी ने इस अवसर पर कहा कि विभिन्न खेल संगठनों एवं संस्थाओं द्वारा आयोजित प्रतिस्पर्धाओं के सफल संचालन को पुलिस विभाग का सदैव सहयोगात्मक रवैया रहा है।

बैठक में हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सौजन्य से खेल मैदान में टर्फ पिच के निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर एचपीसीए के सचिव मनुज शर्मा ने अवगत किया कि टर्फ पिच के निर्माण का कार्य 1 मार्च से प्रारंभ किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि टर्फ पिच के तैयार होने के पश्चात मैदान के लेबलिंग और ड्रेनेज निर्माण का कार्य शुरू किया जाए तथा यहां मौजूद बास्केटबॉल कोर्ट में अन्य गतिविधियों की प्रभावी रोकथाम के लिए इसे चारों तरफ से जाली इत्यादि लगाकर बंद किया जाए।

खेल मैदान उदयपुर, राजपुरा तथा साहू से संबंधित चर्चा भी बैठक में की गई। उपनिदेशक स्कूल शिक्षा विकास महाजन, जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी रूपेश कुमार, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण दिनेश कुमार, कनिष्ठ अभियंता नगर परिषद नितिका ठाकुर इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पटवारियों पर बढ़ा बोझ, राजस्व कार्य प्रभावित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिला की भलेई उप-तहसील में पटवारियों पर लगातार बढ़ रहा कार्यभार प्रशासनिक व्यवस्था के लिए चिंता का विषय बन गया है। उप-तहसील के अंतर्गत आठ पटवार सर्कल आते हैं, लेकिन कर्मचारियों की कमी के कारण प्रत्येक पटवारी को दो-दो सर्कलों की जिम्मेदारी संभालनी पड़ रही है, जबकि एक पटवारी को तीन सर्कलों का अतिरिक्त भार उठाना पड़ रहा है। नायब तहसीलदार कमलेश कुमार के अनुसार स्टाफ की कमी से भूमि रिकॉर्ड का रख-रखाव, इंतकाल, जमाबंदी और अन्य राजस्व कार्य समय पर पूरा करना कठिन हो गया है। इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। लोगों को अपने भूमि संबंधी मामलों के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे असंतोष बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अतिरिक्त पटवारियों की तैनाती की मांग की है।

## तलेरू में पहली बार 'विंटर लेक फेस्टिवल' का शुभारंभ

# लेजर शो बना मुख्य आकर्षण

अनंत ज्ञान

**सुनील पहाड़ी, सलूणी।** जिला चंबा के सलूणी उपमंडल स्थित तलेरू वोटिंग प्वाइंट में पहली बार आयोजित तीन दिवसीय 'विंटर लेक फेस्टिवल' का भव्य आगाज हुआ। प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे इस मनमोहक स्थल पर आयोजित पहली सांस्कृतिक संध्या ने दर्शकों को उत्साह और उमंग से भर दिया।



कार्यक्रम में हिमाचल की प्रसिद्ध लोकगायिका भावना जरयाल और लोकप्रिय गायक काकू राम ठाकुर ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। भावना जरयाल ने 'दिल दीवाना', 'देवा श्री गणेश', 'मेरे रश्के कमर', 'आधी राती राजमा' और 'छड़ मेरी बैयां' जैसे गीतों से माहौल को सुरमय बना दिया। वहीं काकू राम ठाकुर ने पहाड़ी, हिंदी और पंजाबी गीतों का मिश्रण प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी भी कार्यक्रम के दौरान ताल से ताल मिलाती नजर आईं। इस अवसर पर एसडीएम सलूणी चन्द्रबीर सिंह, तहसीलदार व अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। चंबा की पहाड़ियों के बीच, चमेरा जल विद्युत परियोजना के जलाशय के किनारे स्थित तलेरू झील अपनी प्राकृतिक छटा के लिए जानी जाती है। हरियाली से आच्छादित पर्वत, नीले जल की लहरें और शांत वातावरण सैलानियों को विशेष आकर्षित करते हैं। फेस्टिवल का प्रमुख आकर्षण पहाड़ियों पर प्रदर्शित लेजर शो रहा, जिसमें भगवान शंकर की भव्य आकृतियां उकेरी गईं। रोशनी और संगीत के अनूठे समन्वय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में लोक नृत्य और मूसादा गायन प्रस्तुत कर सांस्कृतिक रंग और गहरा किया।

तलेरू वोटिंग प्वाइंट अब केवल प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र ही नहीं, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार का सशक्त माध्यम भी बन रहा है। चाय की दुकानें, फास्ट फूड स्टॉल, रेस्टोरेंट और स्थानीय उत्पादों के स्टॉल लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। यह महोत्सव न केवल सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का प्रयास है, बल्कि सलूणी क्षेत्र को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की पहल भी है।

# शिक्षा गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के लिए स्कूलों का किया जा रहा है युक्तिकरण: रोहित ठाकुर



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का चंबा पहुंचने पर स्वागत किया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के चंबा पहुंचने पर परिधि गृह में विधायक नीरज नैय्यर, उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार सकलानी, उपनिदेशक स्कूल शिक्षा विकास महाजन, विभिन्न जिला अधिकारियों तथा स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया।

इस दौरान रोहित ठाकुर ने प्रेस प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा जिला चंबा में की जा रही विभिन्न व्यवस्थाओं का धरातल पर आकलन कर भविष्य में उठाए जाने वाले आवश्यक कदमों पर विचार किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने बताया कि प्रदेश में कम नामांकन वाले विद्यालयों में की जा रही युक्तिकरण प्रक्रिया शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से की जा रही है।

उन्होंने कहा कि गत 10 वर्षों के दौरान देशभर में लगभग 90 हजार विद्यालयों का युक्तिकरण किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य संसाधनों का पूर्ण एवं प्रभावी सदुपयोग सुनिश्चित करना है। साथ में उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में युक्तिकरण किए गए अधिकांश विद्यालयों में नामांकन शून्य अथवा कम था। विद्यालयों का युक्तिकरण निर्धारित मानकों को आधार बनाकर किया गया है।

उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि संसाधनों का समुचित उपयोग करने से प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित होगी। उन्होंने इस दौरान लोगों की विभिन्न समस्याओं का भी समाधान किया। शिक्षा मंत्री को इस दौरान विभिन्न संगठनों तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने सम्मानित भी किया।

# एनएसयूआई ने शिक्षा मंत्री से चंबा कॉलेज में प्राध्यापकों की शीघ्र नियुक्ति की उठाई मांग



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा में एनएसयूआई चंबा इकाई के अध्यक्ष आर्यन भारद्वाज की अध्यक्षता में छात्र नेताओं ने राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय की शैक्षणिक समस्याओं को लेकर प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित किया। संगठन ने शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए प्राध्यापकों की शीघ्र नियुक्ति, एम.ए. पॉलिटिकल साइंस की सीटों में वृद्धि और विज्ञान संकाय में एम.एससी. कक्षाओं की स्वीकृति की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन और समाजशास्त्र विभाग में नियमित प्राध्यापकों की कमी से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। हिंदी विभाग में लगभग 600 छात्रों के लिए पर्याप्त प्राध्यापक नहीं हैं, जिससे कक्षाओं का संचालन कठिन हो रहा है। संगठन ने अतिरिक्त प्राध्यापकों की तैनाती और भौतिक विज्ञान एवं इतिहास विभाग में रिक्त पद भरने की भी मांग रखी। एनएसयूआई ने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो छात्रहित में आंदोलन की रणनीति अपनाई जाएगी। संगठन ने प्रदेश सरकार से अपेक्षा जताई कि वह महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए ठोस कदम उठाए।

# वॉयस ऑफ शिवरात्रि प्रतियोगिता के विजेता सागर को उपायुक्त ने नवाजा




विजेता को सम्मानित करते हुए डीसी मंडी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मंडी।** अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव-2026 के अंतर्गत आयोजित वॉयस ऑफ शिवरात्रि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सागर ने विजेता का खिताब प्राप्त किया।

इस अवसर पर उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने उन्हें सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उपायुक्त ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। प्रतियोगिता में अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया, किन्तु सागर ने अपनी मधुर आवाज और प्रभावशाली प्रस्तुति से निर्णायकों व दर्शकों का मन मोह लिया। समारोह में उपस्थित लोगों ने विजेता का जोरदार उत्साहवर्धन किया।

### मंडी पुलिस ने चालान कर वसूला 2700 रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला पुलिस मंडी द्वारा कानून व्यवस्था के तहत कार्रवाई करते हुए मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 429 चालान तथा कोटपा के अंतर्गत 27 चालान किए गए हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न उल्लंघनों पर 2700 रुपये जुर्माना भी वसूला गया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक मंडी द्वारा दी गई।

**लोकार्पण** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की पहल पर तैयार हुआ ऐतिहासिक स्मारक

# राज्यपाल ने 'प्रतीक-चिन्ह' का किया लोकार्पण

अनंत ज्ञान

**मंडी।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शनिवार को मंडी में मंडी नगर की स्थापना के 500 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी द्वारा निर्मित स्मारक 'प्रतीक-चिन्ह' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर, राज्यपाल ने कहा कि मंडी यह प्रतीक चिन्ह नगर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत का प्रतिनिधित्व करता है। इस प्रतीक-चिह्न का ध्येय वाक्य 'मंडी: पंचशतानि वर्षाणि – अविच्छिन्ना परम्परा' है, जो पांच शताब्दियों से प्रवाहित आस्था और सांस्कृतिक निरंतरता को रेखांकित करता है।



मंडी के 500 वर्ष पूर्ण होने पर स्मारक 'प्रतीक-चिन्ह' का लोकार्पण करते राज्यपाल। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि यह प्रतीक-चिह्न मंडी की 500 वर्षों की गौरवशाली यात्रा, उसकी अविच्छिन्न परंपरा और विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक है, जो अतीत, वर्तमान और भविष्य के मध्य एक सुदृढ़ सेतु के रूप में स्थापित होता है। इस स्मारक में 'गौरव वर्ष 500' मंडी की ऐतिहासिक यात्रा का संकेत देता है। 'छोटी काशी' के रूप में विख्यात मंदिरों की धार्मिक पहचान, रियासती महलों का वैभव तथा माधवराय पालकी की उत्सवधर्मी लोक परंपरा को इसमें दर्शाया गया है। त्रिशूल शिव-शक्ति का प्रतीक है, जबकि पर्वत और विपाशा नदी (व्यास) नगर की भौगोलिक विशिष्टता एवं प्राकृतिक सौंदर्य को अभिव्यक्त करते हैं।

प्रतीक-चिह्न की परिकल्पना चंद्रशेखर ठाकुर, सदस्य विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद एवं विधायक, धर्मपुर द्वारा की गई तथा इसके निर्माण के लिये मार्गदर्शन कुलपति आचार्य प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने प्रदान किया। अकादमिक प्रारूप इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा द्वारा तैयार किया गया, जबकि इसकी कलात्मक अभिव्यक्ति कुमारी स्वस्तिका शर्मा ने अपने सृजनात्मक संयोजन से साकार की। विधायक चंद्र शेखर, राज्यपाल के सचिव चंद्रप्रकाश वर्मा, कुलपति प्रो. ललित अवस्थी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

**व अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी एवं नायव तहसीलदार भवारना जिला कांगड़ा हि0प्र0।**
मुकदमा नं0 91/2023
किस्म मुकदमा-तकसीम
खाता नम्बर-72,73
तारीख पेशी 13/03 /2026
श्री धर्म पाल पुत्र रसीला राम पुत्र रौडा निवासी खमेहड़ उप तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि0प्र0 ....सायल
बनाम
1. अमन कटोच पुत्र व 2. पुष्पा देवी विध्वा खुशहाल चन्द उपनाम कुशल सिंह पुत्र शेर सिंह पुत्र हरी सिह 3. प्रशान्त सिंह पुत्र व 4. अभिलाषा पुत्री व 5. शिवानी पुत्री व 6. कुसुमा देवी विध्वा सुरेन्द्र कुमार निवासीगण खमेहड़ उप तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि0प्र0 ...प्रतिवादीगण।
**विषय:**- हिमाचल प्रदेश भू- राजस्व अधिनियम 1954 की धारा 123 के अन्तर्गत भूमि खाता नं0 72 व भूमि खाता नं0 73 मोहाल खमेहड़ उप तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि0प्र0 के भूमि विभाजन हेतु प्रार्थना पत्र।
उपरोक्त मुकदमा तकसीम इस न्यायालय में विचाराधीन हैं। उपरोक्त प्रतिवादीगण को कई बार समन जारी किए गए किन्तु विना तामील इस अदालत को प्राप्त हुए और न ही उपरोक्त प्रतिवादीगण के वर्तमान पते इस अदालत में उपलब्ध हो पा रहे है अत: अदालत की सन्तुष्टि हेतु या सिद्ध हो चुका है कि उपरोक्त प्रतिवादीगण की साधारण तरीका से तामील होना असम्भव है। अत: अब इस इश्तहार अखबार व मुस्त्रीमुन्यादी बस्पानगी के माध्यम सू उपरोक्त प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि वे तकसीम मुकदमा की पैरवी हेतू दिनांक 13/03/26 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर आए। अन्यथा गैर हाजरी की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उपरोक्त जन्म का पंजीकरण करने के आदेश पारित कर दिए जाएगें उसके उपरान्त कोई भी उजर व एतराज काबिले गौर न होगा।
आज दिनांक 19/02/26 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत जारी हुआ।
कार्यकारी दण्डाधिकारी भवारना

**IN THE COURT OF DR. GANESH THAKUR, MARRIAGE OFFICER-CUM- SUB DIVISIONAL MAGISTRATE SHAHPUR DISTRICT KANGRA (HP).**
1.Sh. Harish Kumar s/o Kuldeep Singh Village Ranher Po Rehlu Tehsil Shahpur Distt. Kangra (H.P)
2. Smt. Sapana Devi D/o Mahinder Singh Vpo Rehlu Tehsil Shahpur Distt. Kangra (H.P)
*Applicants...*
V/S
1. General Public 2. Local Registrar, Gram Panchayat Rehlu
*Respondents...*
**Subject:- Application for the Marriage registration u/s 16 of special Marriage Act, 1954.**
Applicants. Sh. Harish Kumar s/o Kuldeep Singh Village Ranher Po Rehlu Tehsil Shahpur Distt. Kangra (H.P) and Smt. Sapana Devi D/o Mahinder Singh Vpo Rehlu Tehsil Shahpur Distt. Kangra (H.P) has filed an application u/s 16 of special Marriage Act, 1954 along with declaration in which they have stated that they have solemnized their marriage on 13-08-2025 at Shri Mahant Dashnaam Juna Akada Vdha Hanuman Varanasi Sidh Baba Ghasi Ram Ashram Dutrga Bhavan Dadh Tehsil Palampur Distt Kangra (HP) as per Hindu rites & customs.
Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding the registration of this marriage can file an objection personally or in writing before this Court on or before 22-03-2026. After that no objection will be entertained and marriage will be registered accordingly.
**(Dr. Ganesh Thakur)**
**Marriage Officer-Cum-Sub Divisional Magistrate Shahpur, District Kangra**

कुल की प्रशंसा करने से क्या लाभ? शील ही (मनुष्य की पहचान का) मुख्य कारण है। क्षुद्र मंदार आदि के वृक्ष भी उत्तम खेत में पड़ने से अधिक बढते-फैलते हैं।

–मृच्छकटिक

## संपादकीय

# आर्थिक संकट में कड़े फैसले

हिमाचल प्रदेश सरकार ने सभी फल और सब्जियों पर एक प्रतिशत मार्केट फीस लगाने का फैसला कर अपने संसाधन जुटाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। यह फीस मंडियों के भीतर और सड़क किनारे चल रही सभी अस्थायी मंडियों से वसूली जाएगी। साल 2014 तक सभी फल एवं सब्जियों पर एक प्रतिशत मार्केट फीस ली जाती थी। उस समय देश में महंगाई बड़ा मुद्दा बन गई थी, जिसके बाद केंद्र की यूपीए सरकार के कहने पर कांग्रेस शासित राज्यों ने मंडियों में इस फीस की वसूली बंद कर दी। अब हिमाचल सरकार आर्थिक संकट से जूझ रही है, लिहाजा उसने पुरानी अधिसूचना को रद्द कर दिया है। इस फैसले के बाद प्रदेश के 10 जिलों की कृषि उपज विपणन मंडियों को सालाना 40 से 50 करोड़ रुपए आय होने की उम्मीद है। यह राशि एपीएमसी और मार्केटिंग बोर्ड के पास रहेगी और इससे ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण तथा मंडी ढांचे के सुधार पर खर्च किया जाएगा। दूसरी ओर इस फैसले का विरोध भी होना तय है। सरकार यहां तक कह रही है कि बाहरी राज्यों से हिमाचल में आने वाली फल-सब्जियों पर भी शिकंजा कसा जाएगा। अब देखना यह होगा कि सरकार इस विरोध को कैसे संभालती है और किसानों तथा उपभोक्ताओं के हितों में संतुलन कैसे बनाती है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने पिछले दो वर्षों में राजस्व बढ़ाने के लिए कई कड़े और विवादास्पद निर्णय लिए हैं। राज्य भारी कर्ज, कर्मचारियों के वेतन-पेंशन के दबाव और आपदा राहत जैसे खर्चों से जूझ रहा है। ऐसे में सरकार ने परंपरागत टैक्स के अलावा वैकल्पिक संसाधन जुटाने की नीति अपनाई है। सबसे बड़ा कदम नई आबकारी नीति के रूप में सामने आया, जिसमें शराब ठेकों को ऑक्शन-कम-टेंडर प्रणाली से आवंटित किया गया। इससे राज्य सरकार को हजारों करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय हुई। यह राजस्व वृद्धि तात्कालिक रूप से राहत देने वाली साबित हुई, लेकिन सामाजिक दृष्टि से इसके नकारात्मक प्रभावों की भी आशंका जताई जा रही है। ग्रामीण इलाकों में शराब की उपलब्धता बढ़ने से सामाजिक समस्याएं और स्वास्थ्य संबंधी खर्च बढ़ सकते हैं। बावजूद इसके सरकार का तर्क है कि आर्थिक मजबूरी में उसे यह रास्ता अपनाना पड़ा। सरकार जलविद्युत परियोजनाओं से रॉयल्टी हिस्सेदारी बढ़ाने जा रही है। कड़छम-वांगतू जैसी परियोजनाओं से राज्य को पहले की तुलना में अधिक प्रतिशत रॉयल्टी मिलने लगी है, जिससे हर साल स्थायी आय का एक स्रोत तैयार हुआ है। यह निर्णय दूरदर्शी माना जा सकता है, क्योंकि इससे हिमाचल अपने प्राकृतिक संसाधनों से बेहतर लाभ प्राप्त कर रहा है।

सरकार ने सरकारी संपत्तियों से भी आय बढ़ाने की नीति अपनाई है। कुछ प्रमुख परिसंपत्तियों को लेकर पुराने समझौतों की समीक्षा की गई और उनसे एकमुश्त सैकड़ों करोड़ रुपए का लाभ लिया गया। हालांकि, आलोचक इसे अल्पकालिक उपाय मानते हैं और कहते हैं कि इससे भविष्य की स्थायी आमदनी पर असर पड़ सकता है। सरकार का तर्क है कि बिना संसाधन जुटाए विकास योजनाएं और कल्याणकारी कार्यक्रम चलाना संभव नहीं है। दूसरी ओर विपक्ष का आरोप है कि इन फैसलों से आम आदमी पर बोझ बढ़ रहा है और महंगाई को और हवा मिल रही है। कांग्रेस को परंपरागत रूप से कल्याणकारी नीतियों की पार्टी माना जाता रहा है, लेकिन वर्तमान आर्थिक हालात ने उसे कठोर वित्तीय फैसले लेने पर मजबूर कर दिया है। भाजपा लगातार आरोप लगा रही है कि सरकार ने राजस्व बढ़ाने के नाम पर जनता की जेब पर डाका डाला है और शराब आधारित मॉडल को विकास का आधार बना लिया है।

वास्तविकता यह है कि हिमाचल की वित्तीय स्थिति में सुधार के संकेत जरूर मिले हैं, लेकिन संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। कर्ज का बोझ अब भी भारी है और आपदा प्रबंधन, वेतन, पेंशन व विकास योजनाओं के लिए संसाधनों की जरूरत लगातार बनी हुई है। इसलिए सरकार के लिए जरूरी है कि वह केवल टैक्स और फीस पर निर्भर न रहे, बल्कि पर्यटन, बागवानी, जलविद्युत और स्थानीय उद्योगों से दीर्घकालिक आय का मजबूत ढांचा खड़ा करे। बहरहाल, फल-सब्जियों पर मार्केट फीस लगाने का फैसला और अन्य राजस्व-वृद्धि कदम सरकार की आर्थिक मजबूरी को दर्शाते हैं। ये निर्णय तात्कालिक राहत तो दे सकते हैं, लेकिन इनके सामाजिक और राजनीतिक प्रभाव भी गहरे होंगे। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी

**उय्यलावडा** नरसिम्हा रेड्डी भारत के प्रारंभिक स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूतों में गिने जाते हैं। उनका जन्म 24 नवंबर 1806 को आंध्र प्रदेश के कुर्नूल जिले के उय्यालवाडा गांव में एक सैन्य परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम पेड्डा मल्ला रेड्डी और दादा का नाम जयारामी रेड्डी था। वे रायलसीमा क्षेत्र के प्रभावशाली पालेगार (स्थानीय नायक) थे और अनेक गांवों की जिम्मेदारी संभालते थे।



उय्यलावडा नरसिम्हा रेड्डी
जन्म : 24 नवंबर,1806
मृत्यु : 22 फरवरी, 1847

ब्रिटिशों द्वारा रायलसीमा क्षेत्र पर अधिकार करने के बाद जब कर व्यवस्था और किसानों पर अत्याचार बढ़े, तब नरसिम्हा रेड्डी ने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध आवाज उठाई। उन्होंने क्षेत्र की आय अंग्रेजों के साथ साझा करने से इनकार कर दिया और सशस्त्र विद्रोह का मार्ग अपनाया। वे गुरिल्ला युद्धनीति में निपुण थे। 10 जून 1846 को उन्होंने कोइलकुंतला के खजाने पर हमला किया और अपने संघर्ष की शुरुआत की। गिद्दलूर सहित कई स्थानों पर उन्होंने ब्रिटिश सेना को चुनौती दी।

ब्रिटिश सरकार ने उन्हें पकड़ने के लिए इनाम घोषित किया। अंततः 6 अक्तूबर 1846 को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उन पर राजद्रोह और हत्या का आरोप लगाकर मुकदमा चलाया गया। 22 फरवरी 1847 को कोइलकुंतला में सार्वजनिक रूप से उन्हें फांसी दे दी गई, ताकि अन्य लोग विद्रोह करने का साहस न कर सकें। उनके साथ जुड़े अनेक साथियों को भी कारावास और दंड का सामना करना पड़ा। नरसिम्हा रेड्डी का बलिदान 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से पहले का महत्वपूर्ण विद्रोह माना जाता है। उनकी स्मृति में 22 फ़रवरी 2017 को विशेष डाक आवरण जारी किया गया। उनके जीवन पर आधारित 'सई रा नरसिम्हा रेड्डी' नामक तेलुगु फिल्म भी बनी है। ■



कविता

### जालिम न लूट ले

अनंत ज्ञान

डॉ. अशोक प्यारे लाल चौबे

**जालिम** न लूट ले फसल बचा रहा हूं।
अपनी बात कहने जालिम से सड़क पर आ रहा हूं।
मैं आतंकी नहीं किसान हूं।
सर्द रात में फसलों को पानी पिला रहा हूं।
धूप में तेरे खाने को फसल जो तैयार कर रहा
बारिश में भीग कर फसल बचा रहा हूं।
जालिम न लूट ले फसल बचा रहा हूं।
मैं आतंकी नहीं किसान हूं।
बस अपनी बात जनता को बता रहा हूं।
कीलें बिछा दो या अंगारे सड़क पर डाल दो।
मेरे पैरों को आदत है आग पर चलने की।
मैं किसान हूं बाधाओं से कहा डरकर रुकता हूं।।
जालिम न लूट ले फसल बचा रहा हूं।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# सीमाओं से परे मित्रता : स्काउट-गाइड आंदोलन का वैश्विक चिंतन

22 फरवरी का दिन केवल कैलेंडर की एक साधारण तिथि नहीं है, बल्कि यह आत्मचिंतन, मानवीय संवेदना और वैश्विक एकता का प्रतीक बन चुका है। इसी दिन विश्व चिंतन दिवस मनाया जाता है, जो स्काउट-गाइड आंदोलन से जुड़े लाखों बच्चों और युवाओं को यह एहसास कराता है कि वे केवल अपने विद्यालय, गांव या देश तक सीमित नहीं हैं, बल्कि एक ऐसे व्यापक वैश्विक परिवार का हिस्सा हैं जिसकी बुनियाद मित्रता, सेवा, सहयोग और भाईचारे पर टिकी है।



रजनीश रांगड़ा
जिला आयुक्त (स्काउट)
जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

वर्ष 2026 की थीम 'हमारी मित्रता' इस विचार को और अधिक गहराई देती है, क्योंकि आज के बदलते समय में मित्रता केवल व्यक्तिगत संबंधों तक सीमित न रहकर सामाजिक सद्भाव, वैश्विक शांति और मानवीय एकता की सबसे सशक्त कड़ी बन चुकी है। विश्व चिंतन दिवस इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि 22 फरवरी को स्काउट-गाइड आंदोलन के संस्थापक रॉबर्ट बैडेन-पॉवेल तथा उनकी पत्नी लेडी ओलिव बैडेन-पॉवेल का जन्म हुआ था। इस दिन को चुनने का उद्देश्य केवल दो महान व्यक्तित्वों को स्मरण करना नहीं, बल्कि उनके विचारों और मूल्यों को वर्तमान पीढ़ी के जीवन में उतारना है। बैडेन-पॉवेल का यह सपना था कि यदि दुनिया के बच्चे बचपन से ही एक-दूसरे को मित्र के रूप में जानें, एक-दूसरे की परिस्थितियों को समझें और सम्मान करें, तो भविष्य में युद्ध, घृणा और विभाजन की जगह सहयोग, संवाद और शांति का मार्ग स्वतः प्रशस्त हो जाएगा। विश्व चिंतन दिवस उसी सपने को सामूहिक चेतना में बदलने का एक निरंतर प्रयास है।

आज का विश्व अत्यंत तेजी से बदल रहा है। विज्ञान और तकनीक ने हमें भौगोलिक रूप से बहुत करीब ला दिया है, परंतु भावनात्मक स्तर पर कई बार हम एक-दूसरे से दूर होते जा रहे हैं। सोशल मीडिया के इस युग में संपर्क तो बढ़ा है, लेकिन संवेदना, धैर्य और आपसी समझ कहीं न कहीं कमजोर पड़ती दिखाई देती है। ऐसे समय में 'हमारी मित्रता' की थीम हमें रुककर यह सोचने को विवश करती है कि क्या हम सचमुच एक-दूसरे को समझ पा रहे हैं, या केवल दिखावटी जुड़ाव में उलझे हुए हैं।

स्काउट-गाइड आंदोलन बच्चों और युवाओं को यह सिखाता है कि सच्ची मित्रता केवल संदेशों, तस्वीरों या संपर्कों से नहीं, बल्कि सम्मान, विश्वास, सहयोग और जिम्मेदारी से बनती है। यह मित्रता समानता पर नहीं, बल्कि भिन्नताओं को स्वीकार करने की क्षमता पर आधारित होती है।



स्काउट्स और गाइड्स के लिए विश्व चिंतन दिवस आत्ममंथन का दिन होता है। इस दिन वे अपने दैनिक जीवन की सीमाओं से बाहर निकलकर वैश्विक परिदृश्य पर दृष्टि डालते हैं। वे यह सोचते हैं कि अन्य देशों में रहने वाले उनके साथी स्काउट्स और गाइड्स किन सामाजिक, आर्थिक या सांस्कृतिक परिस्थितियों में कार्य कर रहे हैं और वे अपने समाज के लिए किस प्रकार योगदान दे रहे हैं। यह सोच केवल सहानुभूति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वैश्विक नागरिकता की भावना को जन्म देती है।

जब कोई बच्चा यह समझता है कि दुनिया के किसी दूसरे कोने में रहने वाला बच्चा भी समान सपने, आशाएं और भावनाएं रखता है, तो भौगोलिक सीमाएं स्वतः ही अर्थहीन होने लगती हैं। स्काउट-गाइड आंदोलन में मित्रता केवल एक भावनात्मक विचार नहीं, बल्कि जीवन में उतारने योग्य मूल्य है। यह आंदोलन बच्चों और युवाओं को सिखाता है कि साथ मिलकर काम करना, जिम्मेदारियां साझा करना और कठिन परिस्थितियों में एक-दूसरे का सहयोग करना ही सच्ची मित्रता का आधार है।

टोली में कार्य करते हुए वे समझते हैं कि जीवन की राह अकेले भी तय की जा सकती है, परंतु साथ चलने से यात्रा अधिक सुरक्षित, सशक्त और सार्थक बन जाती है। यही अनुभव आगे चलकर नेतृत्व, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व की मजबूत नींव तैयार करता है। यहां नेतृत्व का अर्थ आदेश देना नहीं, बल्कि विश्वास अर्जित करना और सबको साथ लेकर आगे बढ़ना है। आज विश्व अनेक जटिल समस्याओं से जूझ रहा है–पर्यावरण संकट, सामाजिक असमानता, हिंसा, बेरोजगारी और मानसिक तनाव जैसी चुनौतियां केवल नियमों और तकनीक से हल नहीं हो सकतीं। इनके समाधान के लिए करुणा, संवाद, सहयोग और आपसी समझ की आवश्यकता है। 'हमारी मित्रता' का विचार बच्चों को सिखाता है कि समस्या चाहे स्थानीय हो या वैश्विक, उसका समाधान टकराव से नहीं बल्कि सहभागिता से निकलता है। स्काउट-गाइड आंदोलन बचपन से ही सहयोग और संवेदनशीलता की यही संस्कृति विकसित करता है।

मित्रता बच्चों को भावनात्मक सुरक्षा देती है। जब उन्हें यह विश्वास होता है कि उनके साथी उन्हें समझते और स्वीकार करते हैं, तो उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। स्काउटिंग का वातावरण प्रतिस्पर्धा से अधिक सहयोग पर आधारित है, जहां हर बच्चे को अपनी क्षमता के अनुसार योगदान देने का अवसर मिलता है। यही अनुभव उन्हें संतुलित और जिम्मेदार नागरिक बनाता है।

'सीमाओं से परे मित्रता' एक संकल्प है–ऐसी दुनिया का, जहां विविधता विभाजन नहीं बल्कि समृद्धि का कारण बने। विश्व चिंतन दिवस 2026 हमें याद दिलाता है कि मित्रता निरंतर अभ्यास है, जो संवाद, धैर्य और समझ से मजबूत होती है। यही इस आंदोलन की सच्ची आत्मा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# 'पीओजेके संकल्प दिवस' और भारत का राष्ट्रीय दायित्व

भारत के राष्ट्रीय जीवन में कुछ तिथियां केवल कैलेंडर की सामान्य तिथियां नहीं हैं, बल्कि वे राष्ट्र की चेतना, उसके संकल्प और उसके ऐतिहासिक दायित्व की जीवंत प्रतीक बन जाती हैं।



डॉ. महेंद्र ठाकुर
स्तंभकार, बेस्टसेलर एवं सुप्रसिद्ध पुस्तकों के संपादक
ट्विटर हैंडल @Mahender_Chem

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

22 फरवरी ऐसी ही एक तिथि है, जिसे आज 'पीओजेके संकल्प दिवस' के रूप में स्मरण किया जाता है। इसका आधार 22 फरवरी 1994 को भारत की संसद द्वारा सर्वसम्मति से पारित वह ऐतिहासिक प्रस्ताव है, जिसने स्पष्ट और दृढ़ शब्दों में यह उद्घोषित किया था कि 'जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा', तथा 'पाकिस्तान द्वारा कब्जा किए गए क्षेत्रों को खाली कराना भारत का वैध और न्यायसंगत अधिकार है'।

यह प्रस्ताव केवल एक विधायी दस्तावेज नहीं था, बल्कि यह राष्ट्र की सामूहिक इच्छा, उसकी ऐतिहासिक चेतना और उसकी संप्रभुता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता की अभिव्यक्ति था। 1994 का यह प्रस्ताव उस समय पारित हुआ, जब जम्मू-कश्मीर गंभीर चुनौतियों के दौर से गुजर रहा था। घाटी में आतंकवाद अपने चरम पर था, सामाजिक संतुलन भंग हो रहा था और हजारों निर्दोष नागरिक हिंसा और भय के वातावरण में जीवन जीने को विवश थे।

सीमापार से प्रशिक्षित आतंकवादियों की घुसपैठ, उन्हें हथियारों और वित्तीय संसाधनों की आपूर्ति, तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कश्मीर के प्रश्न को भारत के विरुद्ध प्रचारित करने के प्रयास, इन सबने स्थिति को और जटिल बना दिया था। संसद ने इस पूरी परिस्थिति का गंभीर संज्ञान लेते हुए स्पष्ट किया कि यह केवल आंतरिक सुरक्षा का प्रश्न नहीं, बल्कि भारत की संप्रभुता और राष्ट्रीय अखंडता की चुनौती है। इस प्रस्ताव का




सबसे महत्वपूर्ण पक्ष इसकी सर्वसम्मति थी। लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक होते हैं, किंतु जब राष्ट्र की एकता और अखंडता का प्रश्न आया, तो भारत के सभी राजनीतिक दल एक स्वर में खड़े हुए।

इस प्रकार संसद ने यह संदेश दिया कि जम्मू-कश्मीर के प्रश्न पर भारत की राष्ट्रीय नीति स्पष्ट, एकीकृत और अडिग है। संसद ने न केवल पाकिस्तान की आतंकवाद-समर्थक गतिविधियों की कड़ी निंदा की, बल्कि यह भी स्पष्ट किया कि भारत अपनी एकता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए पूर्णतः सक्षम और संकल्पित है। जहां तक इतिहास की बात है तो जम्मू-कश्मीर का भारत में विलय कोई आकस्मिक या विवादास्पद घटना नहीं थी।

26 अक्तूबर 1947 को राज्य के तत्कालीन शासक महाराजा हरि सिंह ने विधिवत विलय-पत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसके माध्यम से जम्मू-कश्मीर भारत का वैधानिक और संवैधानिक हिस्सा बना, किंतु पाकिस्तान समर्थित आक्रमण के कारण गिलगित, बाल्टिस्तान, मीरपुर, कोटली और मुजफ्फराबाद जैसे क्षेत्र भारत के प्रशासनिक नियंत्रण से बाहर हो गए। भारत इन्हें अपना अभिन्न अंग मानता है। इसी संदर्भ में 1994 में भारतीय संसद ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पाकिस्तान से कब्जाए गए क्षेत्रों को खाली करने की मांग की। यह प्रस्ताव केवल राजनीतिक वक्तव्य नहीं, बल्कि राष्ट्रीय संकल्प की औपचारिक अभिव्यक्ति था। लगभग 1,24,274 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र आज भी भारत के दावे के अनुसार उसके नियंत्रण से बाहर है।

इन क्षेत्रों से विस्थापित समुदायों तथा 1990 के दशक में आतंकवाद से प्रभावित कश्मीरी परिवारों की पीड़ा इस ऐतिहासिक प्रश्न को जीवंत बनाए रखती है। 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 और 35ए को निरस्त करने का निर्णय भी राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने के प्रयास के रूप में देखा गया। 22 फरवरी का 'पीओजेके संकल्प दिवस' इस ऐतिहासिक स्मृति, संवैधानिक अधिकार और राष्ट्रीय दायित्व की पुनर्पुष्टि का प्रतीक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# 6 बनाम 2 : वंदे मातरम् की विवादित विरासत के इतिहास की पड़ताल

28 जनवरी को गृह मंत्रालय ने वंदे मातरम् जो भारत का राष्ट्रीय गीत है के गायन को लेकर पहला औपचारिक प्रोटोकॉल जारी किया। निर्देश में कहा कि आधिकारिक आयोजनों में इसकी सभी छह स्तंभ गाए जाएं और उपस्थित सभी लोगों को सावधान मुद्रा में खड़े रहने का निर्देश दिया गया है।



प्रताप समयाल
स्वतंत्र टिप्पणीकार, शिमला

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इस निर्णय के साथ केंद्र सरकार ने उस रुख से अलग राह अपनाई है, जो 1937 से कांग्रेस नेतृत्व ने अपनाया था। उस समय मुस्लिम समुदाय के कुछ वर्गों की ओर से यह आपत्ति उठी थी कि गीत में हिंदू देवी देवताओं का आह्वान है। वंदे मातरम् की रचना बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 1875 में की थी। इसके पद उनके उपन्यास आनंदमठ में शामिल हुए। रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने इस गीत को संगीतबद्ध किया और 1896 में कांग्रेस के अधिवेशन में पहली बार गाया। गीत के पहले दो अंतरे मातृभूमि की प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्धि का वर्णन करते हैं। तीसरे और चौथे अंतरे में करोड़ों भुजाओं के संघर्ष के लिए उठ खड़े होने का आह्वान है। पांचवां अंतरा देश को हर मंदिर और तीर्थ में प्रतिष्ठित बताता है, जबकि छठा अंतरा मातृभूमि को दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती जैसी देवियों के रूप में रूपायित करता है। 1905 में बंगाल विभाजन के विरोध आंदोलन के दौरान यह गीत व्यापक रूप से गूंजा और स्वतंत्रता संग्राम का प्रमुख नारा बन गया।

ब्रिटिश शासन ने वंदे मातरम् को देशद्रोही नारा मानते हुए इसके दमन का प्रयास किया। अप्रैल 1906 में बंगाल में पुलिस ने वंदे मातरम् के नारे लगा रहे प्रतिनिधियों और स्वयंसेवकों पर लाठीचार्ज किया। कई लोग बेहोश होने तक पीटे गए। इसके बाद यह गीत त्याग और बलिदान का प्रतीक बन गया। 1937 में कांग्रेस कार्यसमिति ने जहां महात्मा गांधी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे ने इस विषय पर एक विस्तृत प्रस्ताव पारित किया। उसमें कहा गया कि उन्होंने गीत के




कुछ हिस्सों पर मुस्लिम मित्रों द्वारा उठाई गई आपत्तियों की वैधता को स्वीकार किया और निष्कर्ष निकाला कि केवल पहले दो छंद, जिन्हें राष्ट्रीय सभाओं में राष्ट्रगान के रूप में स्वीकार है और उनमें किसी प्रकार की धार्मिक आपत्ति का आधार नहीं है।

प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि बाद के अंतरे कम प्रचलित हैं और उनमें ऐसे संदर्भ हैं जो सभी धार्मिक समुदायों के अनुरूप नहीं बैठते। इसलिए आयोजकों को यह स्वतंत्रता हो कि वे किसी अन्य उपयुक्त गीत को भी शामिल कर सकें या आपत्तियां मुख्य तौर पर दो कारणों से थीं पहला बाद के अंतरों में आनंदमठ की पृष्ठभूमि के कारण मुसलमानों को विरोधी के रूप में चित्रित किए जाने की छवि और दूसरा, मातृभूमि का हिंदू देवी के रूप में पूजना कुछ समुदायों ने धार्मिक रूप से असंगत माना।

वंदे मातरम् का राष्ट्रीय आंदोलन के प्रतीक को एक सीमित द्वारा विवादित गीत में बदलना राष्ट्रवाद की व्याख्या में बदलाव का परिणाम था। उनके अनुसार, कांग्रेस ने मुस्लिम आपत्तियों को संबोधित करने के प्रयास में एक धर्मनिरपेक्ष छवि गढ़नी चाही, जिससे हिंदू सांस्कृतिक प्रतीकों के लिए अलग राजनीतिक स्थान उभर कर सामने आया। इसी संदर्भ में वंदे मातरम् का प्रश्न भी महत्वपूर्ण हो जाता है। यह गीत, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान क्रांति की चेतना जगाई, आज एक नई शुरुआत और विमर्श का प्रतीक बन गया है।

वंदे मातरम् राष्ट्रवाद, धार्मिक पहचान और राजनीतिक दृष्टिकोणों के बीच चल रही बहस का केंद्र है। छह अंतरों बनाम दो अंतरों की चर्चा उस व्यापक प्रश्न को सामने लाती है कि राष्ट्र की आत्मा को अभिव्यक्त करने वाले प्रतीकों की व्याख्या कैसे की जाए ताकि वे इतिहास का सम्मान भी करें और विविधता का संतुलन भी बनाए रखें।

कुल मिलाकर नई पीढ़ी के लिए यह आवश्यक है कि वह इस गीत को संपूर्णता में पढ़े और उसके ऐतिहासिक संदर्भ को समझे। इतिहास को न तो छिपाया जाना चाहिए और न ही किसी एक व्याख्या तक सीमित किया जाना चाहिए। संवाद, समझ और संवेदनशीलता के साथ इसे देखना ही आगे का संतुलित मार्ग हो सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# खैरात की राजनीति पर न्यायिक चेतावनी : अब भी न चेते तो देर होगी

लोकतंत्र यदि श्रम और स्वाभिमान पर खड़ा हो तो राष्ट्र सशक्त बनता है, पर यदि उसे मुफ्त की घोषणाओं की बैसाखियों पर टिका दिया जाए, तो वह आर्थिक रूप से अपंग हो जाता है। आज कई राज्यों में चुनावी राजनीति का स्तर इस हद तक गिर चुका है कि विकास की दृष्टि पीछे और खैरात की घोषणाएं आगे दिखाई देती हैं।



शिशुपाल गुप्ता
राजनीतिक विश्लेषक, चंबा

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

जो राज्य अपनी आय से अपना खर्च नहीं उठा पा रहे, जो वेतन-पेंशन के लिए भी कर्ज और केंद्र अनुदान पर निर्भर हैं, वे अरबों रुपए की मुफ्त योजनाएं बांटने की प्रतिस्पर्धा में क्यों और कैसे उतर रहे हैं? क्या यह आर्थिक विवेक है या वोट-बैंक का प्रलोभन?

इस प्रवृत्ति पर सुप्रीम कोर्ट भी गंभीर चिंता जता चुका है। न्यायालय ने स्पष्ट टिप्पणी की थी कि चुनावी वादों के नाम पर अंधाधुंध मुफ्त वितरण अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकता है और यह एक गंभीर नीति-स्तरीय मुद्दा है। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि 'फ्रीबी कल्चर' का दीर्घकालिक वित्तीय प्रभाव राज्यों की स्थिरता पर प्रश्नचिन्ह लगा सकता है। जब न्यायपालिका तक को हस्तक्षेप कर चिंता व्यक्त करनी पड़े, तो समझना चाहिए कि समस्या कितनी गहरी है। यह केवल अर्थशास्त्र का प्रश्न नहीं, बल्कि यह नैतिकता का प्रश्न है।

केंद्र से मिलने वाला धन किसी एक राज्य या दल की संपत्ति नहीं; वह पूरे राष्ट्र के करदाताओं का परिश्रम है। उसकी व्यवस्था संवैधानिक संस्थाओं और वित्तीय अनुशासन के तहत होती है। यदि उस धन को उत्पादक निवेश के बजाय राजनीतिक लाभ के लिए बांटा जाएगा, तो यह संघीय ढांचे की आत्मा के विरुद्ध होगा।

विशेषकर वे राज्य, जिनकी आय सीमित है–उदाहरणार्थ पर्वतीय प्रदेश– उन्हें



तो और अधिक उत्तरदायित्व दिखाना चाहिए, परंतु हो इसके विपरीत रहा है। कर्ज बढ़ रहा है, राजकोषीय घाटा गहरा रहा है, और उसके ऊपर मुफ्त की घोषणाओं की झड़ी। यह शासन नहीं, वित्तीय दुस्साहस है।

स्पष्ट शब्दों में कहें तो जब तक कोई राज्य अपने प्रशासनिक व्यय और मूलभूत दायित्वों को अपने संसाधनों से वहन करने में सक्षम न हो, तब तक व्यापक खैरात योजनाओं पर वैधानिक नियंत्रण होना चाहिए। गरीब और वंचित के लिए लक्षित सहायता अलग विषय है, परंतु सार्वभौमिक मुफ्त वितरण, जो सक्षम-अक्षम का भेद मिटा दे, वह आर्थिक अनुशासन की हत्या है। अब समय आ गया है कि मुफ्त योजनाओं को राजकोषीय उत्तरदायित्व कानूनों के दायरे में कठोरता से बांधा जाए।

केंद्र अनुदान को पूंजीगत एवं विकासात्मक व्यय से सशर्त जोड़ा जाए। प्रत्येक चुनावी घोषणा की वित्तीय व्यवहार्यता सार्वजनिक की जाए। और यदि आवश्यक हो, तो संसद स्तर पर स्पष्ट नीति बनाकर 'फ्रीबी कल्चर' पर अंकुश लगाया जाए। लोकप्रियता की राजनीति क्षणिक तालियां दिला सकती है, पर राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को खोखला कर देती है। न्यायालय की चेतावनी को यदि अब भी अनसुना किया गया, तो आने वाली पीढ़ियां इस वित्तीय अविवेक की भारी कीमत चुकाएंगी।

राष्ट्र निर्माण मुफ्त की थैलियों से नहीं, आत्मनिर्भर नागरिकों से होता है। खैरात नहीं–क्षमता, प्रतिस्पर्धा और उत्तरदायित्व ही सच्चे लोकतंत्र की पहचान हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## एक दिन और दस देवता












# बावड़ी के जल से ही होती है देवी चंडी चंडहारी की पूजा

## श्रीदेव किरडू को आज भी पहुंचाया जाता है बाजार में हर घर में

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** देवी चंडी चंडहारी उत्तरशाल का मोहरा भूमि से प्रकट हुआ है। शदियों पुरानी बात है कि एक महिला खेत में निराई का काम कर रही थी उस दौरान उसे माता का मोहरा मिला, उसके बाद माता की पूजा अर्जना आरंभ हो गई। देवी चंडी चंडहारी की एक बावड़ी है, जहां से माता की पूजा के लिए पानी आता है। देवी अंतर्राष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में पैदल ही आती है, इस दौरान देवी अपने भक्तों को आशीर्वाद देकर और आतिथ्य स्वीकार करते हुए शिरक्त करती है। देवी पुजारी हरेंद्र कुमार व धर्मेंद्र ड्क्षसह ने बताया कि 19-20 जुलाई को देवी का शाडणु मेला आयोजित किया जाता है। कटौला में देवी का मंदिर और भंडारगृह है, देवी श्रावण मास में खीर का भंडारा लगाती है। इसके साथ ही बैशाख के दो प्रविष्टे को देवी की पहली तिथि होती और वर्षभर के 12 माह में देवी को ज्येठी तिथि मनाई जाती है।

माता के साथ एक अन्य स्थान पर माता के छोटे भाई श्रीदेव किरडू कटौला प्रकट हुए हैं। देवी चंडी चंडहारी ने अपने भाई को बैठा राज प्रदार करते हुए कहा है कि सब कार्य मैं ही करूंगी आप दरवार में बैठे रहो। गौर करने वाली बात है कि राजतंत्र के समय जब राजा को श्रीदेव किरडू को देने के लिए जमीन नहीं रही तो उन्होंने श्रीदेव किरडू को मंडी रियासत का सारा बाजार प्रदान कर दिया। इसी परंपरा का निर्वहन करने के लिए श्रीदेव किरडू को आज भी बाजार में हर घर में पहुंचाया जाता है।

### हुरंग नारायण के बड़े भाई हैं देव घड़ौनी नारायण




**मंडी।** देव घड़ौनी नारायण हुरंग नारायण के बड़े भाई हैं, इन्हें बारिश और पानी का देवता माना जाता है, क्षेत्र में जब भी बारिश नहीं होती है तो इन्हीं के पास घाटी के सभी देवता हरका (बैठक) में शामिल होते हैं। गुर हरदेव ने बताया कि पांच साल बाद काइका उत्सव मनाया जाता है, जिसमें घड़ौनी नारायण मुख्य भूमिका निभाते हैं। देवता के साथ किसी भी प्रकार का नशीला पदार्थ नहीं चलता है, यह अमरगढ़ के आराध्य देव और हर प्रकार की बीमारियों को नष्ट करने वाले देव हैं। मार्गशीर्ष, माघ मास में रूहाड़ा, चौहारघाटी, उत्तरशाल में हारि फेरा होता है, देव के भंडारगृह के साथ ही देवता का स्वयं का पानी है। चौहार घाटी के देवताओं के रथ की शैली सबसे पुरानी रथ शैली मानी जाती है। प्रशासन और समाज वर्तमान में नशे के खिलाफ जागरूकता फैला रहा है, लेकिन शदियों पहले देव घड़ौनी नारायण ने धूम्रपान निषेध कर दिया था, भूत, भविष्य और वर्तमान के जानकार देवता ने नशे के खिलाफ काफी समय पहले से ही जागरूकता फैलानी आरंभ कर दी थी।

### सांप के काटने पर भक्तों की रक्षा करते हैं देव माहूंनाग

**मंडी।** देव माहूंनाग सांप के काटने पर भक्तों की रक्षा करते हैं और विष को हर लेते हैं। मंडी मुख्यालय से 35 किलोमीटर की दूरी पर तरौर नामक स्थान पर श्रीदेव मांहूनाग का लकड़ी और पत्थर से निर्मित प्राचीन शैली का मंदिर है। पुजारी दीनानाथ शर्मा ने बताया कि देव माहूंनाग का प्राचीन मंदिर जबराट जंगल में विराजमान है। प्राचीन समय में वहां दो चबूतरे मिले थे एक चबूतरे पर देव माहूंनाग के कड़ोले व त्रिशूल और दूसरे चबूतरे पर देवता का मंदिर निर्मित है। देव माहूंनाग को विष का भंडारी कहा जाता है, अगर किसी को सांप, बिच्छु, पागल कुत्ते इत्यादि विषैली चीज ने काट लिया तो देवता को गाय के गोबर से चौका लगा याद किया जाता है और छोटा सा पत्थर श्रद्धानुसार दक्षिणा रख कर बांधा जाता है और फिर देवता के आदेशानुसार चरणामृत व विभूति खाने को दी जाती है तत्पश्चात रोगी स्वतः ही ठीक हो जाता है। देवता का उत्पत्ति उत्सव ऋषि पंचमी को मनाया जाता है, इसके साथ ही देवता के पास चैत्र नवरात्रों में दुर्गा पाठ का आयोजन होता है। आश्विन मास को व चैत्र के नवरात्रों को जाग का आयोजन होता है व तीसरे नवरात्रे को विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में देवी चतर्भुजा शिरकत करती हैं।




### परदे में रहती हैं छह देवियां

**अंतर्राष्ट्रीय** महाशिवरात्रि महोत्सव में भाग लेने के लिए सैंकड़ों देवी-देवता मंडी पहुंचते हैं, लेकिन छह देवियां ऐसी हैं, जो राजमहल के निरोल में रहती हैं। यह देवियां बाहर नहीं निकलती हैं और लोग इनके वहीं दर्शन करते हैं। इन छह देवियों में बगलामुखी, श्रीदेवी बूढ़ी भैरवा पंडोह, श्रीदेवी काश्मीरी माता, श्री धूमावती, मां पंडोह शामिल हैं। बता दें कि राजतंत्र के समय राजमहल में रानियां इन्हीं देवियों की सेवा में तत्पर रहती थीं, लेकिन सदियों पुरानी इस परंपरा का आज भी निर्वहन किया जा रहा है। मंडी रियासत की छह क्षेत्रों से आने वाली यह देवियां परदे में रहती हैं और राजमहल के अंदर ही इनकी पूजा-अर्जना होती है।

## शिवरात्रि महोत्सव में टांकरी लिपि की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

अनंत ज्ञान



टांकरी लिपि पर प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए लोग

**ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव मंडी के अवसर पर प्राचीन सिद्ध काली मंदिर के द्वार के साथ 21 और 22 फरवरी को हिमाचल की लोक लिपि टांकरी से संबंधित दो दिवसीय प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसमें टांकरी लिपि के ऐतिहासिक महत्व और प्राचीन लेखन परंपरा को दर्शाया जा रहा है। बताया गया कि राज्यकाल में समस्त राजकीय कार्य टांकरी लिपि में ही होते थे तथा महाशिवरात्रि के निमंत्रण भी राजाओं के समय टांकरी लिपि में ही भेजे जाते थे, ऐसे में टांकरी लिपि के बिना हिमाचल का इतिहास और संस्कृति अधूरी मानी जाती है।

प्रदर्शनी में टांकरी लिपि में पोस्टकार्ड तथा अखरोट की स्याही से मंडी की टांकरी लिपि में नाम लिखकर दिए जा रहे हैं। स्वामी वासुदेवानंद गीरी महाराज, महाराष्ट्र ने टांकरी लिपि में अपना नाम लिखवाया, जबकि गुजरात से आई पर्यटक श्रुनाली ने अपने साथियों सहित 19 लोगों के नाम टांकरी में लिखवाए। अरुण सरस्वती विद्या मंदिर समखेतर के विद्यार्थियों ने भी प्रदर्शनी में पहुंचकर टांकरी दर्शन किए। महाशिवरात्रि में आए श्रद्धालु तथा स्थानीय लोग अपने पूर्वजों की लेखन परंपरा को देखकर आश्चर्यचकित हो रहे हैं और बड़े बच्चे टांकरी में अपना नाम लिखने तथा उसका इतिहास जानने में विशेष रुचि दिखा रहे हैं। प्रदर्शनी में टांकरी लिपि से संबंधित अभिलेख, पांडुलिपियां तथा प्राचीन लेखन परंपरा से जुड़ी वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं। इस प्रदर्शनी का संचालन मंडी की पारुल अरोड़ा द्वारा किया जा रहा है।

## महाशिवरात्रि महोत्सव के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे राज्यपाल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल मंडी के सुप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि राज्यपाल 21 फरवरी सायंकाल को मंडी पहुंचेंगे और महाशिवरात्रि महोत्सव की छठी एवं अंतिम सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे। उनका रात्रि ठहराव परिधि गृह मंडी में होगा। उन्होंने बताया कि 22 फरवरी को राज्यपाल मंडी जनपद के आराध्य राज देवता श्री माधोराय जी के मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे और श्री राज माधोराय की अगवानी में निकलने वाली महाशिवरात्रि महोत्सव की तीसरी एवं अंतिम जलेब में शामिल होंगे।

इसके उपरांत वे पड्डल मेला मैदान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। समारोह के पश्चात राज्यपाल सायंकाल शिमला के लिए प्रस्थान करेंगे।

## रस्साकस्सी प्रतियोगिता में महिला मंडल चच्योट विजेता

अनंत ज्ञान



रस्साकस्सी प्रतियोगिता में भाग लेती महिलाएं। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत रस्साकस्सी प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता में जिला मंडी के 8 महिला मंडलों की टीमों ने भाग लेकर खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला महिला मंडल सदयाणा और महिला मंडल चच्योट के मध्य खेला गया। रोमांचक मुकाबले में महिला मंडल चच्योट की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। इस अवसर पर डीएसपी, थर्ड बटालियन पंडोह अजय कुमार मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं महिलाओं में आत्मविश्वास, टीम भावना और शारीरिक सुदृढ़ता को बढ़ावा देती हैं। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उपस्थित होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन समिति द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया।

## छोटा भंगाल घाटी में स्मार्ट मीटर योजना का विरोध

अनंत ज्ञान

**रूपी ठाकुर, बरोट।** प्रदेश में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने की प्रक्रिया शुरू होने के बीच विद्युत विभाग द्वारा पंचायत स्तर पर जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं, लेकिन घाटी के विद्युत उपभोक्ता इस योजना का विरोध कर रहे हैं।

छोटा भंगाल घाटी के महिला मंडल नलहौता की प्रधान रमिता देवी और चेलरा दी मलाह की प्रधान शांता देवी ने बताया कि पहले गांव-गांव बैठकें कर लोगों को योजना के बारे में अवगत कराया जाएगा। इसके बाद सभी महिला मंडल मिलकर तहसील मुख्यालय मुल्थान में विशाल रैली निकालेंगी और तहसीलदार तथा विद्युत उपमंडल बरोट के सहायक अभियंता को विरोध प्रस्ताव सौंपेंगी, जिसे मुख्यमंत्री को भी भेजा जाएगा।

महिला नेताओं का आरोप है कि स्मार्ट मीटर योजना बिजली वितरण का निजीकरण, सब्सिडी समाप्ति, कर्मचारियों की छंटनी और पेंशन बंद करने की शुरुआत है। उनका कहना है कि प्रीपेड और पोस्टपेड मीटर रिचार्ज समाप्त होने पर चेतावनी के बाद बिजली काट देंगे, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग प्रभावित होगा। उन्होंने सरकार से पुराने मीटर यथावत रखने की मांग की है।

## मंडी की गौरवमयी विरासत का अहसास करा गई हेरिटेज वॉक

### राज माधव राय और भूतनाथ के जयकारों से गूंजा शहर

अनंत ज्ञान



हेरिटेज वॉक में भाग लेते लोग। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** छोटी काशी के नाम से विख्यात मंडी के 500वें प्रवेश वर्ष के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित 'हेरिटेज वॉक' ने लोगों को शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का सशक्त माध्यम प्रदान किया। अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत 15, 17, 18 और 20 फरवरी को आयोजित आठ सत्रों में करीब 180 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

शहर के प्रबुद्धजन, युवा, मातृशक्ति और आम नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। प्रतिभागियों ने कहा कि वर्षों से मंदिरों और ऐतिहासिक इमारतों को देखते आए हैं, लेकिन 'हेरिटेज वॉक' के माध्यम से पहली बार उनके इतिहास, स्थापत्य, आध्यात्मिक परंपराओं और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विस्तार से जानने का अवसर मिला। लोगों ने ऐसे आयोजन नियमित रूप से जारी रखने की अपेक्षा जताई। अंतिम दिन प्रातः सत्र में मातृशक्ति ने 'श्री राज माधव राय जी' और बाबा भूतनाथ के जयकारों के साथ वॉक में भाग लिया। प्रतिभागियों ने राज माधव राय मंदिर और भूतनाथ मंदिर में दर्शन कर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया।

दूसरा सत्र गुरु गोबिंद सिंह गुरुद्वारा साहिब की प्रबंधन कमेटी और संगत के नाम रहा। संगत जब दमदमा पैलेस पहुंची तो उससे जुड़ी ऐतिहासिक स्मृतियों को जानकर भाव-विभोर हो उठी। बताया गया कि अठारहवीं शताब्दी के आरंभ में मंडी के तत्कालीन राजा सिद्ध सेन के आग्रह पर गुरु गोबिंद सिंह ने दो दिन का प्रवास मंडी में किया था।

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने आयोजन की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल मंडी की ऐतिहासिक पहचान को सहेजने और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी ऐसे नवाचारपूर्ण प्रयास जारी रहेंगे ।हेरिटेज वॉक में भाग लेते लोग।

## जडोल में परिवार पर जानलेवा हमला, गाड़ियों में तोड़फोड़

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना सुंदरनगर की पुलिस चौकी सलापड़ के अंतर्गत जडोल क्षेत्र में पंजाब निवासी एक परिवार पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता अजय पुत्र जबर सिंह ने पुलिस को बताया कि जब उसने और उसके पिता ने डेरे के बाहर शराब पी रहे तीन व्यक्तियों को टोका तो उन्होंने डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसके पिता के सिर पर गंभीर चोट आई और अजय की बाजू भी चोटिल हुई। आरोपियों ने मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के साथ मौके पर खड़ी उनकी तीन गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए और अपनी ओमनी वैन (एचपी24बी-0847) में फरार हो गए। शिकायत के आधार पर थाना में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है तथा मामले में आगामी अन्वेषण जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### सीआईएसएफ ने बीएसएल वॉलीबॉल टूर्नामेंट जीता



मुख्यतिथि के साथ विजेता टीम। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, भीम बसेडू राजपूत, महादेव।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) यूनिट, बीएसएलपी सुंदरनगर की वॉलीबॉल टीम ने बीएसएल परियोजना, भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) सुंदरनगर की खेल समिति द्वारा आयोजित बीएसएल (पी) वॉलीबॉल टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर ली। फाइनल मुकाबला सीआईएसएफ टीम और सर्कल-2 के बीच खेला गया। सीआईएसएफ ने शानदार प्रदर्शन कर खिताब पर जीत लिया। समापन समारोह में डिप्टी चीफ इंजीनियर कश्मीर सिंह ठाकुर मुख्यातिथि रहे। उन्होंने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। समारोह में वरिष्ठ कार्यकारी अभियंता गुलशन मान, सीआईएसएफ के सहायक कमांडेंट दीपक जोशी सहित बीएसएल परियोजना व सीआईएसएफ के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अंशिका मिस व आदर्श बने मिस्टर फेयरवेल



**अनंत ज्ञान, बरोट।** चौहार घाटी में स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोट में फेयरवेल पार्टी एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक प्रधानाचार्य संजय कुमार ने की। उन्होंने बताया कि 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें मॉडलिंग, म्यूजिकल चेयर गेम और टाइटल राउंड प्रमुख रहे। समारोह के दौरान कृतिका को मिस पर्सनालिटी और गौरव को मिस्टर पर्सनालिटी चुना गया, जबकि अंशिका को मिस फेयरवेल और आदर्श को मिस्टर फेयरवेल का खिताब दिया गया। इस अवसर पर संजय कुमार ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### जोगिंद्रनगर में गाली-गलौज व मारपीट का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना जोगिंद्रनगर के अंतर्गत ओम बहादूर निवासी गांव पोहल डॉ. कुराटी, तह जोगिंद्रनगर द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई कि शाम के समय पड़ोसी गोपाल ठाकुर ने कथित रूप से उसके साथ गाली-गलौज की तथा उस पर कोई वस्तु फेंकी, जिससे उसकी बाईं आंख के पास चोट आई और जान से मारने की धमकी भी दी गई। शिकायत के आधार पर थाना में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है तथा मामले में आगामी अन्वेषण जारी है।

## भारतीय पब्लिक स्कूल में स्टूडेंट लैड कॉन्फ्रेंस और हवन-यज्ञ

अनंत ज्ञान



कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यातिथि व अन्य।

**नेरचौक।** भारतीय पब्लिक स्कूल नलसर में स्टूडेंट लैड कॉन्फ्रेंस और शुभाशीष हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि हरीश कुमार और स्टूडेंट लैड कॉन्फ्रेंस संचालक विशाल शर्मा व हवन यज्ञ आयोजक प्रभात आनंद विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि और अन्य अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्य धना रावत ने मुख्यातिथि और अतिथियों को साल टोपी पहनाकर सम्मानित किया।

स्टूडेंट लैड कॉन्फ्रेंस में बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई और विज्ञान आधारित प्रस्तुतियां दीं, जिनसे अभिभावक और अतिथि रोमांचित हुए। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर मेकिंग और पेंटिंग प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

आर्य समाज सुंदरनगर और आर्य वीर दल हिमाचल प्रदेश के तत्वावधान में यज्ञ के माध्यम से बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। मुख्यातिथि हरीश कुमार ने बच्चों के बौद्धिक विकास और स्कूल में आधुनिक, संस्कारित शिक्षा के प्रयासों की सराहना की और अभिभावकों व शिक्षकों से नशे व बुरी प्रवृत्तियों से बचाव के प्रति सजग रहने का आग्रह किया।

**दुर्दशा** पीएमजीएसवाई के तहत बनी सड़क गड्ढों में तब्दील, बस सेवा की उम्मीदें धूमिल

## सेहली-चाहढ़ी सड़क बदहाल, पीएमजीएसवाई पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सेहली स्कूल से चाहढ़ी सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में है। मार्ग का बड़ा हिस्सा पहले से जर्जर था, लेकिन मानसूनी बरसात के बाद हालत और अधिक दयनीय हो गई है। समुचित सुधार न होने के कारण यह सड़क जगह-जगह गड्ढों में तबदील हो चुकी है और कई स्थानों पर डंगे ढह गए हैं।

लोक निर्माण विभाग के सुंदरनगर (चतरोखड़ी) स्थित कार्यालय से लगभग दस किलोमीटर दूर स्थित यह करीब 16 किलोमीटर लंबा मार्ग ग्राम पंचायत चमुखा और बायला को जोड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की मरम्मत के लिए नालियों का वैज्ञानिक ढंग से निर्माण, उचित स्थानों पर पैरापिट तथा वर्षा शालिकाओं का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। इन मांगों को लंबे समय से उठाया जा रहा है, लेकिन अभी तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।



खस्ताहाल सड़क।

ग्रामीणों के अनुसार, इस सड़क को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पक्का करने और सुधारने की मांग इसलिए भी लंबित है क्योंकि इस मार्ग पर वर्षों से बस सेवा शुरू होने की उम्मीद जताई जाती रही है, लेकिन योजना के अनुरूप सड़क का कायाकल्प न होने से लोगों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि द्वितीय विश्व युद्ध में भाग लेने वाले गांव सबयाहण से संबंधित जांबाज सैनिक स्वर्गीय चुहड़ सिंह की स्मृति से जुड़ा यह क्षेत्र उपेक्षा का शिकार है, जो सम्मान के विपरीत है। उनका आरोप है कि घटिया निर्माण कार्य के कारण सड़क की यह स्थिति हुई है, जिसके लिए संबंधित विभाग जिम्मेदार है।

### ग्रामीणों ने डीसी से शीघ्र सुधार की उठाई मांग

**ग्रामीणों** का कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो हालात और बिगड़ सकते हैं। समाजसेवी पोहलो राम सहित श्याम लाल, रमेश कुमार, प्रेम लाल, मुंशी राम, मुनी लाल, बालक राम, कर्म सिंह, नरोतम राम, छितरू राम, सलेंदर कुमार तथा चमुखा पंचायत की पूर्व प्रधान मीरा ठाकुर ने डीसी मंडी से मांग की है कि गड्ढों से भरी सेहली स्कूल-चाहढ़ी सड़क का शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण सुधार कराया जाए, ताकि योजना की गरिमा और लोगों की सुविधा दोनों बरकरार रह सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोटलू ब्राह्मणा सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ब्लॉक झंडूता के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोटलू ब्राह्मणा ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) के तहत राष्ट्रीय प्रमाणन प्राप्त कर स्वास्थ्य क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाला झंडूता ब्लॉक का पहला स्वास्थ्य केंद्र बन गया है। यह प्रमाणन भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य संस्थानों में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए दिया जाता है। केंद्र ने कठोर मानकों पर खरा उतरते हुए सेवाओं की उत्कृष्टता साबित की है। इस सफलता में इंचार्ज रितिका, सीएचओ पम्मी, बीएमओ डॉ. सुरिंद्र सहित पूरी स्वास्थ्य टीम, आशा कार्यकर्ताओं व पंचायत प्रतिनिधियों का योगदान रहा।

### विधायक ने बांटे गृह निर्माण अनुदान के चेक

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** जिले में हुई प्रचंड बरसात से प्रभावित गगरेट के 49 परिवारों को प्रदेश सरकार ने लगभग 51.5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। शनिवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में आयोजित कार्यक्रम में विधायक राकेश कालिया ने पात्र परिवारों को गृह निर्माण अनुदान के चेक वितरित किए। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार हर संकट में प्रदेशवासियों के साथ खड़ी है और बरसात में मकान खो चुके परिवारों को 7 लाख रुपये तक की सहायता दी जाएगी। राहत राशि प्राप्त करने वाले परिवारों ने प्रदेश सरकार का आभार जताया और इसे अपने पुनर्वास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

### ऊना में गेहूं खरीद प्रक्रिया 8 अप्रैल से शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला ऊना में किसानों से गेहूं की खरीद के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम को नोडल एजेंसी नियुक्त किया गया है। जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राजीव शर्मा के अनुसार खरीद प्रक्रिया 8 अप्रैल से 15 जून तक अनाज मंडी रामपुर और टकारला में होगी। सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। किसान 01 मार्च के बाद पोर्टल httpsN//hpapp.nic.in/ पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। खरीदी गई राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में ऑनलाइन जमा की जाएगी, जिससे भुगतान सुरक्षित और पारदर्शी रहेगा। अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यालय या क्षेत्रीय प्रबंधक से संपर्क किया जा सकता है।

### सांख्यान ने अनुराग ठाकुर पर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के हालिया बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सांसद को विज्ञान और अध्यात्म के अंतर को समझते हुए सोच-समझकर बयान देना चाहिए। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर दिए गए बयान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि विश्व के पहले अंतरिक्ष यात्री यूरी गागरिन का नाम इतिहास में दर्ज है, ऐसे में भ्रामक टिप्पणियां उचित नहीं हैं। सांख्यान ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता सम्मेलन और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जनता सांसद को विकास कार्यों के लिए चुनती है, न कि राजनीतिक बयानबाजी के लिए।

### जेम व सीपीपी पोर्टल्स पर लगी कार्यशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** होटल हिल व्यू-कम-रेस्टोरेंट, ग्वालथाई में हिमाचल प्रदेश सरकार के इंडस्ट्री डिपार्टमेंट के राइजिंग एंड एक्सीलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस प्रोग्राम के तहत जेम और सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट (सीपीपी) पोर्टल्स पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, बिलासपुर, मधु शर्मा ने की। कार्यशाला में 40 से अधिक उद्यमियों ने भाग लिया। स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग सत्र में इंडस्ट्री 4.0 के प्रयोगों जैसे ऑटोमेशन, डेटा-ड्रिवन डिसीजन, प्रोडक्टिविटी सुधार और कॉस्ट ऑप्टिमाइजेशन पर चर्चा हुई। जेम और सीपीपी अवेयरनेस सत्र में रजिस्ट्रेशन, बिडिंग प्रक्रिया, एमएसएमई फ्रेंडली प्रावधान और भुगतान मैकेनिज्म पर मार्गदर्शन दिया गया। सिंगल विंडो क्लीयरेंस ऑफिस के सदस्य सचिव विनय वर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### उर्दू अदब के अजीम फनकार को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, ऊना।** 11 फरवरी को 93 वर्ष की आयु में चंडीगढ़ में निधन होने वाले उर्दू के प्रसिद्ध फनकार केके तूर के सम्मान में ऊना जनपद में साहित्यकारों ने शोकसभा आयोजित की। सभा में उर्दू शायरी के नामचीन शायर जाहिद अबरोल, अशोक कालिया, कुलदीप शर्मा सहित अनेक साहित्यकारों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकसंतप्त परिजनों के प्रति समवेदनाएं व्यक्त कीं। साहित्यकारों ने कहा कि तूर साहब की शाइरी इंसानी मूल्य और आदर्शों की मिसाल है, और उनकी कृतियाँ हिमाचल, पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ सहित व्यापक पाठक वर्ग को प्रेरित करती रहेंगी। उनका साहित्यिक योगदान आने वाली कई पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

### श्री हंसेश्वर महादेव मंदिर में भंडारा आज

**अनंत ज्ञान, अंब/ऊना।** क्षेत्र के बीजापुर स्थित श्री हंसेश्वर महादेव मंदिर में तीसरे वार्षिक भंडारे का आयोजन 22 फरवरी को किया जाएगा। धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। धरवाल परिवार की ओर से यह कार्यक्रम जठेरी माता, कुल देवता व नाग देवता के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में आयोजित होगा। भंडारे की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने और धार्मिक आयोजन में सहयोग देने की अपील की है।

### संयम भारद्वाज ने हासिल किया उत्कृष्ट स्थान

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना के प्रतिभाशाली चिकित्सक डॉ. संयम भारद्वाज ने वर्ष 2025 की राष्ट्रीय स्नातकोत्तर चिकित्सा प्रवेश परीक्षा (NEET-PG) में अखिल भारतीय स्तर पर 4812वां और हिमाचल प्रदेश में 45वां स्थान प्राप्त कर जिला एवं प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद वे शिमला स्थित आईजीएमसी शिमला से बाल रोग विषय में स्नातकोत्तर अध्ययन करेंगे। उनका उद्देश्य बाल स्वास्थ्य के क्षेत्र में उच्च कोटि की सेवाएं प्रदान करना और नन्हे बच्चों के स्वास्थ्य में योगदान देना है। उनकी इस उपलब्धि से ऊना क्षेत्र में खुशी की लहर है और सामाजिक संगठनों तथा गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### बटूही में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम 24 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** विकास खंड ऊना की ग्राम पंचायत बटूही के हनुमान मंदिर परिसर में 24 फरवरी को प्रातः 11 बजे 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा (विक्कू) करेंगे। विकास खंड अधिकारी ऊना रमनबीर चौहान ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से ऊना विकास खंड की ग्राम पंचायतों बदोली, त्युडी, बटूही, लोअर बसाल तथा पनोह के ग्रामीणों की जन-शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जन को प्रशासन से सीधे जोड़ना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।

# स्कूलों को मर्ज करने के निर्णय से मजबूत होगी शिक्षा व्यवस्था: हीरापाल

*हिमाचल प्रदेश में स्कूलों के मर्ज होने को लेकर भाजपा द्वारा मुद्दा उछाला जा रहा है। इस विषय पर दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के जिला बिलासपुर प्रभारी **अरुण डोगरा रीतू** ने कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव व विभिन्न ओहदों पर कार्य कर चुके एवं वर्तमान में जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी **हीरापाल सिंह ठाकुर** से विशेष बातचीत की। प्रस्तुत है इस बातचीत के प्रमुख अंश...*

**सवाल: प्रदेश में स्कूलों के मर्ज (विलय) को लेकर भाजपा प्रदर्शन कर रही है। आप इसे किस नजर से देखते हैं?**

**जवाब:** देखिए, सबसे पहले यह स्पष्ट करना जरूरी है कि प्रदेश सरकार द्वारा लिया गया निर्णय स्कूलों को बंद करने का नहीं है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने का है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नई शिक्षा नीति के अनुरूप जो कदम उठाया है, वह पूरी तरह विद्यार्थियों के हित में है। भाजपा इस मुद्दे को तोड़-मरोड़कर जनता के सामने पेश कर रही है। स्कूलों का मर्ज इसलिए किया जा रहा है ताकि संसाधनों का बेहतर उपयोग हो, शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित हो और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। यह प्रदर्शन केवल राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास है।

**सवाल : भाजपा का कहना है कि स्कूल बंद होने से बच्चों का भविष्य प्रभावित होगा। आप क्या कहेंगे?**

**जवाब:** यह पूरी तरह भ्रामक प्रचार है। कोई भी स्कूल बंद नहीं किया जा रहा। बल्कि विकल्प बढ़ाए जा रहे हैं। पहले लोग अपने बच्चों को निजी स्कूलों में इसलिए भेजते थे क्योंकि वहां सीबीएसई पैटर्न लागू था। अब प्रदेश सरकार ने कई सरकारी स्कूलों को सीबीएसई पैटर्न पर चलाने का निर्णय लिया है। अब अभिभावकों के पास विकल्प है–जो छात्र सीबीएसई में पढ़ना चाहते हैं वे सीबीएसई में जाएं और जो हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड के अंतर्गत पढ़ना चाहते हैं, वे वहीं पढ़ें। यह शिक्षा का लोकतंत्रीकरण है, न कि बंदीकरण।

**सवाल : भाजपा का आरोप है कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों की शिक्षा व्यवस्था कमजोर कर रही है।**

**जवाब:** मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को मजबूत करने का काम कांग्रेस सरकार कर रही है। पहले कई स्कूल ऐसे थे जहां एक या दो शिक्षक ही थे। क्या वह गुणवत्ता थी? अब मर्ज के बाद पर्याप्त स्टाफ, बेहतर भवन और समुचित सुविधाएं मिलेंगी। भाजपा केवल विरोध के लिए विरोध कर रही है। उन्हें बच्चों के भविष्य से ज्यादा राजनीति की चिंता है।



**सवाल : नई शिक्षा नीति के संदर्भ में आप इस निर्णय को कितना प्रभावी मानते हैं?**

**जवाब:** नई शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य शिक्षा को लचीला, बहुआयामी और रोजगारपरक बनाना है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने उसी भावना को आगे बढ़ाया है। छोटे-छोटे स्कूलों में जहां छात्र संख्या बहुत कम थी, वहां संसाधन बिखरे हुए थे। अब उन्हें एकीकृत करके बेहतर अधोसंरचना, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

**हीरापाल सिंह ठाकुर**
कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव
अनंत ज्ञान | विशेष बातचीत

**सवाल: आरडीजी के मुद्दे पर आपका क्या कहना है? भाजपा इस पर भी सवाल उठा रही है।**

**जवाब:** आरडीजी को लेकर भी अनावश्यक भ्रम फैलाया जा रहा है। सरकार पारदर्शिता के साथ काम कर रही है। जहां भी वित्तीय प्रावधानों में संशोधन या पुनर्संरचना की जरूरत है, वह प्रदेश के हित में की जा रही है। भाजपा हर प्रशासनिक सुधार को गलत ठहराने की कोशिश कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि सरकार वित्तीय अनुशासन और जवाबदेही को प्राथमिकता दे रही है।

**सवाल: केंद्र की आपदा राहत राशि को लेकर भी प्रदेश सरकार ने असंतोष जताया है। इस पर आपकी प्रतिक्रिया?**

**जवाब:** यह बेहद गंभीर विषय है। प्रदेश ने प्राकृतिक आपदा में भारी नुकसान झेला। प्रधानमंत्री स्वयं आकर 1500 करोड़ रुपए की घोषणा करके गए, लेकिन वह राशि आज तक पूरी तरह प्रदेश को प्राप्त नहीं हुई। राज्य सरकार ने बार-बार केंद्र से अनुरोध किया है, लेकिन अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आपदा जैसी स्थिति में भी राजनीति हो रही है। सरकार अपने सीमित संसाधनों के बावजूद राहत व पुनर्वास कार्य कर रही है।

**सवाल: ऐसी स्थिति में सरकार आर्थिक चुनौतियों से कैसे निपट रही है?**

**जवाब:** सीएम के नेतृत्व में सरकार अपने संसाधनों से ही गारंटियों को पूरा करते हुए आगे बढ़ रही है। वित्तीय अनुशासन, अनावश्यक खर्चों में कटौती व प्राथमिकताओं का सही निर्धारण–इन तीन स्तंभों पर सरकार काम कर रही है। केंद्र से अपेक्षित सहयोग न मिलने के बावजूद कर्मचारियों के हित, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं और विकास कार्य निरंतर जारी हैं। यह दर्शाता है कि सरकार की नीयत साफ है और प्रतिबद्धता मजबूत है।

**सवाल: भाजपा के प्रदर्शन को आप किस रूप में देखते हैं?**

**जवाब:** यह केवल राजनीतिक एजेंडा है। भाजपा जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। सच्चाई यह है कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, विकल्प बढ़ाए जा रहे हैं और पारदर्शिता लाई जा रही है। प्रदेश की जनता समझदार है। उन्हें मालूम है कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में सरकार जनहित के निर्णय ले रही है।

# मनरेगा बचाओ अभियान: चलेट और ववेहड़ पंचायत में कांग्रेस का प्रदर्शन

## राजस्व घाटा अनुदान को बंद करने के विरोध में केंद्र सरकार को घेरा

अनंत ज्ञान

**गगरेट।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र की चलेट और ववेहड़ पंचायतों में 'मनरेगा बचाओ अभियान' के तहत कांग्रेस ने जनसंपर्क अभियान चलाते हुए आरडीजी विरोध कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम जिला कांग्रेस अध्यक्ष देसराज गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर विधानसभा कॉर्डिनेटर जयवर्धन खुराना, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुरिंदर कंवर सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनरेगा कामगारों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

नेताओं ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मनरेगा में प्रस्तावित बदलाव योजना की आत्मा पर प्रहार हैं और इससे ग्रामीण गरीबों की



मनरेगा बचाओ अभियान के तहत प्रदर्शन करते लोग। अनंत ज्ञान

आजीविका प्रभावित होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार गैर-भाजपा शासित राज्यों को कमजोर करने की नीति पर काम कर रही है।

कांग्रेस नेताओं ने हिमाचल प्रदेश को मिलने वाले राजस्व घाटा अनुदान को बंद किए जाने के मुद्दे पर भी आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि यह अनुदान राज्य की वित्तीय सेहत के लिए बेहद महत्वपूर्ण था और इसके बंद होने से विकास कार्यों तथा जनकल्याण योजनाओं पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। जिला अध्यक्ष देसराज गौतम ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों की जीवनरेखा है और राजस्व घाटा अनुदान बंद करना पहाड़ी राज्य के साथ अन्याय है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने जनविरोधी फैसले वापस नहीं लिए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मजदूरों ने रोजगार के दिनों में कटौती, भुगतान में देरी और कार्य उपलब्धता से जुड़ी समस्याएं भी उठाईं। कांग्रेस नेताओं ने आश्वासन दिया कि उनकी आवाज सरकार तक मजबूती से पहुंचाई जाएगी। नेताओं ने स्पष्ट किया — मनरेगा और राज्य के वित्तीय अधिकारों से समझौता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### एसपी ने मां चिंतपूर्णी के दरबार में भरी हाजिरी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक सचिन हिरेमठ ने शनिवार को सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ माता चिंतपूर्णी के दरबार में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। मंदिर के पुजारी रोहन कालिया ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। एसपी हिरेमठ ने मंदिर के सभी मुख्य गेटों और आउट गेट का निरीक्षण कर सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आगामी बाबा बड़भाग सिंह जी मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा और कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मंदिर परिसर का दौरा किया और सुरक्षा को चाक-चौबंद रखने के निर्देश जारी किए।



### उपमुख्यमंत्री आज ऊना जिला के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 22 फरवरी को जिला ऊना के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान उप मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे डेरा बाबा रूद्रानंद जी आश्रम, नारी (ऊना) में ब्रह्मलीन वेदांताचार्य श्री श्री 1008 स्वामी सुग्रीवानंद महाराज जी की समाधि के दर्शन करेंगे तथा आश्रम के अधिष्ठाता हेमानंद महाराज जी की गद्दी पर बैठने के पावन धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। यह जानकारी देते हुए एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उप मुख्यमंत्री रविवार को रेल मार्ग से दिल्ली से प्रस्थान कर सुबह 10.50 बजे रेलवे स्टेशन ऊना पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री का रात्रि ठहराव गोंदपुर जयचंद में रहेगा।

### बंगाणा में छात्रों व लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय, बंगाणा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस इकाई) द्वारा आयोजित सात दिवसीय वार्षिक विशेष शिविर के पांचवे दिवस में छात्रों और स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। बंगाणा हॉस्पिटल से आए स्वास्थ्य कर्मियों ने बीपी और शुगर चेकअप किया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर रेखा शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर एंटी ड्रग और रेड रिब्बन क्लब की रैली को रवाना किया। इसके अलावा शिविर में मेंटल हेल्थ एवं हाइजीन और ऑर्गेनिक फार्मिंग पर बौद्धिक सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम के समापन पर एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने स्वयंसेवकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके प्रयासों की सराहना की और समाज सेवा के प्रति प्रेरित किया।

### चौधरी अस्पताल में अब 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं

**अनंत ज्ञान, बडूही।** उपमंडल अंब के तहत बडूही क्षेत्र से सटे दिलवां स्थित निजी अस्पताल का पुनः उद्घाटन शनिवार को चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों और स्थानीय लोगों की उपस्थिति ने इसे जनआस्था से जुड़ा आयोजन बना दिया। उद्घाटन अवसर पर आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया और सामान्य रोगों की जांच, विशेषज्ञ परामर्श तथा आवश्यक दवाइयों का लाभ लिया। अस्पताल अब चौबीसों घंटे सेवाएं प्रदान करेगा, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में तत्काल उपचार उपलब्ध होगा। अस्पताल के पुनः संचालन से बडूही क्षेत्र की कई पंचायतों के लोगों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी और ऊना या अंब का रुख करने की आवश्यकता समाप्त होगी।

### पद्मश्री रोनू ने छात्रों को सिखाए संगीत के गुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के सभागार में IQAC, संगीत विभाग और SPIC MACAY के संयुक्त तत्वावधान में 'हिमाचल प्रदेश का लोक संगीत और लोक वाद्य यंत्र' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य आकर्षण रहे पद्मश्री से सम्मानित बांसुरी वादक पंडित रोनू मजूमदार, जिन्होंने विद्यार्थियों को स्वर, श्रुति, राग, ताल और लय सहित संगीत के मूल तत्वों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने राग भैरव और राग खमाज की प्रस्तुति तथा 'वैष्णव जन तो' और 'वंदे मातरम्' की स्वर रचनाओं से सभागार को सुरमय बना दिया। प्राचार्य डॉ. पी.एस. कटवाल ने इसे महाविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण अवसर बताते हुए आयोजन दल को बधाई दी।

## युवा कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में कांग्रेस कार्यालय में जिला कार्यकारिणी की बैठक के बाद भारतीय युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरडीजी बंद करने के फैसले के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी शेष नारायण ओझा तथा प्रदेशाध्यक्ष छत्तर सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने केंद्र सरकार के निर्णय को हिमाचल प्रदेश के हितों के खिलाफ बताते हुए कड़ी आलोचना की। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय से चंपा पार्क तक रोष रैली निकाली, जमकर नारेबाजी की और विरोध स्वरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका।

प्रदेश प्रभारी ओझा ने कहा कि आरडीजी बंद कर प्रदेश की 75 लाख जनता के अधिकारों पर आघात किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो प्रदेशभर में चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा।




राष्ट्रीय महासचिव शेष नारायण ओझा रहे मौजूद। अनंत ज्ञान

## कन्या स्कूल का फैसला सात दिन में न बदला तो करेंगे आंदोलन: जम्वाल



ज्ञापन सौंपते विधायक त्रिलोक जम्वाल व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिला मुख्यालय स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला को पीएमश्री मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में विलय करने के प्रदेश सरकार के निर्णय पर राजनीतिक विवाद गहरा गया है। 18 फरवरी 2026 को जारी अधिसूचना के बाद भाजपा ने इसे बेटियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए कड़ा विरोध जताया है। सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि 1952 से संचालित यह विद्यालय बिलासपुर की ऐतिहासिक पहचान रहा है और हजारों छात्राओं को शिक्षा प्रदान कर चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि विद्यालय पर ताला लगाना उसके गौरवशाली इतिहास को समाप्त करने जैसा है।

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर अधिसूचना वापस लेने की मांग की है। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर निर्णय रद्द नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार और शिक्षा विभाग की होगी।

# चिंतपूर्णी में माथा टेकने आए श्रद्धालु का चार दिन बाद भी नहीं चला पता

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** स्थानीय छिन्नमस्तिका मंदिर में माथा टेकने आए एक व्यक्ति के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पठानकोट निवासी अश्वनी कुमार के लापता होने की शिकायत उनके बेटे अजय कुमार ने 19 फरवरी को थाना मोइन में दर्ज करवाई। अजय कुमार ने बताया कि उनके पिता 17 फरवरी को परिवार के साथ चिंतपूर्णी मंदिर में माथा टेकने आए थे। दर्शन करने के बाद जब परिवार वापस लौट रहा था, तो रात करीब साढ़े सात बजे रास्ते में शेरे पंजाब ढाबे पर खाना खाने के दौरान अश्वनी कुमार अचानक बिना बताए कहीं चले गए और फिर वापस नहीं लौटे। परिजनों ने बताया कि उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग देखने का प्रयास भी किया गया, लेकिन उन्हें अगले दिन आने के लिए कहा गया। अजय के अनुसार उनके पिता पिछले करीब 20-22 वर्षों से मानसिक रूप से परेशान रहते हैं और पहले भी कई बार बिना बताए घर से निकल जाते थे। उन्होंने बताया कि 17 फरवरी को उनकी अंतिम लोकेशन मुबारकपुर क्षेत्र में लगे कैमरों में देखी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर संबंधित थानों व चौकियों को सूचना भेज दी है व संभावित स्थानों पर छानबीन जारी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को उक्त व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने को सूचित करें।

**बैठक** मैड़ी में ऐतिहासिक होली मेले की तैयारियों को लेकर सुरक्षा समीक्षा बैठक

# मेले की सुरक्षा देखेंगे 1725 सुरक्षाकर्मी

अनंत ज्ञान

**अंब (ऊना)।** श्री चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के मैड़ी में 24 फरवरी से 5 मार्च तक आयोजित होने वाले ऐतिहासिक होली मेले के मद्देनजर शनिवार को अजीत दरबार मैड़ी में सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान श्री चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू विशेष रूप से उपस्थित रहे और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में एसडीएम अंब पारस अग्रवाल ने गुरुद्वारा प्रबंधन समिति, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ मेले के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए तैयारियों की समीक्षा की।

पारस अग्रवाल ने बताया कि मेले के सफल संचालन के लिए पुलिस व यातायात प्रबंधन सहित स्वच्छता, विद्युत, पेयजल प्रबंधन को लेकर सभी



मैड़ी मेले की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित। अनंत ज्ञान

एजेंसियों की जिम्मेदारियां तय की गई हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला क्षेत्र में मेडिकल पोस्ट भी उपलब्ध रहेगी। मेले के दौरान एडीसी ऊना मेला अधिकारी और एसडीएम अंब सहायक मेला अधिकारी होंगे जबकि एएसपी ऊना पुलिस मेला अधिकारी और डीएसपी अंब सहायक पुलिस मेला अधिकारी होंगे। मेलावधि के दौरान 850 पुलिस जवान, 125 महिला पुलिस कर्मी और 750 होमगार्ड जवान मेला क्षेत्र में सुरक्षा का जिम्मा संभालेंगे। इसके अलावा उन्होंने बताया कि 3 मार्च को निशान साहिब (झंडा चढ़ाने) की रस्म तथा 5 मार्च की मध्यरात्रि को पंजा प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

एसडीएम ने बताया कि मेला अवधि के दौरान ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली, टैम्पू एवं अन्य मालवाहक वाहनों से श्रद्धालुओं का आना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे वाहनों में आने वाले यात्रियों को बॉर्डर क्षेत्र पर ही रोका जाएगा तथा नियमों की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। श्रद्धालु केवल एचआरटीसी बसों के माध्यम से ही मेला क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए मेला क्षेत्र को 10 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। यातायात, पार्किंग, स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं की निगरानी सेक्टर-वार की जाएगी।

**सुरक्षा कर्मियों को छोड़कर अन्य को आग्नेय अस्त्र लाने पर पाबंदी: जिलाधीश**

**ऊना।** उपमंडल अंब स्थित मैड़ी में 24 फरवरी से 6 मार्च तक होने वाले डेरा बाबा बड़भाग सिंह होली मेले में सुरक्षा, स्वास्थ्य और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधीश जतिन लाल ने आदेश जारी किए। मेला अवधि में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को छोड़कर किसी को आग्नेय अस्त्र लाने की अनुमति नहीं होगी। लाउडस्पीकर, ब्रॉस बैंड, ड्रम और शोर-शराबा करने वाले उपकरण भी प्रतिबंधित रहेंगे। श्रद्धालुओं की सही दिशा में आने-जाने और क्रॉस मूवमेंट रोकने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

# बिलासपुर में प्राथमिक स्कूलों पर पानी के बिलों का बोझ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले की प्राथमिक पाठशालाओं में अब बच्चों के पीने के पानी पर भी आर्थिक संकट गहराने लगा है। विभिन्न स्कूलों में जल शक्ति विभाग की ओर से त्रैमासिक करीब 1700 रुपए के पानी के बिल भेजे जा रहे हैं। समय पर भुगतान न करने की स्थिति में कनेक्शन काटने की चेतावनी ने शिक्षकों और अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है।

जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्कूलों को सालाना लगभग 5000 रुपए की कंपोजिट ग्रांट मिलती है, वह भी शैक्षणिक सत्र के अंत में। इस राशि का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा बिजली बिलों के भुगतान में ही खर्च हो जाता है। ऐसे में यदि सालाना लगभग 7000 रुपए पानी के बिल के रूप में अदा करने पड़ें, तो स्कूलों के पास अन्य आवश्यक कार्यों के लिए कोई धन शेष नहीं बचेगा। सबसे बड़ी चिंता यह है कि यदि पानी का कनेक्शन काट दिया गया तो बच्चों के पीने के पानी, मध्याह्न भोजन पकाने और शौचालय व्यवस्था पर सीधा असर पड़ेगा। कई प्राथमिक पाठशालाओं में जलवाहक भी नियुक्त नहीं हैं, जिससे स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। विभाग द्वारा लगातार भेजे जा रहे रिमाइंडर ने शिक्षकों को दबाव की स्थिति में ला खड़ा किया है। शिक्षकों का कहना है कि जब शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की बात की जाती है, तो फिर स्कूलों से बुनियादी सुविधा—पानी—के लिए इस प्रकार का आर्थिक बोझ डालना समझ से परे है।

> **प्राथमिक** पाठशालाओं को मिलने वाली सीमित कंपोजिट ग्रांट पहले ही बिजली बिलों में समाप्त हो जाती है। अब पानी के बिलों का अतिरिक्त बोझ डालना न तो व्यावहारिक है और न ही न्यायसंगत। यदि कनेक्शन काटे गए तो बच्चों के पीने के पानी व मध्याह्न भोजन की व्यवस्था ठप हो जाएगी। सरकार को चाहिए कि पहले की तरह पानी के बिल माफ किए जाएं या इसके लिए अलग से अनुदान दिया जाए, अन्यथा स्कूलों में गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा।
>
> **-राकेश पटियाल, जिला प्रधान, प्राथमिक शिक्षक संघ बिलासपुर**

# पर्यटकों को खूब भा रही बर्फ की सफेद चादर

## सप्ताहांत मनाली व लाहौल में बढ़ी पर्यटकों की तादाद, साहसिक गतिविधियों में भी दिखा उत्साह

अनंत ज्ञान



सोलंगनाला में बर्फ के बीच अठखेलियां करते पर्यटक, पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिले। अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/केलांग।** सप्ताहांत के चलते शनिवार को मनाली के सभी निकटवर्ती पर्यटन स्थलों सहित लाहुल घाटी के कुछ पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी। पर्यटकों ने खिली धूप में सोलंगनाला में बर्फ के बीच खूब अठखेलियां की। इसके साथ ही साहसिक गतिविधियों का भी पर्यटक खूब लुत्फ उठा रहे हैं। बाहरी राज्यों सहित प्रदेश के जिलों से भी पर्यटक सप्ताहांत में कुल्लू मनाली पहुंचे हैं।

शनिवार को लाहौल-स्पीति सहित कुल्लू मनाली में धूप खिली रही। पर्यटक पर्यटन स्थलों में घूमने का आनंद ले रहे हैं। शनिवार को बाहरी राज्यों से भारी संख्या में पर्यटक वाहन मनाली पहुंचे। शनिवार को पर्यटकों ने सोलंगनाला, अंजनी महादेव, अटल टनल रोहतांग सहित सिस्सू के आसपास सड़क किनारे बर्फ के बीच खूब मस्ती की। अटल टनल के बन जाने के बाद बर्फ के दीदार बहुत ही आसान हो गए हैं जिसके चलते बाहरी राज्यों के साथ साथ अब प्रदेश के पर्यटकों की भी आमद बढ़ने लगी है। हालांकि फरवरी महीने का शुरुआती सप्ताह फीका रहने के बाद इस सप्ताह पर्यटकों की संख्या में दोगुना बढ़ोतरी हुई है।

सप्ताहांत पर मनाली पर्यटकों से गुलजार है। हनीमून मनाने के लिए आने वाले नव विवाहित जोड़ों ने भी एडवांस बुकिंग शुरू कर दी है। हालांकि, अभी भी अपेक्षा के अनुरूप पर्यटक मनाली नहीं आ रहे हैं। शनिवार को सोलंगनाला, अटल टनल व अन्य पर्यटन स्थलों में खूब चहल-पहल देखने को मिली। पर्यटकों ने बर्फ के बीच जमकर मस्ती की। सनद रहे कि धीरे धीरे पर्यटन सीजन रफ्तार पकड़ने लगा है। वहीं,लाहुल घाटी के पर्यटन स्थल सिस्सू में भी जल्द ही साहसिक गतिविधियां शुरू होने जा रही हैं। 26फरवरी से देव प्रतिबंध हटते ही यहां पर्यटकों का मेला लगेगा। लिहाजा, मनाली व लाहुल घाटी में नीला आसमान और बर्फ के सफेद लिहाफ से ढके पहाड़ और निचले क्षेत्र पर्यटकों को खूब भा रहे हैं। ऐसे में मौसम साफ होने के चलते बर्फ के दीदार के लिए पर्यटकों की आमद बढ़ रही है जिससे पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिल उठे हैं।

## शादी का झांसा देकर बनाए संबंध, पीड़िता ने दर्ज करवाया मुकदमा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** महिला थाने कुल्लू में एक पीड़ित युवती ने शादी का झांसा देकर एक युवक पर जबरन शारीरिक संबंध बनाए जाने का मामला दर्ज करवाया है। शिकायकर्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2014 में उसकी मुलाकात मेघ सिंह निवासी मनाली क्षेत्र के साथ सोशल मीडिया पर हुई थी। जिसके बाद सोशल मीडिया से उनकी दोस्ती शादी तक पहुंच गई, लेकिन इस बीच 2020 से उक्त युवक ने उससे बाद करनी बंद कर दी और 2023 में फिर से उस युवक ने उसे शादी का झांसा देकर मिलना शुरू किया, इसके बाद युवक ने युवती से शादी का प्रलोवल देकर कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने बताया कि 18 से 23 जनवरी तक मनाली के एक होटल में युवक ने उसके साथ शादी का दवाब बना कर फिर गलत काम किया और उसके बाद से अब युवक ने फोन उठाना बंद कर दिया है । इससे परेशान होकर अब युवती ने पुलिस थाने में जाकर युवक पर शादी का झांसा देकर कई बार गलत काम करने का आरोप लगाया है और उसके खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। इस मामले को लेकर पुलिस ने अब मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## देवी नव दुर्गा और भगवान पंडीर ऋषि के सम्मान में मनाई देऊली

अनंत ज्ञान



**सैंज।** जिला कुल्लू की सैंज घाटी के बनोगी कोठी के हारियानों ने मां भगवती नव दुर्गा और भगवान पंडीर ऋषि के आदेश अनुसार हर साल की भांति इस वर्ष भी 10 फागुन को देउली मनाई। देवी नव दुर्गा और भगवान पंडीर ऋषि परिक्रमा पूरी करने में हर साल दस फागुन के दिन देऊली दियोहरी सौह में होती है और इसी कड़ी में इस बार भी दस फागुन शनिवार को हुई।

इसमें वनोगी कोठी के समस्त हारियनों ने मां भगवती नव दुर्गा और भगवान पंडीर ऋषि आदेश अनुसार भगवान पंडीर ऋषि का नया भण्डारी और करटाह खुंद से पालसरा बनाने की बात कही। वनोगी कोठी के आराध्य देव भगवान पंडीर ऋषि के पालसरा पहले स्वर्गीय मान चंद थे। अब भगवान पंडीर ऋषि के आदेश अनुसार स्वर्गीय मानचंद के पुत्र रमेश ठाकुर गांव करटाह को नया पालसरा बनाने पर पंडीर ऋषि दुमच कारदार लोतराम के माध्यम से पगड़ी दी गई और 15 विहा बनोगी कोठी के लोगों ने भगवान पंडीर ऋषि के आदेश अनुसार जीवानंद ठाकुर को नया भंण्डारी बनाने पर कारदार दुमच लोतराम ने पगड़ी दी। स्वर्गीय शेर सिंह के पुत्र जीवानंद ठाकुर को नया भण्डारी बनाया गया। कोठी बनोगी के समस्त हारियनों में खुशी की लहर में है।

## एवीबीपी ने मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई द्वारा पिछले कल यानि को कुल्लू महाविद्यालय में प्रदेश स्तरीय मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। इकाई अध्यक्ष ऋतिक कार्तिक ने कहा कि हमारे एकमात्र लोकतांत्रिक अधिकार छात्र संघ चुनाव को जल्द से जल्द बहाल किया जाए। नैप 2020 को जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए। एचपीयू/ एसपीयू में मूल्यांकन प्रक्रिया सुदृढ़ की जाएं। प्रदेश की कानून व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जाना चाहिए। एबीवीपी कुल्लू इकाई ने मांग रखी कि महाविद्यालय में अध्यापकों के रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरा जाये। एबीवीपी कुल्लू इकाई की सबसे बड़ी मांग यह है कि कुल्लू महाविद्यालय में एमकॉम एवं एमएसी को लाया जाएं। कुल्लू महाविद्यालय के भवन निर्माण का कार्य जल्द से जल्द पूरा हो। नैप 2020 को लागू किया जाना चाहिए। सरदार पटेल विश्वविद्यालय का दायरा बढ़ाया जाएं। एबीवीपी कुल्लू इकाई को यह उम्मीद है कि विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान रखते हुए इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## देवसदन में सूत्रधार होली संध्या समारोह आज

### कार्यक्रम में डीसी कुल्लू अनुराग चंद्र मुख्यातिथि के रूप में लेंगे भाग

अनंत ज्ञान



कार्यक्रम को लेकर तैयारी करते संस्था के सदस्य। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के देवसदन में रविवार को 28वीं सूत्रधार होली संध्या समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में डीसी कुल्लू अनुराग चन्द्र मुख्यातिथि के रूप में भाग लेंगे। जानकारी करते हुए संस्था अध्यक्ष दिनेश सेन ने बताया कि इस आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस रंगारंग होली उत्सव के बारे में जानकरी प्रदान करते हुए प्रचार-प्रसार प्रभारी सुंदर श्याम व सहप्रभारी धर्मेन्द्र शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम की सांस्कृतिक समिति में पं0 विद्या सागर शर्मा तथा वरिष्ठ कलाकार निशांत गौतम, लाल सिंह ठाकुर, जीवन बुडाल व संजय को उतरदायित्व सौंपा गया है, जिसमें धर्मेन्द्र शर्मा, सुंदर श्याम तथा सनी ठाकुर सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा मंचीय व्यवस्था देखेंगे। स्वागत समिति में अध्यक्ष दिनेश सेन के साथ राजेन्द्र सूद, युवराज बौध, कंवर वीरेंद्र सिंह, अतुल गुप्ता, जोगेंद्र ठाकुर, तिलक राज चौधरी व कैप्टन रणधीर सिंह सल्हुरिया, जलपान समिति अतुल गुप्ता, तिलक राज चौधरी व सुबोध सूद, निमन्त्रण व सूचना समिति में मोनिका सागर, यशोदा शर्मा व सीमा शर्मा, साज-सज्जा समिति में सुदेश कुमार, हितेश कुमार गोगी व उत्तम चंद को जिम्मेवारियां सौंपी गई।

गौरतलब है कि देव सदन कुल्लू के सभागार में कला संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन सहित समाज सेवा में कार्यरत हिमाचल प्रदेश की अग्रणी संस्था सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा 28वीं सूत्रधार होली संध्या कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम सायं 06:30 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक आयोजित किया जायेगा, जिसमें कुल्लू जनपद में पीढ़ियों से गाई जा रही लोक प्रचलित एवं पारंपरिक होली गीतों सहित सुप्रसिद्ध लेखक, गायक एवं संगीतकार स्वर्गीय राम कुमार कपूर द्वारा रचित होलियों की मधुर प्रस्तुतियां दी जाएंगी तथा कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बनाने के उद्देश्य से होली से संबंधित नृत्य प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी। कार्यक्रम में प्राचार्य संगीत अकादमी पं. विद्या सागर की रहनुमाई में सूत्रधार के कलाकार तथा सूत्रधार संगीत अकादमी के प्रशिक्षुओं द्वारा होली गीतों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी जाएगी। यह सम्पूर्ण कार्यक्रम सभी कला प्रेमियों के लिए निशुल्क रहेगा।

## विधायक अनुराधा कल गोंधला में करेंगी स्कीइंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा शनिवार से 10 दिवसीय लाहौल दौरे पर केलंग पहुंची। विधायक रविवार को केलंग में आयोजित होने जा रही स्कीइंग प्रतियोगिता का समापन करेंगी। शुक्रवार शाम को केलंग परिधि गृह में लोगों की समस्याएं सुनेगी। 23 फरवरी को विधायक गोंधला में आयोजित होने वाली स्कीइंग प्रतियोगिता का शुभारंभ करेगी और ग्रामीणों की समस्याएं सुनेगी। 24 को ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेगी। 25 को उपायुक्त कार्यालय में आयोजित होने वाली पीएसी व एफआरए रिव्यू मीटिंग की अध्यक्षता करेंगी। 26 को केलंग और 27 को उदयपुर में होने वाली साडा की मीटिंग की अध्यक्षता करेंगी। 28 को त्रिलोकीनाथ ट्रस्ट मीटिंग में भाग लेंगी और शाम को उदयपुर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनेगी। एक मार्च को केलंग से सिस्सु के बीच के ग्रामीणों की समस्याएं सुनेगी ओर शाम को मनाली लौटेंगी। दो मार्च को मनाली के लाहौल-स्पीति भवन में ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगी। विधायक अनुराधा राणा तीन मार्च को शिमला लौट जाएंगी।

## आईटीबीपी ने वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम के तहत काजावासियों को भेंट की सोलर लाइटें



आईटीबीपी की ओर से काजा वासियों को सोलर लाइट वितरित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, काजा।** सीमावर्ती क्षेत्र में वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम (वीवीपी) के तहत काजा के निवासियों को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने सोलर लाइट भेंट की। उन्होंने यह नेक सहयोग स्पीति के काज़ा ग्राम पंचायत के लिए किया। ग्राम पंचायत काजा की पूर्व प्रधान सोनम डोलमा ने बताया कि उन्होंने 2023 में आईबीपी से सहयोग मांगा था।

उन्होंने कहा कि आईटीबीपी के सकारात्मक सोच और समुदाय के साथ खड़े रहने के लिए वह समस्त पंचायत की ओर से आईटीबीपी का आभार व्यक्त करते है। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल न केवल सीमावर्ती गांवों को मजबूत करती है, बल्कि सुरक्षा बलों और स्थानीय निवासियों के बीच संबंधों को भी गहरा करती है। उन्होंने कहा कि काज़ा के लोगों के लिए निरंतर सेवा और समर्थन देने के लिए सभी ग्रामीण आईटीबीपी के प्रति अपनी कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करते हैं।

## हरिपुर कॉलेज में रक्तदान शिविर के दौरान 25 यूनिट रक्त एकत्रित



शिविर के दौरान लोगों की जांच करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**मनाली।** जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय, हरिपुर (मनाली) में शारीरिक शिक्षा विभाग के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्या डॉ शेफाली के द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान महादान है और इससे अनेक लोगों की जान बचाई जा सकती है साथ ही कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिल सकता है।

शारीरिक शिक्षा विभाग प्रमुख प्रो ज्योति बाला ने बताया कि चिकित्सकों की टीम डॉ पाल्मो, राकेश कुमार, तारा चंद, रंजिता नेगी, राकेश सिंह ने रक्तदाताओं की आवश्यक स्वास्थ्य जांच के बाद सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया। इस शिविर में कुल 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

शिविर में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें 24 विद्यार्थियों व शिक्षक डॉ दिनेश रक्तदाता रहे। सभी रक्तदाताओं को रक्तदान के पश्चात जलपान प्रदान किया गया। प्रो ज्योति बाला ने कार्यक्रम को सफल बनाने कि लिए प्राचार्या डॉ शेफाली, सीएमओ कुल्लू व उनकी समस्त टीम साथ सभी रक्तदाताओं का धन्यवाद किया।

## मोदी सरकार सच्चे अर्थों में हिमाचल की हितैषी सरकार: अखिलेश कपूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल को केंद्र सरकार द्वारा 286.83 करोड़ की वित्तीय सहायता जारी किए जाने पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने देश के प्रधानमंत्री मोदी का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह सहायता 'राज्यों को पूंजीगत निवेश हेतू विशेष सहायता योजना' के अंतर्गत प्रदान की गई है। अखिलेश कपूर ने बताया कि इस राशि में 27.23 करोड़ दूसरी किस्त राज्य की पूंजीगत परियोजनाओं जैसे सड़क जिससे प्रदेश में सड़क, पुल, भवन एवं अन्य आधारभूत परियोजनाओं को गति प्रदान करने के लिए दी गई है तथा 259 करोड़ आपदा प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण के लिए जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के विकास और पुनर्निर्माण के लिए निरंतर सहयोग प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में 14 वें और 15वें वित्त आयोग के दौरान हिमाचल को लगभग 89,254 करोड़ की सहायता प्राप्त हुई है, जो यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार प्रदेश के संतुलित और सतत विकास के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। अखिलेश ने कहा कि मोदी सरकार सच्चे अर्थों में हिमाचल की हितैषी सरकार है और हर संकट की घड़ी में प्रदेश के साथ मजबूती से खड़ी रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हिमाचल के विकास की यह गति भविष्य में भी निरंतर बनी रहेगी

## रघुनाथ अस्पताल में 26 से 28 तक मेगा सर्जिकल कैंप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** रघुनाथ अस्पताल, ढालपुर, कुल्लू द्वारा 26 से 28 फरवरी तक तीन दिवसीय मेगा सर्जिकल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. सुमेध कौल (एमडी प्रसूति एवं स्त्री रोग) द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि इस कैंप का उद्देश्य कुल्लू एवं आसपास के ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों के मरीजों को विशेषज्ञ एवं किफायती सर्जिकल उपचार उपलब्ध कराना है।

कैंप के दौरान सर्जरी, स्त्री रोग एवं हड्डी रोग से संबंधित मरीजों को निःशुल्क परामर्श (पर्ची शुल्क पूर्णतः निःशुल्क) प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अल्ट्रासाउंड जांच पर 50 प्रतिशत की विशेष छूट तथा स्त्री रोग, सामान्य सर्जरी एवं अस्थि रोग से संबंधित चयनित सर्जरी पर 20 फीसद की छूट दी जाएगी। इस मेगा सर्जिकल कैंप में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम सेवाएं देगी, जिनमें शामिल हैं। डॉ. सुमेध कौल एम.डी. प्रसूति एवं स्त्री रोग, मेडिकल डायरेक्टर एवं वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय सहाय - अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. ललिता बंसल-एमएस प्रसूति एवं स्त्री रोग, स्त्री रोग एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. नासिर अली एमएस जनरल सर्जरी, जनरल एवं एडवांस लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. विकास गोस्वामी एमडी एनेस्थीसिया, कंसल्टेंट एनेस्थीसियोलॉजिस्ट (स्पाइन एवं पेन क्लिनिक) डॉ. प्रांशु कुमार एम.डी. रेडियोलॉजी, वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट अस्पताल में आधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, एडवांस लेप्रोस्कोपिक सिस्टम तथा अत्याधुनिक रेडियोलॉजी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे सुरक्षित एवं सटीक उपचार सुनिश्चित किया जाता है।

डॉ. सुमेध ने सभी जरूरतमंद मरीजों से इस विशेष कैंप का लाभ उठाने का आग्रह किया है। सीमित स्लॉट उपलब्ध होने के कारण पूर्व पंजीकरण आवश्यक रहेगा।

## डॉ. सुरेश ने एचआईवी व एड्स के अंतर और बचाव पर दिया मार्गदर्शन

अनंत ज्ञान



प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिकारी व अन्य। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में जिलास्तरीय एचआईवी-एड्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के सभी स्वास्थ्य खंडों से आई सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने की।

प्रशिक्षण के दौरान डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि एचआईवी और एड्स दो अलग-अलग अवस्थाएं हैं। एचआईवी एक वायरस से होने वाला संक्रमण है, जो मुख्यतः चार कारणों—असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त चढ़ाने, संक्रमित सुई या सिरिंज के उपयोग तथा संक्रमित मां से शिशु में संक्रमण—से फैलता है। उन्होंने बताया कि एचआईवी संक्रमण के बाद एड्स की अवस्था तक पहुंचने में लगभग 10 से 12 वर्ष का समय लग सकता है, जिसके बाद इसके लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं।

उन्होंने कहा कि एचआईवी का सबसे प्रभावी उपाय बचाव है। सुरक्षित व्यवहार अपनाकर और जागरूकता बढ़ाकर इस संक्रमण को रोका जा सकता है।

इस अवसर पर जनशिक्षा एवं संप्रेषण अधिकारी निर्मला महंत ने एचआईवी-एड्स तथा एचआईवी और एड्स एक्ट 2017 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अधिनियम एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करता है तथा उनके साथ किसी भी प्रकार के भेदभाव को रोकने का प्रावधान करता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मियों को एचआईवी-एड्स संबंधी अद्यतन जानकारी प्रदान करना तथा समुदाय स्तर पर जागरूकता और रोकथाम के प्रयासों को सुदृढ़ करना रहा।

## अपर वैली घाटी छात्र संगठन ने धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू के महाविद्यालय में उझी घाटी के विद्यार्थियों के अपर वैली छात्र संगठन ने वार्षिक समारोह का आयोजन किया। लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें पारंपरिक पहाड़ी नाटी, नृत्य और फिल्मी कल्चर शामिल थे। दर्शकों ने छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया और उनके उत्साह की सराहना की।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि होटलियर एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर रहे। इस अवसर पर प्रसिद्ध कलाकार ठाकुर दास राठी ने भी मंच संभाला और एक के बाद एक गीत गाकर छात्रों और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। छात्रों और कलाकारों की साझा प्रस्तुति ने कार्यक्रम को न केवल जीवंत और मनोरंजक बनाया, बल्कि स्थानीय संस्कृति और युवा प्रतिभा को भी दर्शकों के सामने उजागर किया। समारोह में सभी उपस्थित लोगों ने इस आयोजन की सराहना की और इसे यादगार अनुभव बताया।

**शिकंजा** आईबैक्स चौक से पुलिस स्टेशन तक कई वाहन खड़े, डीएसपी ने नियमों का पालन करने की चेतावनी दी

## मनाली में अनधिकृत वाहन खड़ा करने वालों की खैर नहीं

अनंत ज्ञान



मनाली में अनाधिकृत रूप से सड़क किनारे खड़े वाहनों के चालान काटते हुए पुलिस कर्मी। अनंत ज्ञान

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली क्षेत्र में वाहन अनधिकृत रूप से खड़े करने वालों की अब खैर नहीं। मनाली पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान की कार्रवाई करने का अभियान शुरू किया है। गत दिन को मनाली जगतसुख के बीच अभियान चलाया जबकि शनिवार को आई बैक्स चौक से पुलिस स्टेशन के बीच अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों के चालान काटे।

पुलिस की माने तो आईबैक्स चौक मनाली से पुलिस थाना की ओर जाने वाली सड़क के एक किनारे कुछ व्यक्तियों द्वारा अपने वाहन लंबे समय से अनधिकृत रूप से खड़े किए जा रहे हैं। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि संबंधित वाहन चालकों को कई बार मौखिक रूप से सूचित किया जा चुका है कि उक्त स्थान पर वाहन पार्क न करें। वाहन खड़े होने से आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है तथा यातायात जाम की स्थिति पैदा होती है। उन्होंने बताया कि बताने के बावजूद नियमों की अवहेलना किए जाने पर ऐसे वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान की कार्रवाई की जा रही है। शर्मा ने कहा कि भविष्य में भी यदि कोई वाहन इस स्थान पर अवैध रूप से खड़ा पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार चालान किया जाएगा।

उन्होंने मीडिया के माध्यम से सभी नागरिकों से निवेदन कि उक्त स्थान पर अपने वाहन पार्क न करें, क्षेत्र को सुव्यवस्थित एवं स्वच्छ बनाए रखें तथा यातायात को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु पुलिस का पूर्ण सहयोग करें। उन्होंने सभी वाहन चालकों से आग्रह किया कि वे अपने वाहनों को केवल प्रशासन द्वारा निर्धारित पार्किंग स्थलों अथवा अपने निजी आवास की पार्किंग में ही खड़ा करें। ऐसे स्थानों पर वाहन पार्क न करें, जहां पार्किंग से यातायात व्यवस्था प्रभावित होती हो अथवा आमजन के आवागमन में बाधा उत्पन्न होती हो। उन्होंने कहा कि मनाली पुलिस सदैव लोगों की सेवा एवं सुरक्षा के लिए तत्पर है।

## विकसित व आत्मनिर्भर भारत में दर्शन की भूमिका पर हुआ मंथन

◆ विश्व दर्शन दिवस पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** महाविद्यालय कुल्लू में विश्व दर्शन दिवस के अवसर पर एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर के दर्शनशास्त्रियों एवं विद्वानों ने भाग लेकर विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में दर्शन की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि दर्शन हमें यह सिखाता है कि किसी भी बात को बिना सोचे-समझे स्वीकार न करें, बल्कि प्रश्न पूछें और सत्य की खोज करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि राष्ट्र निर्माण में तार्किक सोच और नैतिक मूल्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

महाविद्यालय कुल्लू के प्रधानाचार्य राजेश राणा ने अपने संबोधन में कहा कि यह संस्थान का सौभाग्य है कि उसे विश्व दर्शन दिवस के राष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि इस सेमिनार में देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन कुल्लू महाविद्यालय तथा उत्तराखंड के चमनलाल महाविद्यालय द्वारा किया गया। सेमिनार के सफल संचालन की जिम्मेदारी पॉलिटिकल साइंस विभाग ने संभाली। प्रधानाचार्य ने डॉ. खेम और उनकी टीम द्वारा किए गए बेहतर प्रबंधों की सराहना की।

वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम हमें सही और गलत के बीच अंतर समझने में सहायता करते हैं। दर्शन केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन जीने के मार्ग को भी प्रभावित करता है। आज के समय में, जब दुनिया तेजी से बदल रही है, हमें शांत, विचारशील और समझदार बनने की आवश्यकता है। दर्शन हमें समानता और मानवता का पाठ पढ़ाता है।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने पर बल दिया, ताकि समाज में चिंतन और संवाद की परंपरा को और सुदृढ़ किया जा सके।

# खस्ताहाल सुबाथू रोड पर मिट्टी और कूड़े की डंपिंग बनी परेशानी

## जगह-जगह लगे हैं ढेर; विभाग नहीं ले रहा सुध, सड़कों में जमा हो रहा पानी

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** जिला मुख्यालय सोलन को जोड़ने वाली सुबाथू रोड की दुर्दशा इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। सड़क की खस्ताहालत को लेकर भाजपा 23 फरवरी को बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन करने जा रही है। वहीं कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा सरकार के समय सड़क की दशा सुधारने की दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया, जिसका खामियाजा आज क्षेत्र की दर्जनों पंचायत के लोग झेल रहे हैं। सड़क की खस्ताहालत तो है ही विभागीय और प्रशासनिक उपेक्षा के साथ स्थानीय पंचायतों की लापरवाही के कारण सोलन-सुबाथू रोड मिट्टी और कूड़े की डंपिंग साइट बन चुका है। सड़क पर फेंकी गई मिट्टी को लेकर संबंधित विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। वहीं स्थानीय पंचायतों की तरफ से इस दिशा में ध्यान नहीं दिया गया।

अनंत ज्ञान मुद्दा





सुबाथू रोड पर लगे मिट्टी और कूड़े के ढेर। अनंत ज्ञान

### कूड़े के ढेर बने परेशानी

**सुबाथू** रोड के साथ सट्टी पंचायतों में कूड़े के निस्तारण के पुख्ता इंतजाम नहीं होने से लोग सड़क किनारे ही कूड़ा फेंक रहे हैं, जो अब परेशानी का सबब बन चुके हैं। साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। सड़क किनारे निर्माण कार्य से नालियां बंद पड़ी हैं। बता दें कि कुछ समय पहले चौड़ीकरण और मेटलिंग का काम हुआ, लेकिन बंद नालियों से सड़क पर बहते पानी ने सड़क की टारिंग को उखाड़ दिया। दिन-रात बसों, ट्रकों और अन्य वाहनों की आवाजाही के बावजूद रखरखाव न होने से स्थिति और खराब हो गई।

### ग्रामीणों में आक्रोश

**सुबाथू** रोड की खराब स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश पनप रहा है। जर्जर हालत से यात्री हिचकोले खाते हुए गंतव्य तक पहुंचते हैं। सबसे ज्यादा नुकसान सड़क से जुड़े किसानों को हो रहा है। नकदी फसलें जैसे सब्जियां मंडी पहुंचाने में भारी परेशानी झेल रहे हैं। दिन भर धूल का गुबार उठने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। घरों की छतों और दीवारों पर धूल की मोटी परत जम गई है। पीडब्ल्यूडी और सरकार की लापरवाही से लोगों में खासी नाराजगी है।

### डीपीआर तैयार, मंजूरी पर उम्मीद

**कायलर,** बेरटी, कोठी, देवठी समेत दर्जनों पंचायतों की जीवन रेखा इस सड़क के जीर्णोद्वार की दिशा में पिछले एक दशक में कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। बहरहाल मुद्दा उछलते ही पीडब्ल्यूडी विभाग ने सड़क को पक्का करने के लिए 23.5 करोड़ रुपये की डीपीआर तैयार कर नाबार्ड की मंजूरी को भेजा है। उम्मीद है कि सड़क की हालत में सुधार होगा।

---

**सरमौर के कलोह स्कूल में प्रधानाचार्य को सेवा विस्तार दिए जाने का मामला**

# 779 पदोन्नत प्रधानाचार्य प्रतीक्षा में तो सेवा-विस्तार क्यों : सुरेंद्र पुंडीर

अनंत ज्ञान

**नाहन।** प्रदेश विद्यालय प्रवक्ता संघ ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा है कि जब प्रदेशभर में 779 पदोन्नत प्रधानाचार्य नियुक्ति की प्रतीक्षा में बैठे हैं, तब सेवा विस्तार देने का औचित्य क्या है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र पुंडीर ने कहा कि यह व्यवस्था पदोन्नति प्रक्रिया के साथ सीधा अन्याय है। जिला सिरमौर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलोह में प्रधानाचार्य को सेवा विस्तार दिए जाने का मामला सामने आने के बाद संघ ने कड़ी आपत्ति दर्ज की है। संघ का कहना है कि राज्य व राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त प्रधानाचार्यों को ही सेवा विस्तार देने का प्रावधान है, जबकि अपुष्ट जानकारी के अनुसार संबंधित प्रधानाचार्य को ऐसा कोई पुरस्कार

◆ **सेवा विस्तार पदोन्नति प्रक्रिया से अन्याय : प्रदेश विद्यालय प्रवक्ता संघ**

प्राप्त नहीं हुआ है। संघ ने आरोप लगाया कि प्रभाव के आधार पर सेवा विस्तार अवधि को आगे बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। विद्यालय में प्रशासनिक माहौल सामान्य नहीं बताया जा रहा तथा कुछ मामलों में विभागीय जांच भी लंबित है। ऐसे हालात में लोकहित का हवाला देकर सेवा विस्तार देना उचित नहीं ठहराया जा सकता।

इस अवसर पर राज्य विशिष्ट सदस्य नरेंद्र नेगी, जिला अध्यक्ष डॉ. आईडी राही, राज्य संरक्षक रमेश नेगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय शर्मा, महिला विंग सिरमौर अध्यक्ष संध्या चौहान, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, महासचिव दिनेश शर्मा तथा कोषाध्यक्ष लाल सिंह ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी सेवा विस्तार नीति पर पुनर्विचार की मांग की।

# विद्यार्थियों ने दिया नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो का संदेश

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय कराड़ाघटा में नशा मुक्ति एवं चिट्टा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने नशे के दुष्प्रभावों पर पोस्टर मेकिंग गतिविधि में भाग लेकर नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो जैसे संदेश दिए। मुख्य वक्ता काउंसलर एचआईवी काउंसलिंग एंड टेस्टिंग सर्विसेज सिविल अस्पताल अर्की डॉ. विजय कुमार शांडिल ने चिट्टा व अन्य नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों की जानकारी दी और विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य हरिश गुप्ता ने की। आशा कार्यकर्ता कौशल्या देवी एवं हेमलता शर्मा का विशेष सहयोग रहा। अंत में सभी ने नशा मुक्ति की शपथ लेकर समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षक देवेंद्र शर्मा, शीश राम, राजेश शर्मा, मुनिक विश्ट, हिमेश शर्मा, कल्पना ठाकुर एवं रक्षा कुमारी उपस्थित रहे।

---

## न्यूज ब्रीफ

### पंजीकृत कामगारों से 28 फरवरी तक आधार सत्यापन का आग्रह

**अनंत ज्ञान, नाहन।** श्रम कल्याण अधिकारी सिरमौर ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत कामगारों का आधार सत्यापन किया जा रहा है। उन्होंने सिरमौर जिला में पंजीकृत कामगारों से आग्रह किया है कि वह 28 फरवरी, 2026 तक अपना आधार सत्यापन अवश्य करवा लें अन्यथा उन्हें भविष्य में हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य कामगार कल्याण बोर्ड की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रहना पड़ेगा।

### राजकीय महाविद्यालय अर्की में वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन

**अनंत ज्ञान, अर्की।** राजकीय महाविद्यालय अर्की में वार्षिक एथलेटिक मीट 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एडवोकेट भीम सिंह ठाकुर, पीटीए प्रधान ममता शर्मा तथा पूर्व सीएसए प्रेसिडेंट गौरव ठाकुर ने विशेष रूप से अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। एथलेटिक मीट के दौरान छात्र-छात्राओं ने दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। अंत में विजेता खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस सफल आयोजन ने न केवल युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित किया, बल्कि महाविद्यालय परिसर में उत्साह और ऊर्जा का संचार भी किया।

### जिला परिषद के अधिसूचित निर्वाचन क्षेत्रों/वार्डों की अधिसूचना रद्द

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि जिला सिरमौर में जिला परिषद के अधिसूचित निर्वाचन क्षेत्रों/वार्डों की अधिसूचना को रद्द किया है। हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुसार जिला परिषद सिरमौर के निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) का पुनः सीमांकन किया जाना है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को कोई आपत्ति/आक्षेप हो तो वह अधिसूचना जारी होने की तिथि के सात दिनों के भीतर अपनी आपत्ति/आक्षेप उपायुक्त कार्यालय को प्रस्तुत कर सकते हैं। सात दिन की अवधि समाप्त होने के उपरांत कोई भी आपत्ति/आक्षेप स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विकास खंड पांवटा साहिब की ग्राम सभा सेनवाला मुबारिकपुर से नई ग्राम सभा टोकियो तथा विकास खंड शिलाई की ग्राम सभा बालीकोटी से नई ग्राम सभा चामरा मोहराड़ की स्थापना प्रस्तावित की गई है, जिसे परिसिमन प्रक्रिया में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला परिषद सिरमौर के वार्डों के परिसीमन का विवरण जिला सिरमौर के जिला परिषद कार्यालय, पंचायत समिति के कार्यालय तथा प्रत्येक ग्राम पंचायतों में उपलब्ध रहेगी।

### छात्रों ने साझा किया दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का अनुभव

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के सतौन से शिक्षा में उत्कृष्टता को प्रोत्साहन देने हेतु प्रयास फाउंडेशन के बैनर तले चंडीगढ़ के लिए दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर संपन्न हुआ। सभी मेधावी और शिक्षक तथा अन्य जन भ्रमण यात्रा उपरांत घर-विधालय पहुंचकर अपनो से शैक्षणिक भ्रमण का अनुभव साझा कर रहे है। अभिभावकों और शिक्षकों ने प्रयास फाउंडेशन और संयोजक दिनेश सिंह चौहान की तारीफ करते हुए बताया कि सामाजिक सरोकार का इतना बड़ा व लाभप्रद कार्य अपने आप में बेमिसाल व अनुकरणीय है। प्रथम दिवस के शैक्षणिक भ्रमण पर यात्रियों का पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ पहुंचने पर स्वागत व द्वितीय दिवस के शैक्षणिक भ्रमण पर सर्वप्रथम सभी रोज गार्डन गए जहां सभी ने जल्द शुरू हो रहे रोज फेस्टिवल की तैयारी को भी नजदीक से देखा। उसके बाद रॉक गार्डन और सुखना लेक के लिए आगे बड़ा सभी ने चीजों को बड़ी बारीकी से देखा। बहुत सारी चीजों को केवल किताबों में पढ़ने तक सीमित रहने के उपरांत जब धरातल पर देखा तो सभी बेहद खुश दिखे।

---

# सेब मुद्दे पर सीएम कर रहे तथ्य तोड़-मरोड़कर पेश : राकेश डोगरा

अनंत ज्ञान

**नाहन।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश डोगरा ने सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा जम्मू-कश्मीर से सेब के मुद्दे पर की गई तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर हिमाचल प्रदेश के बागवानों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। डोगरा ने स्पष्ट किया कि केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने पहले ही साफ कर चुके हैं कि नई व्यापार व्यवस्था से हिमाचल के सेब उत्पादकों के हितों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। देश में सेब का कुल उत्पादन लगभग 21 लाख टन है, जबकि मांग करीब 26 लाख टन तक पहुंचती है। ऐसे में लगभग 5 लाख टन की कमी को आयात के माध्यम से ही पूरा किया जाता रहा है। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व में आयातित सेब का न्यूनतम मूल्य लगभग 50 रुपए प्रति किलो होता था, जिस पर शुल्क जुड़ने के बाद इसकी कीमत 70-75 रुपए प्रति किलो तक पहुंचती थी। नई व्यवस्था के तहत आयातित सेब 120 रुपए प्रति किलो से अधिक लागत पर बाजार में आएगा, जिससे हिमाचल के बागवानों को प्रतिस्पर्धा में स्पष्ट लाभ मिलेगा।

◆ **बागवानों को किया जा रहा गुमराह : भाजपा प्रदेश प्रवक्ता**

राकेश डोगरा ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वह सेब बागवानों जैसे संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय उनके हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश के बागवानों के हितों की रक्षा के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार के भ्रम या भ्रामक प्रचार को फैलने नहीं देगी।

# वाहन तलाशी के दौरान चोरी का सामान बरामद

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पुलिस थाना राजगढ़ की टीम ने गश्त के दौरान गौड़ा की ओर से आ रही मारुति वैन (एचपी14ए-5747) और पिकअप (एचपी16ए-4506) को जांच के लिए रोका तो वैन से जनरेटर, वेल्डिंग रॉड, वेल्डिंग सेट, नट खोलने की चाबियां, काले रंग की बिजली तार, कटर मशीन और एक्स ब्लेड बरामद किए गए। पिकअप वाहन से भारी वजन के कटे पाइप के टुकड़े और बड़ा गैस कटिंग सिलेंडर भी मिला। चार संदिग्धों से पूछताछ जारी है। वैन में सवार व्यक्तियों की पहचान शाहजहां, मीर मोहम्मद और लियाकत अली निवासी तहसील कालाकोट जिला राजौरी (जम्मू-कश्मीर) के रूप में हुई, जबकि पिकअप चालक भगत निवासी तहसील व जिला सोलन बताया गया। प्राथमिक जांच में सामान चोरी का प्रतीत होने पर पुलिस थाना राजगढ़ में मामला दर्जकर जांच आरंभ कर दी गई है।

# अर्की अस्पताल में नहीं कैंटीन सुविधा, मरीज-तीमारदार परेशान

अनंत ज्ञान



**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** उपमंडल अर्की मुख्यालय पर स्थित अस्पताल में दूर-दूर से आए मरीजों के साथ तीमारदारों को खाना आदि के लिए स्थानीय होटलों में अपनी जेब खाली करनी पड़ रही है। गुरुदयाल सिंह दिगल, संतु अर्की, कांता देवी मन्जयाट,बाबूराम बिलासपुर, गोमती शालाघाट, चंपा बाड़ीधार व कपिल सर्यान्ज का कहना है कि अस्पताल में जैसे निम्न मूल्य पर दवा की दुकान है, उसी तर्ज पर खाद्यान्न पेय पदार्थ की एक दुकान या कैंटीन का होना आवश्यक है। उनका कहना है कि अस्पताल में आने वाला व्यक्ति पहले ही परेशान होता है तथा समय बेसमय उसे मरीज के लिए दूध, गर्म पानी, खिचड़ी व अन्य सामान या स्वयं के लिए भोजन-चाय इत्यादि की आवश्यकता होती है, परंतु परिसर में कैंटीन सुविधा न होने के कारण बाहर जाकर यह सामान मनमाने दामों पर लेना पड़ रहा है। चिकित्सक व अन्य स्टाफ भी बाहर से चाय व भोजन मंगवाते है।

◆ **लोग होटल-ढाबों में महंगा खाना खाने को मजबूर**

उन्होंने स्थानीय विधायक संजय अवस्थी व बीएमओ अर्की से मांग की है कि अस्पताल में रोगी कल्याण समिति के तहत किसी निजी व्यक्ति के द्वारा कैंटीन चलवाएं।

# नशे के खिलाफ नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला सत्र न्यायालस परिसर में हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति और आल इंडिया लॉयर्स यूनियन के द्वारा नशे के खिलाफ नुक्कड़ नाटक का आयोजन डाइट सोलन के छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिला सत्र न्यायधीश शरद कुमार लगवाल की अगुआई में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट 1 और 2 नाटक में शामिल हुए। नशे के बढ़ते प्रकोप के बारे में वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज वर्मा ने कहा कि नशे की बीमारी से सामूहिक प्रयासों से ही लड़ा जा सकता है और नशे से ग्रसित व्यक्तिओं को समाज से बहिष्कृत न करते हुए उनका साथ देने की जरूरत है। साथ ही अभिभावकों की काउंसलिंग भी जरूरी है, ताकि वे नशे से ग्रसित बच्चों को कलंक न समझकर आगे आएं और उनके इलाज में साथ दें। साथ ही पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षण संस्थान आदि सभी नशे के खिलाफ एक सामूहिक अभियान में शामिल हों।

# सिरमौर के निजी स्कूलों की मान्यता नवीनीकरण को मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजीव ठाकुर ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सिरमौर जिला के निजी विद्यालयों की मान्यता के नवीनीकरण तथा वर्ष 2026-31 तक नई मान्यता के आवेदन ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी आवेदन निर्धारित पोर्टल/वेबसाइट पर 15 मार्च तक अनिवार्य रूप से ऑनलाइन प्रस्तुत करने होंगे। किसी भी प्रकार का ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 एवं हिमाचल प्रदेश नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2011 के प्रावधानों के अनुसार आवेदन प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। ऑनलाइन आवेदनों में त्रुटि पाए जाने पर उन्हें संशोधन हेतु ऑनलाइन ही वापस भेजा जाएगा। त्रुटि सुधार के पश्चात आवेदन पुन: ऑनलाइन प्रस्तुत किया जा सकेगा।

# मजबूत सहकारी ढांचे से गांव बनेंगे आत्मनिर्भर : संजय पाचपोर

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** सहकार भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय पाचपोर ने कहा कि सहकारिता देश और प्रदेश के आर्थिक विकास की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ सहकारी ढांचा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाता है और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शिमला विभाग प्रवास के दौरान जिला सिरमौर के श्री रेणुकाजी में आयोजित बैठक में उन्होंने सहकार भारती जिला कार्यकारिणी और विभिन्न सहकारी सभाओं के प्रतिनिधियों को संगठन विस्तार के लिए व्यावहारिक सुझाव दिए। उन्होंने सहकार भारती के कार्य को तहसील स्तर तक पहुंचाने का आह्वान किया, ताकि अधिक से अधिक लोग जुड़ सकें। उन्होंने प्राथमिक कृषि सहकारी सभा कांसर का दौरा कर वहां चल रहे कार्यों की सराहना की।

◆ **सहकार भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री का रेणुकाजी बैठक में संगठन विस्तार के दिए सुझाव**

सहकार भारती हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने प्रदेश में संगठन की स्थिति और सहकारिता को मजबूत करने के प्रयासों की जानकारी दी। जिला शिमला के अध्यक्ष कृष्ण चंद भी उपस्थित रहे। सिरमौर से जिला संगठन प्रमुख कुलदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष अमन गुप्ता, जिला महामंत्री विजय वशिष्ठ, खंड संघ चालक नंद लाल, पपेंदर कुमार (शिलाई), प्रवीण ठाकुर (जमटा), कुलदीप (पांवटा साहिब), जगदीश और दौलत राम सहित कई सहकारी सभाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# समाज के कल्याण में बेटियों की भूमिका अहम : निशांत तोमर

अनंत ज्ञान

**अर्की।** उपमंडलाधिकारी अर्की निशांत तोमर ने कहा कि बालिकाएं समाज के कल्याण और विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। निशांत तोमर अर्की में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत गठित खंड टास्क फोर्स व खंड स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। निशांत तोमर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सामाजिक गतिविधियों एवं विकास में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा उन्हें सशक्त व सक्षम बनाने के लिए प्रभावशाली योजनाएं आरंभ की हैं। उपमंडलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए कैरियर काउंसलिंग एवं समय-समय पर एक्सपोजर भ्रमण आयोजित करने के निर्देश दिए। निशांत तोमर ने पोषण अभियान के तहत गर्भवती एवं धातृ महिलाओं को संतुलित आहार एवं देखभाल के प्रति जागरूक करने तथा बच्चों की नियमित वृद्धि निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को टीकाकरण कार्यक्रम के माध्यम से लगाए जाने वाले टीके का प्रचार-प्रसार व नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्की सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

◆ **बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के तहत खंड स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आयोजित**



बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम। अनंत ज्ञान

---

# लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की में 12वीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह आयोजित

## रैंप वॉक व मिस्टर-मिस फेयरवेल प्रतियोगिता बनी आकर्षण

अनंत ज्ञान

**अर्की।** लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह में आयोजित किया गया। समारोह में लक्ष्य शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष डॉ. पीएल गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। डॉ. पीएल गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थी जीवन अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास से ही सफल होता है। विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण का आधार होता है। समारोह में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने हिमाचली लोकनृत्य नाटी, पंजाबी भंगड़ा, समूह गान व एकांकी नाटक की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह का मुख्य आकर्षण छात्रों द्वारा आयोजित रैंप वॉक रहा। इसके साथ ही मिस्टर और मिस फेयरवेल प्रतियोगिता के विभिन्न राउंड के बाद यक्ष को मिस्टर फेयरवेल व काव्या को मिस फेयरवेल चुना गया। मिस डांसिंग यक्षा, मिस स्टनिंग सिया, ब्यूटी विध ब्रेन धान्या, ग्रेसियस आयुषी, मिस कॉन्फिडेंट सारिका, मिस एलिगेंट रिद्धि, मिस्टर चार्म रोहित, मिस्टर आइकॉन दिव्यांशु, मिस्टर डायनेमिक नीलेश, मिस्टर क्लासी काव्या, मिस्टर कम्पोज शिवम, मिस्टर पोलाइट मनीष, मिस्टर डेसिंग हितेंद्र, मिस्टर जेंटलमेन प्रणव, मिस्टर जीनियस सोमेश, मिस्टर अलाइट साहिल, मिस्टर वर्सटाइल कपीश जैसे विशेष पुरस्कार भी दिए गए।



समारोह में चुने गए मिस और मिस्टर किए गए सम्मानित। अनंत ज्ञान

---

**जानकारी** उपायुक्त ने वार्ड 1 से 17 के परिसीमन की प्रारूप की अधिसूचना की प्रकाशित

# जिला परिषद सोलन के निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) की हदें तय

अनंत ज्ञान

**सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने हि.प्र. पंचायती राज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 9 के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला परिषद सोलन के निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) संख्या 1 से 17 के परिसीमन की प्रारूप प्रस्तावना की अधिसूचना प्रकाशित कर दी है। यह जानकारी डीसी कार्यालय, जिला परिषद व पंचायत समितियों के कार्यालय तथा समस्त ग्राम पंचायतों के कार्यालयों में भी उपलब्ध रहेगी।

**दाड़ला निर्वाचन क्षेत्र** के कुनिहार ब्लॉक की ग्राम सभा बेरल, चाखड, दाड़ला, रौडी, बरायली, दसेरन, क्यारड, ग्याणा, कशलोग, कोटलू, मांगल, बागा, मांगु, नवगांव, पारनु, संघोई, सन्याड़ी मोड व सेवड़ा चण्डी।

**धुन्धन निर्वाचन क्षेत्र** की हनुमान बड़ोग, बखालग, बलेरा, साई, बड़ोग, बसन्तपुर, धुन्धन, कुंहर, जघून, मटेरनी, पट्टा, घनागूघाट, सारमा, सरयांज, शहरोल, सूरजपुर, दांवटी व दानोघाट।

**भूमती निर्वाचन क्षेत्र** की ग्राम सभा सरली, भूमती, सानण, चम्यावल, समोग, डुमैहर, बनोह, मान, पलानियां, चईयां धार, रोहांज जलाना, देवरा, कोटली, पलोग, खनलग, दधोगी, बातल, कुनिहार, कोटी व हाटकोटी।

**वाकना निर्वाचन क्षेत्र** में कंडाघाट ब्लॉक की ग्राम सभा कनैर, जधाणा, ममलीग, सतड़ोल, सायरी, काहला, कोट, वाकना, पौधना, छावशा, देलगी, [ ारग, जाबल जमरोट व हरिपुर तथा विकास खंड सोलन की ग्राम सभा पट्टाबरावरी।

**दंघील निर्वाचन क्षेत्र** में ग्राम सभा सिरीनगर, मही, बीशा, सैंज, तुन्दल, बांजणी, सकोडी, चायल, नगाली, झाजा, हिन्नर, रहेड़, दंघील, बाशा, मशीवर व सेरबनेड़ा तथा विकास खंड सोलन की ग्राम सभा धरोट।

**सलोगड़ा निर्वाचन क्षेत्र** में सोलन विकास खंड की ग्राम सभा बसाल, जौणाजी, कोठों, ओच्छघाट, पड, सलोगड़ा, सन्होल, सेरी, शामती, नौणी मझगांव, शमरोड़, डांगरी, आंजी व सपरून।

**चेवा निर्वाचन क्षेत्र** में सोलन विकास खंड की ग्राम सभा अन्हेच, बड़ोग, सुल्तानपुर, बोहली, चामत भडेच, चेवा, देवठी, रणों, काबाकलां, शडियाणा, तोप की बेड़, कोरों, भारती, जाडली, कक्ड़हट्टी, भोजनगर व नेरीकलां।

**धर्मपुर निर्वाचन क्षेत्र** में ग्राम सभा आंजी मातला, बनासर, मेहलों, चम्मों, धर्मपुर, गुल्हाड़ी, हुडंग, जाबली, कोटी नाम्ब, प्राथा, रौडी, कोटला व नरायणी।

**टकसाल निर्वाचन क्षेत्र** में धर्मपुर विकास खंड की ग्राम सभा चामियां, गनोल, गडखल सनावर, कसौली गडखल, सनवारा, कोट, नाहरी, निचली गांगुडी, जंगेशु, टकसाल, अम्बोटा व कामली।

**दाड़वा निर्वाचन क्षेत्र** में पट्टा विकास खंड की ग्राम सभा कृष्णगढ़, बढलग, बाडि़ा, भावगुडी, बुघार कनैता, चण्डी, दाड़वा, ढकरियाणा, घड़सी, गोयला, जाडला, मन्ढेसर व जगजीत नगर तथा विकास खंड धर्मपुर की कोटबेजा।

**मंधाला निर्वाचन क्षेत्र** पट्टा विकास खंड की ग्राम सभा बरोटीवाला, सूरजपुर, हरिपुर संढोली, गुल्लरवाला, भटोलीकलां, नालका, कालुझिण्डा, मंधाला, पट्टानाली, कैंडोल, साई व सौडी तथा नालागढ़ की थाना।

**खेड़ा निर्वाचन क्षेत्र** में नालागढ़ विकास खंड की ग्राम सभा ढेला, लेही, किशनपुरा, नन्दपुर, मलपुर, मानपुरा, सुनेहड़, लोधीमाजरा व खेड़ा।

**रडियाली निर्वाचन क्षेत्र** में नालागढ़ की ग्राम सभा किरपालपुर, भाटियां, ढांगनिहाली, मंझोली, गागुवाल, प्लासीकलां, रडियाली व राजपुरा।

**दभोटा निर्वाचन क्षेत्र** में नालागढ़ विकास खंड की ग्राम सभा बरूणा, भोगपुर, माजरा, रेड़ु उपरला, गोलजमाला, कशमीरपुर, रिया, दभोटा, रत्योड़, नवगांव व पंजेहरा।

**बारियां निर्वाचन क्षेत्र** में नालागढ़ विकास खंड की ग्राम सभा बारियां, बधोखरी, बेहडी, बायला, चमदार, छियाछी, दिग्गल, मनलोगकलां, चिल्लड, मटूली, बवासनी, रामशहर व मित्तियां।

**नन्ड निर्वाचन क्षेत्र** में नालागढ़ विकास खंड की ग्राम सभा लूनस, नन्ड, भियुखरी, धरमाणा, डोली, कयार कनैता, कोइडी, लग, जयनगर, मलौण, कोहू, पोले दा खाला, रतवाड़ी, सरौर, सौर व चडोग।

**बगलैहड़ निर्वाचन क्षेत्र** में नालागढ़ विकास खंड की ग्राम सभा बेरछा, घोलोंवाल, जगतपुर, जोघों, जुखाडी, करसौली, खिल्लियां, कुण्डलु, बाहा, मस्तानपुर, मलैहणी, घडाच, बघेरी, जगनी व बगलैहड़।

# इंदौर में शर्टलेस प्रदर्शन को लेकर भाजयुमो-कांग्रेस कार्यकर्ता भिड़े

## गांधी भवन के बाहर हुए पथराव में कई घायल, पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल कर खदेड़ा

**एजेंसी, इंदौर**



**राजधानी** दिल्ली में शुक्रवार को यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भारत मंडपम में शर्टलेस प्रदर्शन किया था। इस घटना के बाद अब इंदौर में भाजयुमो और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जबरदस्त झड़प हुई है। दरअसल, दिल्ली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को शर्टलेस प्रदर्शन के विरोध में भाजयुमो के कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय को घेरने पहुंचे थे।

भाजयुमो के कार्यकर्ता नारेबाजी कर रहे थे, तभी कांग्रेस कार्यकर्ता भी सामने आ गए। दोनों के बीच पुलिस ने बेरिकेडिंग लगा रखी थी, लेकिन कुछ देर बाद पत्थरबाजी शुरू हो गई। दोनों तरफ से पत्थर चलने लगे, जिसमें भाजयुमो और कांग्रेस दोनों पार्टी के कार्यकर्ता घायल हुए हैं। वहीं, पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल कर वहां से खदेड़ा। वहीं दोनों तरफ से हुई पत्थरबाजी की घटना में कई कार्यकर्ता घायल बताए जा रहे हैं। दोनों पक्षों के बीज काफी देर तक पथराव हुआ, जिससे प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ता घायल हुए। फिलहाल घायल कार्यकर्ताओं को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। (अनंत ज्ञान)

### बोतल, टमाटर और पत्थर तक चले

**स्थिति** बिगड़ती देख पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच बैरिकेडिंग कर आगे बढ़ने से रोकने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारियों का गुस्सा थमता नहीं दिखा। दोनों ओर से पानी की बोतलें, तेल की थैलियां, पत्थर, यहां तक कि संतरे और टमाटर भी फेंके गए। इसी बीच एक पत्थर सिर पर लगने से कांग्रेस जिलाध्यक्ष विपिन वानखेड़े घायल हो गए।

# इंफाल में उग्रवादी गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक बरामद

**एजेंसी, इंफाल।** सुरक्षाबलों ने इंफाल पश्चिम जिले में अभियान चलाकर प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन केसीपी (पीएससी) के एक कैडर को गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी की पहचान चानंबम हेनबा सिंह उर्फ लांचेनबा (21) के रूप में की गई है। वह इंफाल पश्चिम जिले के इरोइसेंबा मंग हिदेन, लेन नंबर-10 का निवासी है। उसे लांफेल थाने के अंतर्गत तेरा लुक्रम लैराक क्षेत्र से पकड़ा गया। वहीं, मणिपुर के इंफाल पूर्व जिले के पोरमपत थाना क्षेत्र अंतर्गत चिंगखेई चिंग की पहाड़ी तलहटी में शुक्रवार की शाम सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाकर भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की।

पुलिस प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि सुरक्षा बलों को अभियान के दौरान एक .303 राइफल मैगजीन सहित, एक .22 राइफल तथा एक 9 एमएम एसएमजी कार्बाइन मैगजीन सहित मिली। इसके अलावा दो नंबर-36 हैंड ग्रेनेड, एक इम्प्रोवाइज्ड बम तथा एक डब्ल्यूपी नंबर-80 एमके-1 ग्रेनेड भी बरामद किया गया। अभियान में विभिन्न कैलिबर के 57 जिंदा कारतूस भी जब्त किए गए। साथ ही तीन लेथोड शेल, दो एसएलआर के खाली खोखे, चार इंसास मैगजीन, एक एसएलआर मैगजीन, एक पिस्तौल मैगजीन, दो ट्यूब लॉन्चर और दो .303 चार्जर क्लिप भी बरामद की गईं। (अनंत ज्ञान)

# इसराइल का लेबनान में हमला, 12 की मौत



**एजेंसी, बेरूत**

**लेबनान** के पूर्वी बेका घाटी में इसराइल के हमले में 12 लोग मारे गए और 24 व्यक्ति घायल हो गए, इनमें बच्चे भी शामिल हैं। इससे पहले दिन में एक फिलिस्तीनी शरणार्थी शिविर पर इसराइली हमले में दो और लोग मारे गए थे।

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इसराइल ने दावा किया कि उसने बेका घाटी में लेबनानी आतंकवादी समूह हिजबुल्ला के 'कमान केंद्रों' पर हमला किया है। हालांकि, हिजबुल्ला ने इस पर कोई बयान जारी नहीं किया। स्थानीय टेलीविजन में एक घटनास्थल के वीडियो दिखाए गए। वीडियो से प्रतीत होता है कि निशाना बनाया गया स्थल एक इमारत है और आपातकालीन दल आग बुझाते एवं मलबे में जीवित बचे लोगों की तलाश करते दिखाई दिए। इससे पहले शुक्रवार को इसराइल के एक और हमले में बंदरगाह शहर सिडोन में स्थित एक फिलिस्तीनी शरणार्थी शिविर को निशाना बनाया गया था, जिसमें दो लोग मारे गए थे। इजराइली की सेना ने दावा किया कि उसने ऐन अल-हिलवे शिविर में स्थित 'हमास के कमान केंद्र' पर हमला किया है। हमास ने भी स्वीकार किया कि हमले में उसके दो सदस्य मारे गए, लेकिन कमान केंद्र पर हमले के दावे को उसने 'बेबुनियाद' बताया। हमास ने कहा कि जिस इमारत को निशाना बनाया गया वह शिविर में सुरक्षा बनाए रखने वाले विभिन्न फिलिस्तीनी गुटों की थी। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिकी सेना ने पूर्वी प्रशांत महासागर में जहाज पर किया हमला, 3 की मौत

**एजेंसी, वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने पूर्वी प्रशांत महासागर में उस जहाज पर हमला किया, जिसके जरिए मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही थी। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने सोशल मीडिया पर बताया कि जहाज पूर्वी प्रशांत महासागर में मादक पदार्थों की तस्करी में इस्तेमाल होने वाले मार्गों से गुजर रहा था और उसके जरिए मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही थी। अमेरिकी दक्षिणी कमान ने कहा कि हमले में तीन लोग मारे गए। पोस्ट के साथ जुड़े एक वीडियो में जहाज जलक्षेत्र से गुजरता दिखाई दे रहा है और हमले के बाद उसमें आग लग जाती है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई के तहत इस तरह के जहाजों को निशाना बना रहा है अब तक इन हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 148 हो गई है। सितंबर की शुरुआत से कैरेबियाई सागर और पूर्वी प्रशांत महासागर में ऐसे कम से कम 43 हमले किए गए हैं।

## श्रीनगर के पास नदी में वाहन गिरने से सीआरपीएफ के सात जवान घायल

**एजेंसी, श्रीनगर।** श्रीनगर में शनिवार को एक वाहन के अनियंत्रित होकर नदी में गिरने से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सात जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना श्रीनगर के बाहरी इलाके अहमदनगर में दगपोरा-उमरहैर रोड पर हुई। अधिकारियों ने बताया कि चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया जिसके बाद वाहन पलट गया और पास की नदी में गिर गया। घायल सीआरपीएफ जवानों को एसकेआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# पीएम मोदी अमेरिका के सामने फिर समर्पण करेंगे : राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**अमेरिकी** टैरिफ डील पर विपक्ष फिर मोदी सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को पीएम मोदी पर समझौता करने का आरोप लगाया। कहा कि उनका विश्वासघात अब उजागर हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि पीएम इस व्यापार समझौते में फिर से आत्मसमर्पण कर देंगे। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कई देशों के खिलाफ लगाए गए व्यापक शुल्क वृद्धि के आदेशों को रद्द कर दिया। माना जा रहा है कि इससे ट्रंप के आर्थिक एजेंडे को बड़ा झटका लगा है। न्यायाधीशों ने अपने आदेश में कहा कि संविधान बहुत स्पष्ट रूप से अमेरिकी कांग्रेस को कर लगाने की शक्ति देता है, जिसमें टैरिफ भी शामिल है।



राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि प्रधानमंत्री समझौता कर चुके हैं। उनका विश्वासघात अब उजागर हो गया है। वह (व्यापार समझौते पर) दोबारा बातचीत नहीं कर सकते। वह फिर से समर्पण कर देंगे। (अनंत ज्ञान)

### खड़गे का आरोप- सरकार ट्रंप की ट्रैप डील में फंसी, भारत से भारी रियायतें छीन लीं

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार किए बिना मोदी सरकार ने इतनी जल्दबाजी में एक ट्रैप डील में शामिल क्यों हुए, जिसने भारत से भारी रियायतें छीन लीं। बता दें अमेरिका ने 2 फरवरी को भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ घटाकर 18% किया था। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने 20 फरवरी को बताया कि अमेरिका के साथ 'अंतरिम व्यापार समझौता' फरवरी के अंत तक फाइनल हो जाएगा।

# देश की गरिमा और छवि को बिगाड़ना उचित नहीं: मायावती

**एजेंसी, लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने नई दिल्ली में हुए एआई शिखर सम्मेलन में कांग्रेस की यूथ विंग के विरोध प्रदर्शन करने को लेकर कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे अति अशोभनीय व निन्दनीय करार देते हुए कहा है कि इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में इस प्रकार के आचरण से देश की गरिमा एवं छवि को प्रभावित करता है, यह उचित नहीं है। बसपा प्रमुख ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि नई दिल्ली में आयोजित 'एआई इम्पैक्ट समिट', जिसमें देश व विदेश के भी काफी प्रमुख लोग आमंत्रित थे। यह इवेन्ट अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्ख़ियों में था। इस दौरान जिन भी लोगों ने शर्टलेस होकर अपना रोष प्रकट किया है, जिसमें अधिकतर कांग्रेसी युवा बताए जा रहे हैं। वह अति-अशोभनीय व निंदनीय है। अगर यह सम्मेलन अंतरराष्ट्रीय स्तर का नहीं होता तो अलग बात थी, किन्तु समिट के दौरान ऐसा आचरण करना यह चिंता की बात है। अर्थात अपने देश की गरिमा व छवि को ना बिगाड़ा जाऐ तो यह उचित होगा। (अनंत ज्ञान)

# नासा ने माना सुनीता विलियम्स का अंतरिक्ष में फंसना खतरनाक था

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिकी** स्पेस एजेंसी नासा ने माना कि सुनीता विलियम्स का अंतरिक्ष में फंसना खतरनाक था। नासा ने इस मिशन को दुर्घटना की टाइप ए कैटेगरी में रखा गया है। इसी कैटेगरी को दुर्घटना की सबसे गंभीर कैटेगरी माना जाता है। चैलेंजर और कोलंबिया शटल दुर्घटनाओं के लिए भी इसी कैटेगरी का इस्तेमाल किया गया था। कोलंबिया शटल दुर्घटना में ही भारत की अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला का निधन हुआ था। 19 फरवरी 2026 को जारी 311 पेज की रिपोर्ट में नासा के प्रशासक जेरेड इसाकमान ने लिखा- सुनीता विलियम्स के मिशन में गंभीर खामियां थी। उन्होंने कमियों को नजरअंदाज करने के लिए एजेंसी और बोइंग की कड़ी आलोचना की। दरअसल, सुनीता विलियम्स साल 2024 में 8 दिन के मिशन पर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंची थीं, लेकिन तकनीकी कारणों से उनकी वापसी में 9 महीने से ज्यादा समय लग गया था।



नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने 27 साल के बाद रिटायरमेंट लिया है। उनका रिटायरमेंट 27 दिसंबर 2025 से लागू हुआ। हालांकि नासा ने इसकी घोषणा 20 जनवरी को की थी। सुनीता 27 साल पहले 1998 में नासा से जुड़ी थीं। उन्होंने नासा के 3 मिशन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अंतरिक्ष में 608 दिन बिताए। पहली बार वह 9 दिसंबर 2006 में अंतरिक्ष में गई थी।

सुनीता ने अंतरिक्ष में 9 स्पेसवॉक की। इस दौरान उन्होंने 62 घंटे 6 मिनट तक अंतरिक्ष में चहलकदमी की। यह किसी भी महिला अंतरिक्ष यात्री में सबसे ज्यादा है। सुनीता पिछले महीने भारत दौरे पर आई थीं। उन्होंने दिल्ली के अमेरिकन सेंटर में 'आंखें सितारों पर, पैर जमीं पर' सेमिनार में हिस्सा भी लिया था। उन्होंने यह भी कहा कि यह काम सबके फायदे, सहयोग और पारदर्शिता के साथ, लोकतांत्रिक तरीके से किया जाना चाहिए, ताकि किसी एक देश का दबदबा न हो और पूरी मानवता को इसका लाभ मिले। भारत आना घर वापसी जैसा: भारत आना उन्हें घर वापसी जैसा लगता है, क्योंकि उनके पिता गुजरात के मेहसाणा जिले के झूलासन गांव से थे। (अनंत ज्ञान)

# जीवन में सुख-समृद्धि के लिए अन्न भंडारा सार्थक कार्य : अमिताभ रुंगटा



भंडारे के दौरान प्रसाद वितरित करते हुए। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान**

**पंचकूला।** समाजसेवी एवं पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अमिताभ रुंगटा ने कहा कि जीवन में सुख-समृद्धि और लाभ बनाए रखने के लिए अन्नदान अथवा भंडारा आयोजित करना अत्यंत सार्थक कार्य है। उन्होंने कहा कि यदि हमें अन्न भंडारे के महत्व की जानकारी है तो हमें दूसरों को भी इसके लाभ और महत्व के बारे में जागरूक करना चाहिए। अन्न भंडारे का मुख्य उद्देश्य यही होना चाहिए कि धरती पर कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे।

अमिताभ रुंगटा ने ये विचार पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 में आयोजित 204वें भंडारे के अवसर पर व्यक्त किए। इस अवसर पर भंडारा वितरण में सहयोग देने वाले स्वयंसेवक विशेष रूप से उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# एनएचपीसी लिमिटेड राजभाषा पुरस्कारों से नवाजा

## एनएचपीसी के सलाल पावर स्टेशन को राजभाषा कार्यान्वयन में मिला प्रथम पुरस्कार

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** एनएचपीसी लिमिटेड के सलाल पावर स्टेशन को 'ग' क्षेत्र में स्थित उपक्रमों के बीच उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के लिए गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। यह पुरस्कार केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के कर कमलों से उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी तथा अनीश गौराहा, कार्यपालक निदेशक, सलाल पावर स्टेशन ने ग्रहण किया।

इसके साथ ही एनएचपीसी लिमिटेड, निगम मुख्यालय फरीदाबाद की अध्यक्षता में संचालित नराकास (का.) फरीदाबाद को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार स्वरूप शील्ड उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) ने तथा प्रमाणपत्र नवीन कुमार जैन, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) एवं विभागाध्यक्ष राजभाषा, एनएचपीसी लिमिटेड ने बांडी संजय कुमार केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के कर कमलों से ग्रहण किया।

इसके अतिरिक्त, सलाल पावर स्टेशन, ज्योतिपुरम की अध्यक्षता में संचालित नराकास, रियासी को भी द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार संजीव कुमार, उप महाप्रबंधक तथा कुलदीप कुमार शर्मा, उप प्रबंधक (राजभाषा) ने माननीय गृह राज्य मंत्री के कर कमलो से प्राप्त किया।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हाथों सलाल पावर स्टेशन ने प्राप्त किया राष्ट्रीय सम्मान। अनंत ज्ञान

राजभाषा कार्यान्वयन क्षेत्र में दिए जाने वाले ये पुरस्कार 20 फरवरी 2026 को अगरतला, त्रिपुरा में आयोजित पूर्व, पूर्वोत्तर एवं उत्तरी क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन के अवसर पर प्रदान किए गए। इस अवसर पर त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रो.(डॉ.) मणिक साहा, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार, सांसद त्रिपुरा (पश्चिम) लोक सभा, बिपलब कुमार देब, सांसद त्रिपुरा (पूर्व) लोक सभा, कृति देवी देबबर्मन, राज्य सभा सांसद राजीब भट्टाचार्जी और सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय अंशुली आर्या उपस्थित रहे। एनएचपीसी ने जलविद्युत उत्पादन और विकास के साथ-साथ राजभाषा हिंदी के क्षेत्र में भी गुणात्मक प्रगति की है। राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में एनएचपीसी की उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए इसे अन्य अनेक राष्ट्रीय स्तर के राजभाषा पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया है।

# लिवासा अस्पताल मोहाली में हाई रिस्क एयरवे स्टेंटिंग प्रोसीजर सफल

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में लिवासा अस्पताल, मोहाली में एडवांस ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित 38 वर्षीय महिला की हाई रिस्क एयरवे स्टेंटिंग प्रोसीजर सफलतापूर्वक की गई। ट्यूमर फैलने के कारण मरीज के दाएँ और बाएँ मुख्य एयरवे अवरुद्ध थे, जिससे उसे सांस लेने में गंभीर कठिनाई हो रही थी। उसे नॉन-इनवेसिव वेंटिलेटर समर्थन की आवश्यकता थी और उसकी स्थिति क्रिटिकल थी।

इस जटिल मामले का प्रबंधन कंसल्टेंट पल्मोनरी मेडिसिन डॉ. कृतार्थ के नेतृत्व में पल्मोनोलॉजी, क्रिटिकल केयर और एनेस्थीसिया टीम ने किया। प्रक्रिया तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण थी क्योंकि ट्यूमर टिश्यू अत्यंत नाजुक था और इसके संपर्क में आने पर रक्तस्राव का जोखिम था। टीम ने सावधानीपूर्वक एयरवे स्टेंट लगाया, जिससे एयरवे बहाल हुआ और मरीज की ब्रीथिंग स्थिर हुई।

प्रोसीजर के बाद मरीज ने सुधार दिखाया और वेंटिलेटर सपोर्ट के बिना कमरे की हवा में आराम से सांस लेते हुए अस्पताल से छुट्टी पा गई। डॉ. कृतार्थ ने कहा कि ऐसी जटिल परिस्थितियों में सटीकता, अनुभव और टीम वर्क अत्यंत आवश्यक है। लिवासा हॉस्पिटल्स के सीईओ अनुराग यादव ने बताया कि यह सफलता अस्पताल की क्रिटिकल सिचुएशन में भी एडवांस्ड हाई-एंड मेडिकल केयर प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



- 38 वर्षीय महिला मरीज की सांस लेने की गंभीर समस्या का समाधान
- विशेषज्ञ टीम ने तकनीकी चुनौतियों के बावजूद जीवन रक्षक प्रक्रिया पूरी की

# 4 सालों में 1.34 लाख करोड़ निवेश, 40,000 करोड़ एफडीआई से पंजाब बना औद्योगिक हब : बलतेज पन्नू

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के स्टेट मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान नेतृत्व वाली 'आप' सरकार के सबसे अच्छी व्यापारिक नीतियों के कारण पंजाब ने निवेश के मामले में बड़ी छलांग लगाई है। पंजाब और पंजाबियों के लिए यह बहुत गर्व की बात है कि राज्य में 'फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट' (एफडीआई) में लगातार भारी बढ़ोतरी हो रही है।



पन्नू ने कहा कि यह सुरक्षित औद्योगिक माहौल का ही नतीजा है कि पंजाब ने नेशनल रैंकिंग में 14वें स्थान से 11वें स्थान पर आकर बड़ी कामयाबी हासिल की है। दुनिया की जानी-मानी मल्टीनेशनल कंपनियां अब पंजाब को अपनी पहली पसंद बना रही हैं। निवेश के तुलनात्मक आंकड़े सांझा करते हुए पन्नू ने बताया कि मार्च 2022 से अब तक (फरवरी 2026) के समय में पंजाब ने विकास की एक नई इबारत लिखी है। इस दौरान राज्य में सालाना औसतन 40,000 करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। मान सरकार के कार्यकाल में अब तक कुल 1 लाख 34 हजार करोड़ रुपये का निवेश हुआ है।

ये आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं कि पंजाब की आर्थिक स्थिति और औद्योगिक ढांचा अब पिछली सरकारों के मुकाबले काफी ज़्यादा पारदर्शी और मज़बूत हो गया है। पिछली सरकारों की नाकामियों पर निशाना साधते हुए बलतेज पन्नू ने कहा कि कांग्रेस कैप्टन और चन्नी की सरकार के दौरान सालाना निवेश सिर्फ़ 23 हज़ार करोड़ रुपये तक सीमित था और उनके पूरे 5 साल के कार्यकाल में कुल 1 लाख 17 हज़ार करोड़ रुपये का ही निवेश हो पाया था। वहीं, अकाली-भाजपा सरकार के दौरान हालात और भी बुरे थे, जहाँ सालाना निवेश सिर्फ़ 6,600 करोड़ रुपये था और 5 साल में कुल 32,999 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। इससे साफ़ है कि पिछली सरकारों की नीयत साफ़ नहीं थी, जिसकी वजह से पंजाब पिछड़ता चला गया।

स्टेट मीडिया इंचार्ज ने आगे बताया कि आने वाले मार्च में 'इन्वेस्ट पंजाब' कॉन्फ्रेंस होने जा रही है, जिसमें देश-विदेश की सैकड़ों बड़ी कंपनियाँ हिस्सा लेंगी। इस आयोजन से पंजाब में बड़ी मात्रा में नया निवेश आएगा, जिससे न सिर्फ़ सरकारी रेवेन्यू बढ़ेगा बल्कि राज्य के युवाओं के लिए लाखों नए रोज़गार के मौके भी बनेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के संकल्प के अनुसार, सरकार पंजाब को फिर से आर्थिक रूप से समृद्ध और खुशहाल 'रंगला पंजाब' बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**कार्यक्रम** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी का तीन दिवसीय एआई फेस्ट 'कैंपस टैंक' के शानदार ग्रैंड फिनाले के साथ हुआ संपन्न

# टॉप 10 स्टार्टअप्स ने 6 मिलियन डॉलर फंडिंग पूल तक बनाई पहुंच

**अनंत ज्ञान**

**मोहाली** में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में आयोजित तीन दिवसीय 'एआई फेस्ट 2026' का शानदार समापन 'कैंपस टैंक' फिनाले के साथ हुआ। इस फिनाले में टॉप 10 स्टार्टअप्स को चुना गया, जिन्होंने 6 मिलियन डॉलर के फंडिंग पूल तक पहुंच बनाई। कैंपस टैंक भारत का पहला और सबसे बड़ा यूनिवर्सिटी-नेतृत्व वाला स्टार्टअप लॉन्चपैड है, जिसे चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने यूनिकॉर्न इंडिया वेंचर्स, अपना ग्रुप और वेंचर कैटालिस्ट्स के साथ मिलकर शुरू किया।

फेस्ट के दौरान स्टार्टअप्स को एक्सपर्ट मेंटरशिप, स्ट्रक्चर्ड इनक्यूबेशन और स्ट्रेटेजिक हैंडहोल्डिंग मिली, जिससे उन्हें अपने आइडिया को मार्केट-रेडी प्रोडक्ट में बदलने, बिज़नेस मॉडल को मजबूत करने और सस्टेनेबल विस्तार के लिए तैयार किया गया। कैंपस टैंक ने अगस्त 2025 में 21,789 रजिस्ट्रेशन प्राप्त किए, जिनमें से 10,800 यूनिवर्सिटी और कॉलेजों से आए। छह महीने की चयन प्रक्रिया के बाद टॉप 100 स्टार्टअप्स ने अपने प्रोडक्ट प्रदर्शित किए और टॉप 10 को फंडिंग की मंजूरी मिली।




चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में 'एआई फेस्ट' के दौरान 'एआई एथिक्स प्रोग्राम' की शुरुआत करते हुए बॉलीवुड निर्माता और उद्यमी रोनी स्क्रूवाला। अनंत ज्ञान

फिनाले के मौके पर राज्यसभा सांसद और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू ने कहा कि कैंपस टैंक युवा इनोवेटर्स को स्टार्टअप इंडिया मिशन के अनुरूप सशक्त बनाता है। उन्होंने बताया कि भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और इसमें टियर-2 और टियर-3 शहरों के युवा भी शामिल हो रहे हैं।

ब्लूमशीन्स.एआई और अपना ग्रुप के सीईओ निर्मित पारिख ने बताया कि सफल स्टार्टअप बनाने के लिए सबसे पहले एक विनिंग प्रोडक्ट तैयार करना जरूरी है, जिससे मार्केट में प्रभावी ग्राहक नेटवर्क बन सके। टेकबर्नर के फाउंडर श्लोक श्रीवास्तव ने भी कहा कि शुरुआती यात्रा में आलोचना सामान्य है, और उत्पाद पर ध्यान देना ही सफलता की कुंजी है।

इस अवसर पर चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने भारत का पहला एआई एथिक्स ट्रेनिंग प्रोग्राम भी लॉन्च किया, ताकि जिम्मेदार और समावेशी एआई अपनाने को बढ़ावा मिले। छात्रों ने मल्टी-एजेंट प्रोजेक्ट्स, ड्रोन और रोवर प्रदर्शनों के माध्यम से अपनी इनोवेटिव परियोजनाओं का प्रदर्शन किया। फेस्ट ने न केवल छात्रों के टैलेंट को प्रदर्शित किया, बल्कि उद्यमिता, नवाचार और क्रिएटिव सोच को भी प्रोत्साहित किया।

हैकाथॉन के टॉप विजेताओं को कुल 6 लाख रुपये सीड फंडिंग दी गई। मेडटेक, हेल्थ-टेक, ओपन इनोवेशन, ब्लॉकचेन, एडटेक, रोबोटिक्स और स्मार्ट सिटी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के विजेताओं को सम्मानित किया गया। फेस्ट ने छात्रों और युवा उद्यमियों के लिए प्रेरणा और सीखने का एक महत्वपूर्ण मंच उपलब्ध कराया।

